हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● मंगलवार ● 10.02.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 196 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये




# परीक्षा पर चर्चा में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- अनुशासन के बिना प्रेरणा बोझ बन जाती है

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को देशभर के छात्रों से संवाद करते हुए पढ़ाई, जीवन और भविष्य की सफलता से जुड़ा सबसे महत्वपूर्ण और प्रासंगिक मंत्र दिया- अनुशासन के बिना प्रेरणा अधूरी है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि केवल मोटिवेशन से लक्ष्य हासिल नहीं होते, बल्कि निरंतर अभ्यास, नियमित दिनचर्या और आत्म-अनुशासन ही किसी भी सपने को साकार करते हैं।

प्रधानमंत्री ने 'परीक्षा पे चर्चा' के नौवें संस्करण के दूसरे एवं अंतिम एपिसोड में कोयंबटूर (तमिलनाडु), रायपुर (छत्तीसगढ़), गुजरात और गुवाहाटी (असम) के छात्रों से संवाद किया। इस दौरान प्रधानमंत्री और छात्रों के बीच हुए संवाद में स्टार्टअप, विकसित भारत 2047, परीक्षा के तनाव, यात्रा, खेल, पढ़ाई और नेतृत्व जैसे विषयों पर अहम सवाल उठे। प्रधानमंत्री ने सरल उदाहरणों और व्यावहारिक सुझावों के जरिए छात्रों को न केवल परीक्षा, बल्कि जीवन के लिए भी दिशा दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज के समय में छात्र तनाव, तुलना और असफलता के भय से घिरे रहते हैं, लेकिन यदि वे स्वयं पर विश्वास रखते हुए अनुशासित जीवन अपनाएं, तो हर चुनौती अवसर में बदल सकती है। उन्होंने छात्रों को समझाया कि परीक्षा कोई बोझ नहीं, बल्कि स्वयं को परखने और बेहतर बनने का अवसर है। इसी सोच के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' का उद्देश्य डर हटाकर आत्मविश्वास जगाना है।



प्रेरणा बनाम अनुशासन पर छात्रों के सवाल का उत्तर देते हुए प्रधानमंत्री ने एक उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि यदि कोई किसान अपने पड़ोसी की अच्छी फसल देखकर प्रेरित तो हो जाए, लेकिन समय पर खेत की तैयारी न करे, तो बारिश आने के बाद भी उसे अच्छा परिणाम नहीं मिलेगा। इसी तरह, प्रेरणा तभी काम आती है जब उसके साथ अनुशासन जुड़ा हो। उन्होंने कहा कि अनुशासन आधार है और प्रेरणा उसे सजाने का काम करती है। मोदी ने कहा, 'जीवन में डिसिप्लिन बहुत अनिवार्य है, इंस्पिरेशन में सोने में सुहागा का काम करता है। अगर डिसिप्लिन नहीं है, कितना ही इंस्पिरेशन क्यों ना हो, वो फिर बोझ बन जाता है, निराशा पैदा करता है।'

रिवीजन और परीक्षा तनाव पर प्रधानमंत्री ने छात्रों को सलाह दी कि वे पढ़ाई को आखिरी समय पर टालने की बजाय प्रतिदिन थोड़ा-थोड़ा अभ्यास करें। लिखने की आदत, प्रश्न हल करने का अभ्यास और समय का सही प्रबंधन तनाव को स्वतः कम कर देता है। साथ ही छात्रों को अपनी तैयारी पर भरोसा रखना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि जो छात्र पढ़ाई में कमजोर हों, उन्हें पढ़ाने से अपनी समझ और मजबूत होती है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि छात्रों को दूसरों से तुलना करने के बजाय स्वयं से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर दिन खुद से सवाल करें—क्या आज मैं कल से बेहतर बना? यही सोच निरंतर प्रगति का रास्ता खोलती है।

आत्मविश्वास पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि 'आत्मा' और 'विश्वास' से ही सच्ची शक्ति पैदा होती है। जो खुद पर भरोसा करता है, वह असफलता से डरता नहीं, बल्कि उससे सीखता है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद और सचिन तेंदुलकर के उदाहरण देकर बताया कि महान लोग भी असफल होते हैं, लेकिन आत्मविश्वास नहीं खोते।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और तकनीक के बढ़ते प्रभाव पर प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि तकनीक इंसान की सहायक है, मालिक नहीं। उन्होंने छात्रों को चेताया कि सीखने की जगह तकनीक पर निर्भर होना खतरनाक हो सकता है। एआई का उपयोग समझ बढ़ाने और क्षमताएं निखारने के लिए होना चाहिए, न कि मेहनत से बचने के लिए।

## एक नजर

### लैंड फॉर जॉब केस : तेजस्वी यादव राउज एवेन्यू कोर्ट में हुए पेश

**नयी दिल्ली :** राजद नेता तेजस्वी यादव सीबीआई द्वारा जांच किए जा रहे कथित जमीन के बदले नौकरी स्कैम केस के सिलसिले में राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। सुनवाई के दौरान, यादव ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया और कहा कि वह केस लड़ेंगे और कोर्ट में आरोपों का सामना करेंगे। तेजस्वी यादव के पिता लालू यादव द्वारा रेल मंत्री रहने के दौरान 2004 से 2009 की बीच रेलवे में नौकरी देने के बदले लोगों की जमीन लेने का आरोप लगा है। इसी मामले में तेजस्वी यादव भी आरोपी बनाए गए हैं। तेजस्वी ने कहा कि उन्हें न्यायालय पर भरोसा है। वे रूटीन पेशी को लेकर यहां आये थे। अदालत में चल रहे मामले में उन्होंने अपने वकील के माध्यम से अपना पक्ष मजबूती से पेश किया है। साथ ही कोर्ट पर पूरा भरोसा है कि उन्हें न्याय मिलेगा। लैंड फॉर जॉब मामला केंद्र की राजनीति और बिहार की सियासत से जुड़ा एक चर्चित मामला है। यह प्रकरण उस समय का है जब लालू प्रसाद यादव 2004 से 2009 के बीच केंद्र सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि इस दौरान रेलवे में ग्रुप-डी की नौकरियों के बदले उम्मीदवारों या उनके परिजनों से जमीन ली गई।

### भारत ने सेशेल्स के लिए 175 मिलियन डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की

# भारत-सेशेल्स के रिश्ते नए चरण में, हिंद महासागर के साझा भविष्य को देंगे आकार : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और सेशेल्स के संबंध केवल राजनयिक संपर्क तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह रिश्ता सदियों पुराना, गहरा और विश्वास पर आधारित है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत और सेशेल्स सिर्फ भूगोल से ही नहीं, बल्कि इतिहास, भरोसे और भविष्य के लिए एक साझा विजन से भी जुड़े हुए हैं।






प्रधानमंत्री मोदी ने सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक अर्मिनी के साथ यहां हैदराबाद हाउस में संयुक्त पत्रकार वार्ता में कहा कि भारत और सेशेल्स का नाता केवल आज का नहीं है, बल्कि यह अतीत, वर्तमान और भविष्य को जोड़ने वाला संबंध है। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर की लहरें सदियों से दोनों देशों के लोगों को जोड़ती आई हैं। इन तटों पर व्यापार फला-फूला, संस्कृतियों का मेल हुआ और आपसी विश्वास की परंपराएं मजबूत होती गईं। एक समुद्री पड़ोसी और भरोसेमंद साझेदार के रूप में सेशेल्स भारत के महासागर विजन का अभिन्न हिस्सा है और दोनों देशों का सहयोग जल, थल और नभ तक फैला हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की चचाओं में भारत-सेशेल्स साझेदारी को और अधिक सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। दोनों देश अपने आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के लिए नए अवसरों की तलाश जारी रखने पर सहमत हुए हैं। स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने के साथ-साथ वित्तीय प्रौद्योगिकी और डिजिटल समाधान के क्षेत्र में भी सहयोग को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

मोदी ने कहा कि विकास साझेदारी भारत-सेशेल्स संबंधों की मजबूत नींव रही है और भारत के सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए भारत ने सेशेल्स के लिए 175 मिलियन डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की है। यह पैकेज सामाजिक आवास, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य, रक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में ठोस परियोजनाओं को समर्थन देगा। इन पहलों से सेशेल्स के लोगों, विशेषकर युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के नए अवसर सृजित होंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सेशेल्स की क्षमता निर्माण में भारत के भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि सेशेल्स के सिविल सेवकों के प्रशिक्षण के लिए भारत में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में करीबी सहयोग से दोनों देशों की साझेदारी को भविष्य उन्मुख दिशा दी जा रही है और डिजिटल परिवर्तन पर हुए समझौते के तहत भारत अपने सफल अनुभव सेशेल्स के साथ साझा करेगा।

प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत को सेशेल्स का एक स्थिर और भरोसेमंद साझेदार बताते हुए कहा कि किफायती और गुणवत्तापूर्ण दवाओं की आपूर्ति, चिकित्सा पर्यटन और स्वास्थ्य अवसंरचना के विकास में दोनों देश मिलकर आगे बढ़ेंगे। ऊर्जा और जलवायु के क्षेत्र में सहयोग को सतत विकास की साझा प्रतिबद्धता से प्रेरित बताते हुए उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा, जलवायु-अनुकूल और लचीले समाधानों पर सहयोग को और विस्तार दिया जाएगा।

मोदी ने कहा कि समुद्री पड़ोसी होने के नाते ब्लू इकोनॉमी भारत और सेशेल्स के लिए स्वाभाविक सहयोग का क्षेत्र है। समुद्री अनुसंधान, क्षमता निर्माण और डेटा साझा करने जैसे क्षेत्रों में भारत अपनी विशेषज्ञता सेशेल्स के साथ साझा करेगा। उन्होंने कहा कि रक्षा सहयोग और समुद्री सुरक्षा दोनों देशों की साझेदारी के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन में सेशेल्स को पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल किए जाने का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और स्थिरता के प्रयासों को मजबूती मिलेगी।

## एससी पहुंचा हिमंता का शूटिंग वीडियो विवाद, पूर्व एलजी समेत 12 लोगों ने दाखिल की याचिका



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** एक समूह ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और अन्य संवैधानिक पदाधिकारियों द्वारा दिए जा रहे भाषणों को संविधान के अनुरूप नहीं और अपमानजनक बताया गया है। याचिकाकताओं ने इस मामले में अनुच्छेद 32 के तहत कोर्ट से दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है। याचिका में उल्लेख किया गया है कि सीएम सरमा ने हाल ही में 'मिया मुसलमान' समुदाय के खिलाफ टिप्पणियां कीं। इसके अलावा, उन्होंने कुछ समुदाय के नागरिकों को सब्जियों की कीमत बढ़ाने, लव जिहाद और फ्लड जिहाद जैसी घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया और यहां तक कहा कि चुनावी मतदाता सूची से 4-5 लाख लोगों को हटाना चाहते हैं। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि केवल असम ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों के उच्च पदाधिकारियों द्वारा दिए गए भाषण भी संवैधानिक नैतिकता के खिलाफ हैं। उदाहरण के तौर पर, उत्तराखंड सीएम लैंड जिहाद और लव जिहाद की बातें करते हैं, जबकि उत्तर प्रदेश सीएम उर्दू भाषा समर्थकों के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हैं।

केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मुसलमानों को घुसपैठियों और विदेशी समर्थकों के रूप में प्रस्तुत करते हैं। याचिकाकताओं का कहना है कि भले ही ये भाषण सीधे तौर पर हेट स्पीच कानून के दायरे में न आते हों, लेकिन इनका संवैधानिक नैतिकता को कमजोर करने वाला है। उन्होंने कोर्ट से अनुरोध किया है कि उच्च संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के सार्वजनिक भाषणों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाए जाएं। याचिकाकर्ताओं ने जोर देकर कहा सार्वजनिक पदधारक साधारण वक्ता नहीं होते। उनके शब्द राज्य का प्रभाव रखते हैं, प्रशासनिक कार्रवाई को प्रभावित करते हैं और संवेदनशील समुदायों पर हानिकारक असर डाल सकते हैं। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के नवतेज सिंह जोहर बनाम भारत संघ (2018), जोसेफ शाइन बनाम भारत संघ (2019) और गवर्नमेंट ऑफ एनसीटी ऑफ दिल्ली बनाम भारत संघ (2018) के फैसलों का हवाला दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि संवैधानिक नैतिकता लोकप्रिय भावना पर हावी होनी चाहिए।

# लोकसभा में राहुल गांधी को बोलने देने की मांग पर अड़ा विपक्ष, कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** संसद के बजट सत्र के 9वें दिन सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सदन में बोलने देने की मांग को लेकर कई बार बाधित होने के बाद अंत में अगले दिन पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी दलों ने आठ सदस्यों के निलंबन और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने का अवसर न दिए जाने के मुद्दे पर सदन में हंगामा किया। इस दौरान वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण सदन में मौजूद रहीं।



लोकसभा की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होने के बाद विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण पहले 12 बजे तक और फिर 02 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। दोपहर 2 बजे फिर से कार्यवाही शुरू होने पर पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने कांग्रेस सदस्य शशि थरूर को बजट पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया लेकिन थरूर ने पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने देने की अपील की और अपनी सीट पर बैठ गए।

इस पर राहुल गांधी ने कहा कि वह एक घंटे पहले लोकसभा अध्यक्ष से मिले थे और उन्हें व्यक्तिगत रूप से बोलने का आश्वासन दिया गया था।

बजट पर चर्चा से पहले कुछ मुद्दे उठाने की अनुमति मांगी थी, इसलिए अब स्पष्ट किया जाए कि उन्हें बोलने दिया जाएगा या नहीं। इस पर पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने कहा कि उनके पास राहुल गांधी का कोई नोटिस नहीं आया है और उन्हें यह भी मालूम नहीं कि उनका विषय क्या है। जब नोटिस आएगा तब चर्चा होगी, फिलहाल बजट पर चर्चा होनी चाहिए। इस पर विपक्षी सदस्य लगातार हंगामा करते रहे।

### संसद में गतिरोध के बीच ओम बिड़ला से मिले राहुल गांधी

**नयी दिल्ली :** संसद में जारी गतिरोध के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से संसद भवन परिसर में सोमवार को मुलाकात के बाद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उम्मीद जतायी कि विपक्षी सदस्यों को मंगलवार को अपनी बात रखने की अनुमति दी जाएगी। राहुल ने कहा कि विपक्ष चर्चा चाहता है और अब देखना है कि सरकार क्या रुख अपनाती है। बिरला से राहुल की यह मुलाकात उस समय हुई जब लोकसभा में बजट पर चर्चा से पहले उनको अन्य विषय पर आसन से बोलने की अनुमति नहीं मिलने के बीच कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। राहुल ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा, "पूर्व थल सेनाध्यक्ष एमएम नरवणे की किताब का मुद्दा उठने के बाद सरकार ने उन्हें बोलने से रोका।

# सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर की डेडलाइन एक सप्ताह बढ़ाई, बंगाल सरकार से मांगा जवाब

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** पश्चिम बंगाल में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग मतदाता सूची का एसआईआर करा रहा है। मतदाता सूची से जुड़ा यह विवाद सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। कोर्ट ने आज इस मामले में अहम दिशा-निर्देश दिए। चीफ जस्टिस ने एसआईआर की समयसीमा बढ़ाने का भी निर्देश दिया। सीजेआई सूर्यकांत की पीठ ने कहा कि मतदाता सूची के एसआईआर की डेडलाइन एक सप्ताह और बढ़ाई जा रही है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा, निर्वाचन आयोग को पश्चिम बंगाल एसआईआर प्रक्रिया के बाद फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने के लिए और समय दिया जा रहा है। एसआईआर की डेडलाइन 14 फरवरी से एक हफ्ते आगे बढ़ाई जा रही है। माइक्रो ऑब्जर्वर या राज्य सरकार के अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी केवल ईआरओ की सहायता करना होगी, क्योंकि अंतिम निर्णय ईआरओ का ही होगा। चूंकि सरकारी अधिकारियों का एक नया समूह शामिल किया गया है, इसलिए प्रभावित व्यक्तियों द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों की जांच प्रक्रिया में अधिक समय लगने की संभावना है। इसलिए ईआरओ को जांच पूरी करने और निर्णय लेने के लिए 14 फरवरी के बाद एक सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया जाए। पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को आसान बनाने और चिंताओं के समाधान के लिए कोर्ट अंतरिम निर्देश जारी कर रही है।



## एक नजर

### मुखिया ने लम्बे समय से टूटी पुलिया का निर्माण करवाया



**बड़कागांव** : बड़कागांव मध्य पंचायत अंतर्गत राणा मोहल्ला बजरंगबली मंदिर के समीप लंबे समय से टूटी पुलिया के कारण लोगों को आवागमन एवं बड़कागांव के पर्व - त्योहार की जुलूस लाने और ले जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। जिसे देखते हुए मुखिया मो तकरीमुल्लाह ने पुलिया का निर्माण करवाया। ग्रामीणों ने खुद खड़ा होकर पुलिया निर्माण कार्य को पूरा करवाया। मौके पर उपस्थित लोगों ने मुखिया के इस कार्य की सराहना की।

### दिनदहाड़े लूट कांड व गोलीबारी मामले की विरोध में व्यावसायिक संघ ने किया एक दिवसीय बंद



**बड़कागांव** : 7 फरवरी को बड़कागांव डेली मार्केट के समीप नंदनी ज्वेलर्स दुकान के पास प्रोपराइटर प्रभु सोनी के हाथों से दिनदहाड़े 22 लाख रुपए की जेवरात की लूट व गोलीबारी मामले को लेकर श्मशान घाट सेवा समिति के आह्वान पर बड़कागांव के व्यवसायिक संघ ने इस घटना का विरोध करते हुए बड़कागांव को एक दिन का स्वैच्छिक बंद रखा। वहीं बड़कागांव व्यावसायिक संघ ने घटना की निंदा करते हुए अपनी सुरक्षा पर गहन विचार विमर्श के लिए बैठक की। व्यवसायिक संघ के द्वारा बड़कागांव पुलिस प्रशासन को लिखित आवेदन देकर निम्नलिखित मांग किया गया है जिनमें - 7 फरवरी को लूट कांड व गोलीबारी का उद्भेदन हो, नहीं तो व्यावसायिक वर्ग बाध्य होकर बड़कागांव में धरना प्रदर्शन करेंगे, लूट कांड व गोलीबारी में सम्मिलित अपराधियों का अविलंब गिरफ्तारी हो, बड़कागांव के चौक - चौराहा में सीसीटीवी कैमरे लगाया जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार के होने वाले अपराधों को शीघ्र पहचान किया जा सके, बड़कागांव में नो एंट्री का पालन हो ताकि आम लोग, विद्यार्थी एवं एंबुलेंस आसानी से आवागमन करे और भारी वाहनों से होने वाली आकस्मिक मौत की सिलसिला को रोका जा सके।

### सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस क्विज का हुआ आयोजन




**चौपारण** : सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल परिसर में जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में गांधी, टैगोर, सुभाष एवं जेपी हाउस के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी बौद्धिक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच जेपी हाउस के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 136 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और विजेता कप पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों में गजब का उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक भावना देखने को मिली। विद्यालय की प्राचार्या रीना पाण्डेय ने विजेता टीम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास एवं तार्किक क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाएं अमृता मैसी, लता कुमारी, प्रमिला कुमारी, फरहद जहान तथा शिक्षक प्रशांत कुमार मिश्रा, अजित कुमार पांडे, शंकर सिंह, आशीष कुमार पांडे, अमित कुमार और आशुतोष कुमार का सराहनीय योगदान रहा। समापन अवसर पर प्राचार्या द्वारा सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# विभावि के शिक्षकों ने गोवा में "QS इंडिया समिट" में लिया भाग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग ने विश्वविद्यालयों की अखिल भारतीय तथा वैश्विक रैंकिंग में बेहतर स्थान प्राप्त करने की योजना पर काम प्रारंभ कर दिया है। रैंकिंग की बारीकियां को विस्तार से समझने के लिए विश्वविद्यालय की ओर से दो शिक्षकों को गोवा के पांच सितारा 'ताज सीडाडे डी गोवा' होटल में 1 से 4 फरवरी को आयोजित बहुप्रतिष्ठित "दर इंडिया समिट" में भाग लेने के लिए भेजा गया। यह वही संस्था है जो प्रत्येक वर्ष प्रकाशित 'दर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग' की विश्वसनीय समीक्षा करता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा की पहल पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय को इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में पहली बार भाग लेने का निमंत्रण प्राप्त हुआ। कुलपति ने वनस्पति विभाग के अध्यक्ष डॉ अविनाश कुमार तथा आइक्यूएसी के समन्वयक डॉ गंगानंद सिंह को इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का दायित्व दिया। ज्ञात हो कि दोनों ही शिक्षक नैक की मूल्यांकन प्रक्रिया की अच्छी समझ रखते हैं। सम्मेलन की जानकारी देते हुए डॉ अविनाश एवं डॉ गंगानन्द ने सोमवार को बताया कि यह सम्मेलन उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सुधार और वैश्विक रैंकिंग पर केंद्रित था। सम्मेलन का महत्व 'दर इंडिया समिट' भारत के शैक्षणिक संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करता है। सम्मेलन में विश्वविद्यालय रैंकिंग मानदंडों, अनुसंधान नवाचार और छात्र केंद्रित दृष्टिकोण पर गहन विमर्श किए गए। इस वर्ष गोवा में हुई इस समिट में देश और विदेश के सैकड़ों शिक्षाविद् शामिल हुए। शिक्षक द्वय ने आगे बताया कि दोनों ने विभावि की उपलब्धियां को प्रभावी तरीके से अंतरराष्ट्रीय डेलिगेट्स के समक्ष रखा। दोनों शिक्षकों ने समिट के विभिन्न सत्रों में पैनल चचाओं और वर्कशॉप में बढ़ चढ़कर भाग लिया। उन्होंने विश्वविद्यालय की शोध उपलब्धियों और NEP 2020 के अनुरूप सुधारों पर भी प्रकाश डाला। उनकी भागीदारी से विश्वविद्यालय को दर रैंकिंग में बेहतर प्रदर्शन की दिशा में प्रेरणा मिली। इस सम्मेलन में भागीदारी से विभावि को पहले झारखंड के शीर्ष संस्थानों की सूची में तथा बाद में अखिल भारतीय स्तर पर स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगा। सम्मेलन से लौटने के बाद सबसे पहले दोनों ने विश्वविद्यालय के कुलपति से सम्मेलन के अनुभवों को साझा किया। बताया कि कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा की दूरदर्शिता का परिणाम है कि विभावि लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी उपस्थिति मजबूत कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि कुलपति ने इस सम्मेलन से प्राप्त अनुभवों से काफी उत्साहित है। वह इन्हीं अनुभवों के आधार पर केवल रैंकिंग के लिए नहीं बल्कि छात्रों को वैश्विक स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराना चाहते हैं।




# नगर निगम चुनाव को लेकर हुई बैठक, संगठन मजबूती पर चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग नगर निगम चुनाव को लेकर आज हजारीबाग में विधायक प्रदीप प्रसाद जी के विधायक जन सेवा कार्यालय में बरही विधायक सह हजारीबाग नगर निगम चुनाव प्रभारी मनोज यादव की अध्यक्षता में संचालन समिति की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक का किया गया। बैठक के दौरान नगर निगम चुनाव की अब तक की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। विशेष रूप से संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सशक्त बनाने, वार्ड एवं बूथ स्तर तक प्रभावी समन्वय स्थापित करने, घर-घर जनसंपर्क अभियान को गति देने, मतदाता सूची के सत्यापन, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों के स्पष्ट निर्धारण तथा चुनावी प्रबंधन को लेकर गहन चर्चा की गई। बैठक में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि भाजपा के विकास कार्यों, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और संगठन की नीतियों को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुँचाया जाए। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से आह्वान किया गया कि वे आपसी समन्वय, अनुशासन और संगठनात्मक एकता के साथ पूरी निष्ठा एवं समर्पण भाव से चुनावी अभियान में जुटें। साथ ही यह भी कहा गया कि जनता के बीच निरंतर संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए और उनके समाधान का भरोसा दिलाया जाए, ताकि हजारीबाग नगर निगम को विकास, पारदर्शिता और सुशासन का आदर्श मॉडल बनाया जा सके। बैठक में चुनाव संचालन समिति के संयोजक अशोक यादव, सह-संयोजक दिनेश सिंह राठौर, हरिश श्रीवास्तव, सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# पेलावल विकास मंच का 18वां रक्तदान शिविर संपन्न, 23 यूनिट रक्त संग्रह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : पेलावल दक्षिणी पंचायत भवन में रविवार को पेलावल विकास मंच का 18 वां रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 4:30 बजे तक कुल 23 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर इंसानियत का सबूत पेश किए। शिविर का शुभारंभ रक्तवीर मो. सादाब अंसारी, पेलावल दक्षिणी के द्वारा किया गया । जिनका 24 वां रक्तदान हुआ एवं समापन ग्राम खुटरा के युवा रक्तदाता रेहान अंसारी ने रक्तदान कर किया। इस शिविर में ग्राम सुलताना के दो रक्तदाता मो.माशूक एवं तामीर अंसारी,ग्राम रोला के समाजसेवी रक्तदाता प्रशांत कुमार वर्मा, मटवारी के समाजसेवी रक्तदाता देवाशीष मोजुमदार, खुटरा के युवा रक्तदाता मो.अबू फैज एवं रेयान अहमद ने रक्तदान कर अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा के श्रोत बने। ज्ञात हो कि इस बार पेलावल दोनों पंचायतों के प्रतिनिधियों में से मो. अयुब उर्फ बबलू उप मुखिया, मो. खालिद अंसारी वार्ड सदस्य, शकीला खातून वार्ड सदस्या, माजदा खातून वार्ड सदस्या, मंजू देवी वार्ड सदस्या, तबस्सुम आरा वार्ड सदस्या, मुंद्रिका देवी वार्ड सदस्या एवं मो. मंजर आलम वार्ड सदस्य शिविर में हौसला अफजाई हेतु शामिल हुए । जिनमें से उप मुखिया सह नियमित रक्तदाता मो.अयुब, मो.खालिद अंसारी एवं मो.मंजर आलम ने रक्तदान कर प्रेरणा के श्रोत बने। प्रथम बार रक्तदान करने वाले पेलावल के दो युवा मो.शोएब एवं कैश अहमद नया अनुभव प्राप्त किए। शेष रक्तदाताओं में पेलावल के अमित विश्वकर्मा,मो. परवेज आलम उर्फ मिस्टर, राजन कुमार, मो.इब्राहिम,मो. शहादत हुसैन, मो. आरफीन आलम, सिद्धार्थ कुमार राणा,महेंद्र राम उर्फ कैलाश, मो.इमरान उर्फ मिस्टर एवं इंजमामुल हक भारती ने भी रक्तदान कर इंसानियत का परिचय दिए। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र सौंप कर सम्मानित किया गया। शिविर में एसबीएमसीएच ब्लड बैंक के डॉ. चंदन कुमार,नाजिया परवीन जीएनएम, मुरली प्रजापति लैब टेक्नीशियन, उदय कुमार सिंह काउंसलर, धीरेंद्र जी हॉस्पिटल ड्राइवर,बबिता कुमारी लैब अटेंडेंट एवं रिया कुमारी लैब अटेंडेंट ने सहयोग किया।



# बरही में पहली बार बिजनेस कॉन्क्लेव का भव्य आयोजन, उद्यमियों को मिला मार्गदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : नगर भवन बरही में पहली बार बिजनेस कॉन्क्लेव का भव्य और ऐतिहासिक आयोजन किया गया। श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उद्यमियों, व्यापारियों और युवाओं को व्यवसाय की आधुनिक अवधारणाओं से जोड़ना, उन्हें नए अवसरों के प्रति जागरूक करना तथा डिजिटाइजेशन और निवेश के माध्यम से व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना रहा। कॉन्क्लेव का माहौल पूरी तरह उत्साहपूर्ण रहा, जिसमें बरही और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में व्यापारी, युवा उद्यमी और समाजसेवी शामिल हुए। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय व्यापारिक समुदाय में खासा उत्साह देखने को मिला, क्योंकि यह पहली बार था जब बरही जैसे क्षेत्र में इतने बड़े स्तर पर बिजनेस कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ व्यवसायी संघ अध्यक्ष कपिल केसरी सहित उपस्थित गणमान्य लोगों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य कैलाश कुमार व संचालन अमरजीत कुमार पांडेय ने किया। उद्घाटन के दौरान वक्ताओं ने इस आयोजन को बरही के व्यापारिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर प्रसिद्ध पुस्तक ब्रोकन प्रॉमिसेस के लेखक एवं भाजपा झारखंड के प्रवक्ता मृत्युंजय शर्मा, बिजनेस कंसल्टेंट एवं मल्टीपल बिजनेस ओनर पंकज सोनी, झारखंड सोलर सर्विस के हेड सह रिलायंस फैशन वर्ल्ड के प्रमुख आशीष कुमार, चार्टर्ड एकाउंटेंट अभिषेक कुमार तथा बिजनेस एडवाइजर रंजीत चंद्रवंशी बतौर मुख्य वक्ता मौजूद रहे। अतिथियों को शॉल व मोमेंटो प्रदान कर स्वागत किया गया। मुख्य वक्ता मृत्युंजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में व्यवसाय केवल लाभ कमाने का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र निर्माण का भी मजबूत आधार बन चुका है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नवाचार, ईमानदारी और दीर्घकालिक सोच के साथ व्यवसाय में कदम रखें।



# झामुमो नेता संजीव बेदिया ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया ने अपने आवास जरजरा में पोटंगा एवं गरसुल्ला के जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। बताते चने की श्री बेदिया कहा ने अपने निवास स्थान जरजरा में प्रतिदिन 8:00 बजे से 9:30 बजे तक जनता दरबार का आयोजन किया जाता हैं। सभी समस्याओं का समाधान किया जाता है कई समस्या तो वहीं पर निष्पादन किया जाता है जो बच जाते है उसे समय के अनुसार विशेष ध्यान में रखते हुए निष्पादन किया जाता है। जनता दरबार में उपस्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, जागेश्वर साव, सुरेन्द्र करमाली, राहुल कुमार,मणिलाल करमाली, जावेद खान, रमेश कुमार, बबलू खान,वही जिन्हें कंबल मिला पिंकी,मंजू देवी उमा देवी, काजल देवी, पूजा आरती, मंगली देवी, मालती देवी, रिंकी भोला बेदियां बटन, भगत, सीता, रीटा, कुंती, लाल मोहन, लालमुनि के अलावा कई महिला पुरुष उपस्थित है।

# ग्रामीणों ने पारा शिक्षक की बहाली एक बार फिर शुरू करने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : हजारीबाग जिला अंतर्गत के बड़कागांव प्रखंड में एक दर्जन से अधिक एक शिक्षकीय विद्यालय संचालित हो रहा है। दर्जन भर से अधिक ऐसे विद्यालय हैं जिन विद्यालयों में मात्र एक शिक्षक कार्य कर रहें हैं। प्रत्येक माह समय-समय पर इन शिक्षकों को मासिक गुरु गोष्ठी , विद्यालय रिपोर्ट समर्पित करने प्रखंड कार्यालय जाना पड़ता है। वहीं कई बार पांच दिवसीय या फिर एक दिवसीय प्रशिक्षण में यह शिक्षक शामिल होने के लिए जाते हैं।ऐसे समय में एक शिक्षकीय विद्यालय शिक्षक विहीन हो जाता है और विद्यालय में उपस्थित सभी बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। महज मध्यान भोजन खिलाकर खाना पूर्ति की जाती है।शिक्षकों ने मांग किया है कि एक शिक्षकीय विद्यालयों में कम से कम एक-एक शिक्षक और पदस्थापित किया जाए ताकि पठन पठान का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके।वहीं मामले को लेकर इस बाबत पूछे जाने पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय राम ने कहा कि




**इन विद्यालयों में महज एक शिक्षक**

प्रखंड अंतर्गत के इन विद्यालयों में महज एक शिक्षक कार्यरत हैं। जिनमें मुख्य रूप से प्राथमिक विद्यालय कुंदरू, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय ऊपर पहाड़, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कनोदा, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जोजोटोला, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय शिखरबेड़ा, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बगाही, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गंगादोहर, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हुरलंगबागी, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कमार्टीलहा, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मरदुसोती, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कौंसी, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय रोहनगोड़ा, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गोबरदहा का नाम शामिल है।

**पारा शिक्षकों की बहाली शुरू करने की मांग**

वहीं ग्रामीणों ने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि वर्षों से पारा शिक्षक की बहाली बंद है। मांग किया जाता है कि पुनः एक बार राज्य सरकार पारा शिक्षकों की बहाली शुरू करें। क्योंकि पारा शिक्षकों से कई प्रकार के लाभ होते हैं। जैसे कम मानदेय भुगतान कर पारा शिक्षकों को पद स्थापित कर करोड़ों रुपए की राशि की प्रतिवर्ष बचत होता है। वहीं युवा होने के नाते इन शिक्षकों में जुनून, जोश , जज्बा व नई उमंग होता है जिससे शिक्षण कार्य बेहतर तरीके से संचालित होता है।और शिक्षा की प्रतिशत दर में वृद्धि होती है। क्योंकि राज्य में कई ऐसे युवा हैं जो पढ़ लिखकर अच्छे एजुकेशन प्राप्त कर तथा प्रशिक्षित होकर नौकरी या रोजगार के लिए प्रयासरत है। उन्हें एक मौका भी मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### लिटिल एंजल्स पब्लिक स्कूल में कुष्ठ रोग से बचाव हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया



**बड़कागांव** : प्रखंड अंतर्गत पंचायत तलसवार के ग्राम कोयलंग-करमाटांड़ में संचालित "लिटिल एंजल्स पब्लिक स्कूल में प्राचार्य अजय कुमार की अध्यक्षता में जिला उपायुक्त के निदेर्शानुसार "विकसित भारत अभियान" के तहत पंचायत के स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा कुष्ठ रोग से बचाव हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य सहिया शांति तिर्की एवं सरिता कुमारी ने संयुक्त रूप से विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को कुष्ठ रोग से बचाव हेतु संकल्प दिलाया। स्वास्थ्य सहिया शांति तिर्की ने कुष्ठ रोग के अनेकों लक्षण जिसमें शरीर में दाग धब्बे, फोड़े फुन्सी निकलना एवं उससे बचाव हेतु अनेकों उपाय बताए। वहीं प्राचार्य अजय कुमार ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कुष्ठ रोग, जिसे " हैनसेन रोग" भी कहा जाता है,एक संक्रमण रोग है जो माइकोबैक्टीरियम लेप्री नामक जीवाणु से फैलता है। आगे उन्होंने इस संक्रमण बीमारी से बचाव हेतु छींकने या खांसते समय नाक, मुंह को ढंकने और हाथ को नियमित रूप से साबुन से धोने को कहा। साथ ही संतुलित आहार, प्रोटीन, विटामिन और खनिजों से भरपूर भोजन लेने एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने को कहा। मौके पर उपस्थित विद्यालय प्राचार्य अजय कुमार, सहायक शिक्षक सुरेश मरांडी, शिक्षिका नेहा कुमारी, दुलारी गंझू, स्वास्थ्य सहिया शांति तिर्की, सरिता कुमारी सहित सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

### सनातन हिंदू सम्मेलन को लेकर सनातनी समाज की बैठक, मिली जिम्मेवारी



**बरही** : रसोईया धमना में बरही मण्डल के सनातन हिन्दू सम्मेलन की व्यापक तैयारी के निमित रविवार को बेंदगी पंचायत के कोयली गांव के निमार्णाधीन बजरंग बली मंदिर परिसर में नितेश कुमार जी की योजना अनुसार 21 हिन्दुओं की उपस्थिति में एक बैठक संपन्न हुई। कोयली ग्राम में हिन्दुओं का मात्र 30 घर है जबकि मुस्लिम समाज का लगभग 350 घर है। संघे शक्ति कलियुगे अर्थात वर्तमान में संगठन में ही शक्ति है। महाभारत का उदाहरण देते हुए अर्जुन को भी कृष्ण भगवान के द्वारा विशाल दिव्य स्वरूप दिखाने पर ही धर्मयुद्ध संदेश का भान आया। ठीक इसी प्रकार हिंदुत्व का स्वरूप दर्शित करने का समय इस सम्मेलन के माध्यम से समाज में प्रस्तुत करने की आवश्यकता का एहसास बरही के सेवाभावी समाज बन्धु त्रिवेणी साव ने बताया। उक्त सम्मेलन में सभी हिन्दू घरों के महिला-पुरूष, युवक-युवतियां घर घर संपर्क की विस्तृत योजना बनाई गई। वयस्क जनों का नेतृत्व मनोज कुमार एवं युवा शक्ति का आनंद कुमार को दी गयी। सम्मेलन के कोषाध्यक्ष नितेश कुमार ने अपने ओजपूर्ण विचार रखते हुए धन्यवाद ज्ञापन के साथ गोष्ठी पूर्ण हुई।

### ब्रह्मा विद्या विहंगम योग ने साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का किया आयोजन



**बरही** : हजारीबाग रोड स्थित शकुंतला पैलेस में ब्रह्मा विद्या विहंगम योग द्वारा साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता किशोर सिंह एवं संचालन कृष्णा कुमार गुप्ता ने किया। सत्संग गोष्ठी में ॐ कार ध्वनि, स्वागत गान, मंगल गान एवं माल्यार्पण सामूहिक रूप से किया गया। जबकि उद्घोष किशोर सिंह, ज्ञान गुदडी पाठ कृष्णा कुमार गुप्ता, स्वर्वेद पाठ अनमोल राणा एवं भजन कैलाश केशरी, समुंद्री देवी एवं कृष्णा कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर उपेन्द्र पांडेय, यशोदा देवी, रविन्द्र सिंह, प्रमोद गुप्ता एवं राजू प्रजापति मुख्य रूप से मौजूद थे।

### चौपारण में शुरू हुआ इट्स लॉरियल प्रोफेशनल मेंस पार्लर, 15 फरवरी तक विशेष ऑफर



**चौपारण** : प्रखंड पंचायत ताजपुर के जामा मस्जिद समीप सोमवार को इट्स लॉरियल प्रोफेशनल मेंस पार्लर का उद्घाटन मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु भगत ने फीता काटकर किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु भगत ने कहा कि क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित पार्लर का खुलना एक सराहनीय पहल है। इससे न केवल लोगों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुलभ होंगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने संचालक को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। दुकान के मालिक मोहम्मद सरफराज ने बताया कि ग्राहकों की सुविधा और संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए पार्लर की शुरूआत की गई है, जहां आधुनिक तकनीक एवं अनुभवी कर्मियों द्वारा सेवाएं दी जाएंगी। वहीं संचालक एजाज इब्राहिम ने बताया कि पार्लर में डी-टैन, स्पा, मसाज, फेशियल, स्ट्रेटनिंग, केराटिन सहित कई अत्याधुनिक सेवाएं विशेष तकनीक से प्रदान की जाएंगी। इसके साथ ही 15 फरवरी तक हेयर कट एंड बियर्ड एवं फेसवॉश मात्र 99 रुपये में उपलब्ध रहेगा। कार्यक्रम में पसंस प्रतिनिधि बीरबल साहू, टुन्नु बरनवाल, समाजसेवी फोल्टन खान, शहाबुद्दीन सर, कौनेन खान (बिट्टू), कैफ इब्राहिम, सैफ इब्राहिम, फैजल इब्राहिम सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### लापता नेहा का पता बताने वाले को रांची पुलिस देगी 21 हजार रुपये का इनाम

**रांची** : रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र से 4 फरवरी को लापता हुई 11 वर्षीय नेहा टोप्पो की जानकारी देने वाले को पुलिस ने 21 हजार रुपये नकद इनाम देने की घोषणा की है। रांची पुलिस ने सोमवार को इसकी आधिकारिक जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, लापता बच्ची मूल रूप से गोड्डा जिले की रहने वाली है, लेकिन वर्तमान में वह अपने परिजनों के साथ डोरंडा में रह रही थी। बच्ची की तलाश के लिए पुलिस की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को नेहा टोप्पो के संबंध में कोई जानकारी मिले, तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

### झारखंड में गर्मी की दस्तक, तापमान पहुंचा 30 डिग्री के पार

**रांची** : झारखंड में गर्मी धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। सोमवार को चाईबासा में अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सरायकेला-खरसावां में तापमान बढ़कर 31 डिग्री और जमशेदपुर में 30 डिग्री को पार कर गया। हालांकि, धूप की तपिश अभी कम है क्योंकि पछुआ हवाओं के चलते तापमान की वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, पछुआ हवाओं की वजह से रांची, लोहरदगा, लातेहार, गुमला और पाकुड़ समेत कई जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से लगभग 4-5 डिग्री कम है। इन हवाओं के कारण सुबह और शाम में ठंडक महसूस की जा रही है, जबकि दोपहर में हल्की गर्मी है। मौसम विभाग ने बताया कि 11 और 12 फरवरी को राज्य के कई जिलों में आंशिक बादल छाए रहेंगे और सुबह हल्का कुहासा भी रहेगा। 13 फरवरी से मौसम साफ रहने की संभावना है, इसके बाद तापमान में कमी आ सकती है। सोमवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में मौसम साफ रहा और मध्यम गति की हवा चली। इससे हल्की ठंड महसूस हुई। पिछले 24 घंटों में राज्य में सबसे अधिक तापमान 32.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान गुमला में 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### हाई कोर्ट ने पूर्व मंत्री कमलेश सिंह की पत्नी को विदेश यात्रा की दी अनुमति

**रांची** : झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य के पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह की पत्नी पर लगी जमानत की शर्तों में संशोधन करते हुए उनका पासपोर्ट लौटाने का आदेश दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि हर विदेश यात्रा से पहले संबंधित अदालत से अनुमति लेना अनिवार्य होगी। इसके लिए यात्रा की अवधि और भारत लौटने की तिथि का लिखित अंडरटेकिंग दाखिल करना होगा और विदेश से लौटने के बाद अदालत को सूचित करना अनिवार्य है। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एस.के. द्विवेदी की अदालत ने याचिकाकर्ता को इलाज के लिए अमेरिका या यूनाइटेड किंगडम (यूके) जाने की अनुमति दी है। अदालत ने 13 मई 2014 को पारित अपने आदेश में संशोधन किया, जिसमें उन्हें पासपोर्ट जमा करने और विदेश यात्रा पर रोक लगाने का निर्देश था। अदालत ने यह भी कहा कि विदेश यात्रा का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार का हिस्सा है। याचिकाकर्ता, जो अपने पति के खिलाफ दर्ज आय से अधिक संपत्ति के मामले में अभियुक्त हैं, को पहले ही नियमित जमानत मिल चुकी थी। वर्तमान याचिका केवल उस शर्त के खिलाफ थी, जिसमें उन्हें विदेश जाने से रोका गया था। याचिकाकर्ता की उम्र लगभग 58 वर्ष है और उन्होंने अदालत को बताया कि वे गंभीर लिवर रोग से पीड़ित हैं।

# वीर बुधु भगत गौरव और प्रेरणा के प्रतीक : शिल्पी नेहा तिर्की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि वीर बुधु भगत हमारे मांडर क्षेत्र के गौरव और प्रेरणा के प्रतीक हैं। उनके संघर्ष और बलिदान की गाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। मंत्री शिल्पी नेता तिर्की ने सोमवार को यह बात चान्हो के सिलागाई में वीर बुधु भगत स्मारक समिति के पदाधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक में बोलते हुए कही। बैठक में आगामी 17 फरवरी को वीर बुधु भगत की 234वीं जयंती समारोह को भव्य और ऐतिहासिक बनाने का निर्णय लिया गया। मंत्री ने निर्देश दिया कि समारोह में हर साल की तरह इस बार भी भव्यता बरकरार रहे। समारोह के दिन आयोजित विकास मेला में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में जयंती समारोह के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया गया और आसपास के गांवों और प्रखंडों तक कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार करने का निर्णय लिया गया। मंत्री ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने और योजना के योग्य लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने पर विशेष बल दिया जाना चाहिए। स्मारक समिति और प्रशासन ने जयंती समारोह की रूपरेखा, अतिथियों के स्वागत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात, पेयजल, साफ-सफाई और विकास मेला के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां तय कर कार्यों का बंटवारा भी किया गया। बैठक में स्मारक समिति के अध्यक्ष शिवपूजन भगत, महासचिव गोपाल भगत, बीडीओ वरुण कुमार, थाना प्रभारी टिंकू रजक, कांग्रेस पीसीसी डेलीगेट दिलीप सिंह, अजीत सिंह, सूका उरांव, भोआ उरांव, अल्फ्रेड मिंज, मो. मुजीबुल्ला, मंगलदेव उरांव, मुखिया महादेव भगत, शिव उरांव, अनिल गोप, प्रो. रामकिशोर भगत सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## स्टेट आरोग्य सोसायटी को केंद्र सरकार से मिला 178 करोड़

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड स्टेट आरोग्य सोसायटी को चालू वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार से 275 करोड़ रुपए और केंद्र सरकार से 178 करोड़ रुपए राशि प्राप्त हुई है। यह बातें राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकार, नई दिल्ली के मुख्य वित्तीय पदाधिकारी गयासुद्दीन अहमद ने सोमवार को झारखंड स्टेट आरोग्य सोसायटी के साथ के सोसायटी स्थित सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में कही। आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत आयोजित इस बैठक के दौरान गयासुद्दीन अहमद ने आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। इसके अलावे उन्होंने योजना की समग्र प्रगति, पोर्टेबिलिटी, उपचार पैकेजों के उपयोग और पुनः भर्ती (री-एडमिशन) के मामलों पर चर्चा की। बैठक में सोसायटी के कार्यकारी निदेशक छवि रंजन ने बताया कि झारखंड में लाखों परिवार इस योजना के अंतर्गत आच्छादित हैं। करोड़ों लाभुकों को माध्यमिक और तृतीयक स्तर की चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। राज्य में बड़ी संख्या में सरकारी और निजी अस्पताल सूचीबद्ध हैं, जहां हजारों प्रकार के उपचार पैकेजों के माध्यम से गंभीर से गंभीर बीमारियों का निःशुल्क इलाज संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि पोर्टेबिलिटी आंकड़ों के विश्लेषण से यह आकलन किया गया कि किन राज्यों और उपचार पैकेजों में बाह्य-राज्य इलाज का दबाव अधिक है, ताकि राज्य में ही उन्नत स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा सके। इसके साथ ही पैकेज के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए एआई आधारित निगरानी प्रणाली को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। समीक्षा बैठक में झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी अध्यक्ष छवि रंजन, महाप्रबंधक प्रवीण चंद्र मिश्रा, वैभव राय सहित संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

## हाई कोर्ट ने ईडी अधिकारियों के खिलाफ जांच पर लगी रोक को रखा बरकरार, अगली सुनवाई 17 को

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के विरुद्ध पुलिस जांच एवं किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई पर लगी रोक को अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। सोमवार को न्यायमूर्ति एस.के. द्विवेदी की अदालत में हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्व में दी गई अंतरिम राहत को कायम रखा। इस मामले की अगली सुनवाई 17 फरवरी को निर्धारित की गई है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा, जबकि ईडी की ओर से भारत के सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू, अधिवक्ता एके दास और सौरभ कुमार ने दलीलें पेश कीं। अगली सुनवाई में मुख्य रूप से याचिका की मेंटेनेबिलिटी यानी यह याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं,




इस बिंदु पर बहस होगी। पिछली सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने ईडी कार्यालय की सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाया था। अदालत ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि रांची स्थित ईडी कार्यालय की सुरक्षा के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआईएसएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) या किसी अन्य अर्धसैनिक बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही ईडी कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया गया था, ताकि किसी प्रकार के साक्ष्य से छेड़छाड़ न हो सके। उल्लेखनीय है कि यह मामला एयरपोर्ट थाना कांड संख्या 05/2026 से संबंधित है, जिसमें ईडी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। ईडी अधिकारियों ने अदालत से अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर एवं आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने अथवा मामले की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी, जैसे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का अनुरोध किया है। इसके साथ ही ईडी ने शिकायतकर्ता संतोष कुमार के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की है। ईडी के अनुसार, संतोष कुमार पर लगभग 23 करोड़ रुपये के सरकारी धन के गबन का आरोप है, जो कथित पेयजल घोटाले से जुड़ा हुआ है। इस मामले में ईडी की ओर से उनके खिलाफ ईसीआईआर भी दर्ज की गई है।

## लोक भवन में आम नागरिकों की बढ़ती दिलचस्पी, प्रतिदिन 10 से 3 बजे तक प्रवेश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राज्यपाल महोदय के निदेश पर आम नागरिकों के भ्रमण एवं परिदर्शन हेतु खोले गए लोक भवन, राँची उद्यान में आज कुल 2,331 लोगों ने भ्रमण किया। विदित हो कि राज्यपाल द्वारा लोक भवन, राँची उद्यान को आम नागरिकों के लिए 15 फरवरी, 2026 तक खुला रखने हेतु निदेश दिया गया है। उद्यान भ्रमण का समय प्रतिदिन पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है। लोक भवन उद्यान का भ्रमण करने के इच्छुक नागरिक लोक भवन के गेट संख्या-2 से सुरक्षा जाँचोपरांत अपराह्न 1 बजे तक प्रवेश कर सकते हैं।

### रांची से ऋषिकेश तक नई रेल सेवा शुरू करने का प्रस्ताव, राज्यपाल ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को राँची से ऋषिकेश (वाया लोहरदगा, टोरी, डाल्टनगंज, डेहरी-ऑन-सोन, वाराणसी, श्री अयोध्याधाम, बरेली एवं हरिद्वार) तक नई रेल सेवा प्रारंभ करने के संबंध में केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखा है। विदित हो कि राज्यपाल को इस संबंध में फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा द्वारा प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुआ था। राज्यपाल ने उक्त प्रार्थना-पत्र का उल्लेख करते हुए इसे आवश्यक एवं जनहित से जुड़ा विषय बताया है। उन्होंने कहा है कि राँची से उत्तर प्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरों यथा लखनऊ, अयोध्या, बरेली, ऋषिकेश एवं हरिद्वार के लिए सीधी रेल सेवा की अत्यंत आवश्यकता है। वर्तमान में यात्रियों को आवागमन में असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।

## लाइसेंसधारी हथियारों को जमा करने का निर्देश जारी करे राज्य प्रशासन : आदित्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद आदित्य साहू ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राज्य में आगामी 23 फरवरी को निकाय चुनाव होने हैं और 48 निकाय क्षेत्रों में चुनाव प्रचार पहले ही शुरू हो चुका है। आदित्य साहू ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने अभी तक लाइसेंस युक्त हथियार धारकों को थाना में हथियार जमा कराने का आदेश जारी नहीं किया है। उन्होंने कहा कि इससे ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार गोली, बंदूक और भय के माहौल में निकाय चुनाव कराना चाहती है। साहू ने कहा कि राज्य में अपराधियों का मनोबल पहले से ही बढ़ा हुआ है और राज्य सरकार उसका संरक्षक बनी हुई है। उनका यह भी आरोप है कि इस संरक्षण का लाभ राज्य सरकार अपने समर्थित उम्मीदवारों को चुनाव में फायदा पहुँचाने के लिए उठाना चाहती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि अविलंब लाइसेंसधारी हथियारों को थाना में जमा कराने का निर्देश जारी किया जाए, ताकि आगामी निकाय चुनाव निष्पक्ष और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सके।

# मेयर प्रत्याशी रमा खलखो का डोर-टू-डोर कैंपेन, शहर को टॉप सिटी बनाने का संकल्प

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : रांची नगर निगम चुनाव प्रचार के तहत मेयर प्रत्याशी रमा खलखो ने दिन की शुरूआत सुबह जनसंपर्क अभियान से की। उन्होंने रांची के विभिन्न वार्डों और इलाकों में घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की। इस अभियान का उद्देश्य शहरवासियों की समस्याओं को सुनना और अपनी योजनाओं को साझा करना था। वे विशेष रूप से गरीब और पिछड़े इलाकों पर फोकस कर रही हैं, जहां जलजमाव, कचरा प्रबंधन और बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसी शिकायतें आम हैं। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की कि वे शहर को 'स्मार्ट सिटी' बनाने में उनका साथ दें। जनसंपर्क के बाद रमा खलखो ने रांची के NW जीएल चर्च पहुंचकर आर्च बिशप राजीव सतीश टोप्पो से आशीर्वाद लिया। यह कदम चुनावी प्रचार में सामाजिक और धार्मिक सद्भावना को मजबूत करने का प्रतीक था। रांची में ईसाई समुदाय की अच्छी-खासी आबादी है, और यह मुलाकात शहर की विविधता को सम्मान देने का संदेश देती है। आर्च बिशप ने उन्हें शहर के विकास और सामाजिक न्याय के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान रमा खलखो ने चर्च परिसर में कुछ स्थानीय लोगों से भी बातचीत की और शहर की समस्याओं पर चर्चा की। यह गतिविधि उनके प्रचार को धार्मिक समुदायों तक पहुंचाने में मददगार साबित होगा! उसके बाद रमा खलखो दैनिक जागरण अखबार द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में शामिल हुईं। यह कार्यक्रम रांची में सभी मेयर प्रत्याशियों के लिए था, जहां रोशनी खलखो, सुजीत विजय आनंद कुजूर और अन्य उम्मीदवार भी मौजूद थे। यहां उन्होंने शहर की चुनौतियों पर खुलकर बात की, जैसे पिछले 10 वर्षों में भाजपा शासन के दौरान अनसुलझी समस्याएं (जलजमाव, कचरा और यातायात)। रमा खलखो ने विभिन्न प्रकार की योजनाओं का जिक्र किया, जिसमें 'स्मार्ट सिटी' विजन के साथ-साथ जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर था। कार्यक्रम में सवाल-जवाब सेशन हुआ, यह इवेंट मीडिया कवरेज के लिहाज से महत्वपूर्ण था, क्योंकि इससे उनकी दृष्टि शहरवासियों तक पहुँचे! दिन के अंत में रमा खलखो ने प्रभात खबर के प्रधान संपादक अंकित शुक्ला से मुलाकात की। यह एक अनौपचारिक लेकिन रणनीतिक बैठक थी, जहां उन्होंने रांची के लिए अपनी ठोस योजनाओं पर विस्तार से बात की। मुख्य मुद्दे शामिल थे: शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार, जल आपूर्ति का विस्तार, महिला सुरक्षा के लिए सीसीटीवी और लाइटिंग, और ट्रैफिक मैनेजमेंट। उन्होंने जोर दिया कि हमारी फोकस 'परिवर्तन' पर है, और वे शहर को देश के टॉप शहरों में शुमार करने की योजना रखती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### स्विगी ने रॉबिन हुड आर्मी के साथ मिलकर 'विंटर वंडरलैंड' अभियान किया आयोजित



**रांची** : भारत के अग्रणी ऑन-डिमांड कन्वीनियंस प्लेटफॉर्म स्विगी ने रॉबिन हुड आर्मी के साथ मिलकर विंटर वंडरलैंड अभियान आयोजित किया। यह एक दिल को छू लेने वाली सर्दियों की पहल थी, जिसका उद्देश्य भारत भर में जरूरतमंद और कमजोर समुदायों तक गर्माहट, देखभाल और पोषण पहुंचाना था। यह अभियान सर्दियों के चरम समय में सबसे अधिक जरूरतमंद व्यक्तियों और परिवारों को ताजा तैयार भोजन उपलब्ध कराने पर केंद्रित था और इसे भारत के 14 राज्यों के 56 शहरों में चलाया गया। इस पहल पर बात करते हुए, स्विगी फूड मार्केटप्लेस के चीफ बिजनेस ऑफिसर सिद्धार्थ भाकू ने कहा स्विगी में हम हमेशा अपनी पैन इंडिया उपस्थिति, बड़े पैमाने और संसाधनों का उपयोग खुशियां फैलाने के लिए करते आए हैं। रॉबिन हुड आर्मी के साथ मिलकर आयोजित विंटर वंडरलैंड, इस दिशा में एक और कदम था, ताकि कड़ाके की सर्दियों में गर्म और ताजे भोजन की खुशी उन लोगों तक पहुंचे, जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। इस पर विस्तार से बताते हुए, रॉबिन हुड आर्मी की नेशनल सोशल मीडिया रिप्रेजेंटेटिव वसुंधरा भंडारी ने कहा स्विगी के साथ विंटर वंडरलैंड इस बात की याद दिलाता है कि जब संगठन और समुदाय एक साथ आते हैं तो करुणा कई गुना बढ़ जाती है। इस पहल के माध्यम से शहरों में हजारों बच्चों और कमजोर लोगों को सिर्फ भोजन ही नहीं, बल्कि गर्माहट, देखभाल और साथ होने का एहसास भी मिला।

### उषा मार्टिन फाउंडेशन ने शुरू किया 4-व्हीलर ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम

**रांची** : उषा मार्टिन फाउंडेशन के तत्वावधान में 20 फरवरी 2026 से 4-व्हीलर ड्राइविंग लाइसेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की जा रही है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सुरक्षित एवं व्यावसायिक रूप से वाहन चलाने में सक्षम बनाना है। इस एक माह के प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को कार चलाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण, वाहन से संबंधित बुनियादी जानकारी, तथा बेसिक मेंटेनेंस की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद सभी प्रतिभागियों का 4-व्हीलर ड्राइविंग लाइसेंस भी बनवाया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 15 फरवरी 2026 तक अपना नाम पंजीकृत करा सकते हैं। संपर्क व्यक्ति : बरुन कुमार, मोबाइल नंबर : 6203232551 उषा मार्टिन फाउंडेशन का यह प्रयास युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार के नए अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### रुदेश्वर महादेव मंदिर में 7वीं वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न



**रांची** : शिव साई नगर डेला टोली स्थित रुदेश्वर महादेव मंदिर में सप्तम वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर 5000 से अधिक श्रद्धालुओं ने महादेव बाबा का महाभोग ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के तहत भव्य मध्य रात्रि जागरण का आयोजन भी किया गया, जिसमें भक्ति गीतों और भजनों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन रहे। इस सफल आयोजन में कई गणमान्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा। आयोजन को सफल बनाने में प्रणय सिन्हा, लालबाबू सिंह, राजकुमारी राधेश खेमका, सुबीर सिंह, राजू त्रिवास्तव, अमय जी, अनिल वर्मा, राहुल पांडेय एवं नरेश जी सहित अन्य श्रद्धालुओं की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं और सहयोगकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### रांची में आज को फाइलेरिया उन्मूलन के लिए एमडीए अभियान, 619 बूथों पर दी जाएगी दवा

**रांची** : राष्ट्रीय लिम्फैटिक फाइलेरियासिस उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रांची जिले में फाइलेरिया (हाथीपांव) से बचाव के लिए 10 फरवरी को सामूहिक औषधि प्रशासन (एमडीए) अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत जिलेभर में कुल 619 बूथों पर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जाएगा। यह जानकारी सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. प्रभात रंजन ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। डॉ. प्रभात रंजन ने बताया कि यह अभियान जिले के सोनाहातु, तमाड़, कांके और राहे प्रखंडों के चिन्हित क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने इस दौरान लगभग 4,91,014 लोगों को दवा देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अभियान के तहत डीईसी (डाइएथाइल कार्बामाजीन) और अल्बेंडाजोल दवाएं पूरी तरह निःशुल्क और सुरक्षित रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करने से इस गंभीर बीमारी से पूरी तरह बचाव संभव है। हालांकि, गर्भवती महिलाओं, दो वर्ष से कम आयु के बच्चों तथा गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवा नहीं दी जाएगी। वहीं, एक से दो वर्ष की आयु के बच्चों को अल्बेंडाजोल की आधी गोली दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि जो लोग 10 फरवरी को बूथ पर दवा लेने से वंचित रह जाएंगे, उन्हें 25 फरवरी 2026 तक घर-घर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से दवा उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं और अपने नजदीकी बूथ पर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करें, ताकि रांची जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके। प्रेस वार्ता में डॉ. प्रभात रंजन के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मी भी मौजूद थे।

### होराइजन प्रीमियर क्रिकेट लीग में किंग्स टीम ने जीता खिताब

**रांची** : रांची रेलवे स्टेशन के समीप मौजूद स्टेडियम में होराइजन प्रीमियर क्रिकेट लीग 2.0 (एचपीएल) का सोमवार को आयोजन किया गया। इस दौरान किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया, जबकि होराइजन ग्लेडिएटर्स रनर-अप रही। मैच के बाद विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर सुमित जैन ने सभी का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि काम के साथ-साथ कर्मचारियों के लिए फिटनेस और स्वास्थ्य को समझना भी जरूरी है। इस तरह के आयोजनों से कर्मचारियों में नई ऊर्जा का संचार होता है। सचित जैन ने बताया कि इस साल टूर्नामेंट का दायरा बढ़ाते हुए कुल 8 टीमों ने भाग लिया, जिनके बीच नॉकआउट फॉर्मेट में मैच खेले गए। शुरूआत में 8-8 ओवरों के मैच हुए, जबकि सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला टी-10 फॉर्मेट में खेला गया। प्रतियोगिता में होराइजन ग्लेडियेटर्स, होराइजन हंटर्स, होराइजन किंग्स, होराइजन वॉरियर, होराइजन ब्लास्टर्स, होराइजन डेयरडेविल्स, होराइजन हंक्स और वीई वोल्केनोस ने हिस्सा लेकर खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि पिछले सीजन (एचपीएल1.0) में होराइजन ग्लेडियेटर्स चैंपियन रही थी। इस दौरान आयशर के सर्विस हेड श्रवण कुमार अकेला ने कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य कर्मियों का उत्साह और मनोबल बढ़ाना है।

## एक नजर

### बोझेडीह में ट्रेड यूनियनों की बैठक, 11 को मशाल जुलूस, 12 को हड़ताल

**कोडरमा** : जयनगर बोझेडीह देशव्यापी आम हड़ताल की तैयारी को लेकर डीवीसी केटीपीएस बॉझेडीह स्थित एडीएम बिल्डिंग के प्रांगण में ट्रेड यूनियनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 11 फरवरी 2026 को डीवीसी केटीपीएस बॉझेडीह में ट्रेड यूनियन और किसान सभा के संयुक्त नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाला जाएगा। वहीं 12 फरवरी 2026 को देशव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में पूरे पावर प्लांट को पूर्ण रूप से ठप किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता ऐक्टू जिला सचिव विजय पासवान ने की, जबकि संचालन की जिम्मेदारी सुरेन्द्र पासवान ने निभाई। बैठक को जिला परिषद सदस्य महादेव राम, झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन के अध्यक्ष राजेंद्र यादव तथा एटक जिला अध्यक्ष विनोद पासवान ने संबोधित करते हुए हड़ताल को मजदूर-किसान हित में जरूरी बताया। बैठक में दशरथ पासवान, उदय गिरी, रंजीत भारती, पंकज पासवान, रामचन्द्र पासवान, पवन मोदी, कन्हाय यादव, लिटो चौधरी, भुनेश्वर दास, धानेश्वर दास सहित दर्जनों ट्रेड यूनियन कार्यकर्ता और किसान सभा के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वक्ताओं ने हड़ताल को ऐतिहासिक बनाने की अपील करते हुए अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

### श्री महेश एकेडमी में वार्षिकोत्सव संपन्न

कोडरमा : श्री महेश एकेडमी, डोमचांच में वार्षिकोत्सव- 2026 रविवार देर शाम को बड़े ही धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। वार्षिकोत्सव का उद्घाटन देवाधिदेव भगवान शंकर,ज्ञान की देवी मां सरस्वती एवं श्री महेश एकेडमी के संस्थापक प्रख्यात शिक्षाविद् महेश्वर प्रसाद के चित्रों पर अध्यक्ष वरिष्ठ शिक्षक मोहनलाल पांडेय द्वारा माल्यार्पण एवं नकुल पांडेय द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया तथा शिक्षाविद कामाख्या नारायण सिंह, वरीय न्यायालयकर्मी रणजीत सिंह, एकेडमी के निदेशक सुनील कुमार सिन्हा,प्राचार्या रीना दाराद, अधिवक्ता पंकज कुमार अम्बष्ठ, संतोष सिन्हा, कोडरमा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, डोमचांच के सचिव शिवकुमार मेहता, सहसचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह, कोर कमेटी के सदस्य सद्दाम हुसैन, महेश शर्मा व शिक्षकों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । मुख्य अतिथि कोडरमा जिला 20- सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता जी को प्राचार्या रीना दाराद ने माल्यार्पण कर और बुके देकर स्वागत किया।

### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्रशिक्षु दीप्ति कुमारी यूजीसी नेट परीक्षा में उतीर्ण

**कोडरमा** : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्रशिक्षु दीप्ति कुमारी ने प्रथम प्रयास में ही यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। दीप्ति कुमारी बी. एड. सत्र 2024-26 की मेधावी प्रशिक्षु है। उन्होंने अपने निरंतर परिश्रम, आत्मअनुशासन एवं दृढ़ संकल्प होकर उक्त परीक्षा की तैयारी की। दीप्ति कुमारी की यह सफलता न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम का परिणाम है, बल्कि महाविद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण और मार्गदर्शन का भी परिणाम है। उक्त उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। दीप्ति कुमारी ने बताया कि लक्ष्य के प्रति एकाग्रता और सकारात्मक दृष्टिकोण से सफलता प्राप्त की जा सकती है।

# कोलेबिरा में तेलंगा खड़िया जयंती पर स्वाभिमान और संघर्ष की गूंज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोलेबिरा** : सोमवार को कोलेबिरा देव नदी मोड में वीर शहीद तेलेंगा खड़िया जयंती मनाया गया जिसमें अखिल भारतीय खड़िया समाज के पदाधिकारी और तेलेंगा खड़िया समिति तथा कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों और ग्रामीण उपस्थित रहे। सर्वप्रथम पहान पूजार के द्वारा तेलेंगा खड़िया के स्टैचू को पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना की गई तथा फूलमाला चढ़ाया गया तथा वैशाली गाय का झंडा हर वर्ष की तरह बदला गया तथा पदाधिकारियों के द्वारा माल्यार्पण किया गया। सलाहकार जेम्स पी केरकेट्टा के द्वारा तेलेंगा खड़िया की जीवनी के बारे में बताया गया तेलेगा खड़िया का जन्म 9 फरवरी 1806 ई को सिसई के मूरगू ग्राम ऐक जमीनदार परिवार पिता दुईया खड़िया तथा माता पेतो खडियाईन में हुआ था। अंग्रेजों के अत्याचार को देखते हुए जन्म से ही तेलंगा खारिया एक क्रांतिकारी के रूप में अपने आप को तैयार किया बचपन से ही अंग्रेजों तथा जमींदारी प्रथा के खिलाफ आवाज उठाएं एवं लड़ाई में शामिल रहे बचपन से ही तीर धनुष तलवार भाला चलाने की शिक्षा उन्होंने ली तथा लोगों को भी ट्रेनिंग देने लगे 23 अप्रैल 1880 को उनकी हत्या कर दिए उनके साहस और बलिदान को याद किया जाना चाहिए यह एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग ने कहा वीर शहीद तेलेंगा खड़िया झारखंड के एक महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी थे उन्होंने 1857 की क्रांति से भी पहले अंग्रेजों तथा जमींदारों के अन्याय के खिलाफ लड़ाई का बिगुल फूंक दिया था उन्होंने छोटा नागपुर के लोगों को संगठित कर तथा लड़ाकों को प्रशिक्षण देकर एक सी बनाई थी जिन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ गोरिल्ला युद्ध कर कड़ी चुनौती दी थी कई वर्ष तक कोलकाता जेल में भी रहे बाद में एक ब्रिटिश एजेंट के द्वारा धोखे से उनकी हत्या कर दी गई उन्होंने आदिवासियों के अंदर स्वाभिमान तथा स्वराज की भावना जगाई थी उन्हें आज भी एक वीर योद्धा तथा

### झामुमो ने तेलंगा खड़िया को किया नमन अधिकार और स्वाभिमान की लड़ाई जारी

**सिमडेगा** : दिशोम की पवित्र धरती सिमडेगा में झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा महान आदिवासी योद्धा, समाज सुधारक और जल-जंगल-जमीन के रक्षक तेलंगा खड़िया को माल्यार्पण कर श्रद्धा-सम्मान के साथ नमन किया गया। इस अवसर पर झामुमो नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि तेलंगा खड़िया केवल एक नाम नहीं, बल्कि आदिवासी स्वाभिमान, हक-हकूक और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष की पहचान हैं। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही दिशोम में सच्चा विकास, सामाजिक न्याय और आदिवासी अधिकारों की रक्षा संभव है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने संकल्प लिया कि नगर परिषद सिमडेगा के माध्यम से भी आदिवासी मूलवासी संस्कृति, भाषा, पहचान और अधिकार की रक्षा के साथ-साथ आम जनता की बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्रम में जल-जंगल-जमीन हमारी है और दिशोम गुरु अमर रहें के नारों से वातावरण गूंज उठा।

## विकास और विश्वास की राजनीति करेंगे : अनिल तिर्की



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : नगर परिषद अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अनिल तिर्की ने महान आदिवासी नायक तेलंगा खड़िया को माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तेलंगा खड़िया का जीवन संघर्ष, आत्मसम्मान और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने की प्रेरणा देता है। अनिल तिर्की ने कहा कि यदि जनता का आशीर्वाद मिला तो वे नगर परिषद क्षेत्र में पारदर्शी प्रशासन, मूलभूत सुविधाओं का विस्तार और युवाओं को अवसर देने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने जनता से जुड़कर विकास और विश्वास की राजनीति करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने अनिल तिर्की के विचारों का समर्थन करते हुए उनके नेतृत्व में नगर परिषद के बेहतर भविष्य की उम्मीद जताई।

## उपायुक्त ऋतुराज ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवारा का किया औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : उपायुक्त ऋतुराज द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चंदवारा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त महोदय ने स्वास्थ्य केंद्र में संचालित सभी वार्डों, प्रसव कक्ष, नये ओटी एवं अन्य इकाइयों का गहन निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट लैब को एक सप्ताह के भीतर पूरी तरह सक्रिय करने का निर्देश दिया तथा इसके लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने को कहा। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अतिरिक्त चिकित्सकों की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव तैयार करने एवं चिकित्सकों की 24७7 उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। प्रसव कक्ष का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर बल दिया। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 24x7 इमरजेंसी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एक विस्तृत प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। नये ऑपरेशन थिएटर के निरीक्षण के दौरान आवश्यक संसाधन एवं व्यवस्थाओं को शीघ्र दुरुस्त करने को कहा गया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य केंद्र परिसर में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने एवं मरीजों को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के स्पष्ट निर्देश दिए। इसके उपरांत उपायुक्त ऋतुराज द्वारा उरवां स्थित मत्स्य मिल का भी निरीक्षण किया गया, जहां उन्होंने साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, अंचल अधिकारी चंदवारा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक महेश कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कोरोमिया पंचायत में पशुओं पर बीमारी का कहर, विधायक के निर्देश पर टीम पहुंची गांव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ठेठईटांगर** : प्रखंड के कोरोमिया पंचायत के मारारोमा कर्रमुंडा कदमदीह रंगाडिपा में इन दिनों गाय-बैल अज्ञात बीमारी की चपेट में मर रहे हैं। बीमारी के कारण बैलों की मौत भी हो रही है। जबकि कई किसानों के बैल बीमार पड़े हैं। बताया गया कि इस बीमारी से पीड़ित बैल लगातार हॉफता रहता है और खाना-पीना बंद कर देता है। जिसकी जानकारी गांव वालों ने विधायक नमन बिक्सल कोगाड़ी को दिया विधायक नमन बिक्सल कोगाड़ी के निर्देशानुसार ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू और पशुपालन विभाग के डॉक्टर पदाधिकारियों को भेज जानकारी प्राप्त करने को कहा पशुपालन विभाग के डॉक्टर द्वारा बताया गया कि यह ब्लैक क्वॉटर नामक बीमारी लग रहा है जिसकी पुष्टि रांची से टीम आकर करेंगे अब इस क्षेत्र के सभी गाय बैल में बैक्सीन लगाया जाएगा तभी इस बीमारी को कंट्रोल किया जाएगा यह बीमारी हवा में भी फैला जाता है। वही मौके पर मौजूद प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने कहा कि आप सभी को अपने अपने जानवरों को अभी बांध कर रखे जब तक वैक्सीन नहीं लग जाता है तब तक जानवरों को ना छोड़े। विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू ने कहा कि यह मामला विधायक जी के संज्ञान में है वह इस मामला को खुद ही देख रहे हैं फिलहाल अभी सतर्क रहकर अपनी अपनी जानवरों को सुरक्षित रखने की जरूरत है। मौके पर मौजूद सेबेस्टियन टेटे, बसन्त सुरीन सुलेमान टोपनो, डोमिनिक डुंगडुंग, शाहबाज अली, जिंदन टोपनो आदि उपस्थित थे।

## राजघटी में कुएं से 23 वर्षीय विवाहिता का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : सतगावां थाना क्षेत्र के बसोडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम राजघटी में शुक्रवार को एक कुएं से महिला का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान नूरजहां खातून (उम्र 23 वर्ष) के रूप में हुई है, जो राजघटी निवासी मुस्तफा अंसारी की बहू तथा मोहम्मद मुर्तजा अंसारी की दूसरी पत्नी बताई जा रही हैं। परिजनों के अनुसार नूरजहां खातून का मायका गिरिडीह जिले के जगीया टाड़ गांव में है। उनकी शादी सतगावां प्रखंड के राजघटी में हुई थी। मृत महिला के एक तीन वर्षीय बेटी भी है। बताया जाता है कि घर से कुछ दूरी पर स्थित एक कुएं में नूरजहां खातून का शव देखा गया, जिसकी सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने सतगावां थाना को अवगत कराया।सूचना पर सतगावां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और घटना के सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। अखबार लिखे जाने तक घटना के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका था।

# नगर अध्यक्ष व वार्ड पार्षद प्रत्याशियों के लिए व्यय संबंधी बैठक सह प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा** : नगर निकाय (आम) निर्वाचन-2026 के तहत चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत नगर परिषद अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद प्रत्याशियों के लिए व्यय संबंधी बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्यय प्रेक्षक ब्रजेश कुमार द्वारा प्रत्याशियों को चुनावी व्यय से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्याशियों के लिए अधिकतम व्यय सीमा निर्धारित की गई है। इसके तहत नगर परिषद अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अधिकतम छह लाख रुपये तथा वार्ड पार्षद पद के प्रत्याशी एक लाख पचास हजार रुपये तक चुनावी खर्च कर सकते हैं। प्रेक्षक ने स्पष्ट किया कि निर्धारित सीमा से अधिक व्यय करना निर्वाचन नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। बैठक में प्रत्याशियों को चुनावी खर्च का सही एवं अद्यतन लेखा-जोखा रखने, व्यय रजिस्टर संधारित करने, समय-समय पर व्यय विवरण प्रस्तुत करने तथा प्रचार-प्रसार में उपयोग की जाने वाली सभी सामग्रियों का विवरण दर्ज करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करने, अवैध व्यय से बचने एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रत्याशियों को निष्पक्ष, स्वच्छ एवं नियम सम्मत चुनाव संपन्न कराने के लिए आवश्यक सावधानियों से अवगत कराया गया। बैठक में निवार्ची पदाधिकारी नगर अध्यक्ष, सभी निवार्ची पदाधिकारी वार्ड पार्षद, सभी प्रत्याशी एवं अन्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कोलेबिरा में गिरजाघर संस्कार दिवस पर समारोह का हुआ आयोजन



**कोलेबिरा** : प्रखंड के ऐडेगा पंचायत स्थित जी.ई.एल चर्च ऐडेगा मंडली सह पास्टोरेट में गिरजाघर संस्कार दिवस, पास्टोरेट स्थापना दिवस एवं पादरी भवन संस्कार स्मरण दिवस के अवसर पर भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई पास्टोरेट चेयरमैन पादरी एस. गुड़िया ने की। आरंभ विशेष मिस्सा पूजा से हुआ, जिसके बाद महिला संघ ने पारंपरिक नृत्य व फूलमाला से अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने, पश्चाताप और परमेश्वर के राज्य की खोज करने का संदेश दिया। पादरी एस. गुड़िया ने गिरजाघर को प्रेम, सेवा और एकता का केंद्र बताते हुए भाईचारे का आह्वान किया। समारोह में कांग्रेस के कई पदाधिकारी, महिला व युवा संघ तथा बड़ी संख्या में मसीही विश्वासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### पुलिसमैन ऑफ द वीक : सिमडेगा पुलिस पुरस्कार से पुरस्कृत एंव सम्मानित किया गया



**सिमडेगा** : पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा, सिमडेगा जिला में उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्य परायणता एवं सकारात्मक (नैतिक) सोच वाले पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत करने एवं उनके मनोबल को बढाने हेतु पुलिसमैन ऑफ द वीक: सिमडेगा पुलिस पुरस्कार का आरंभ किया गया है, जिसके तहत प्रत्येक सप्ताह सर्वश्रेष्ठ पुलिस कर्मियों (आरक्षी से लेकर सहायक अवर निरीक्षक संवर्ग के पुलिस कर्मी/पुलिस पदाधिकारी) का चयन कर अपने बेहतर ड्यूटी एवं बेस्ट टर्नआउट के लिए पुरस्कृत किया जाएगा, और उसकी तस्वीर पूरे सप्ताह थाना/ओ0पी0/प्रतिष्ठान के सूचना पट में लगा रहेगा। इससे पुलिस कमीर्यों/पदाधिकारियों में अपनी ड्यूटी पूरी लगनता एवं कुशलता के साथ करने हेतु प्रोत्साहन मिलेगी और उनका मनोबल बना रहेगा। इसी कड़ी में इस सप्ताह आज दिनांक-09/02/26 को सिमडेगा थाना में प्रतिनियुक्त आरक्षी/264 अभिनेष कुमार सिंह को माह फरवरी 2026 के प्रथम सप्ताह में अपने उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्य परायणता एवं सकारात्मक (नैतिक) सोच के लिए पुलिसमैन ऑफ द वीक: सिमडेगा पुलिस पुरस्कार से पुरस्कृत एंव सम्मानित किया जाता है।

### भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता देशहित के खिलाफ : प्रकाश रजक



**कोडरमा** : भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर सियासी हलकों में विरोध तेज हो गया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक ने आरोप लगाया है कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने इस समझौते के जरिए अमेरिका को एकतरफा लाभ पहुंचाने वाली शर्तों को स्वीकार कर लिया है, जिसका सीधा असर देश की कृषि, अर्थव्यवस्था और संप्रभुता पर पड़ेगा। प्रकाश रजक ने कहा कि अब तक सामने आई जानकारियों के मुताबिक अमेरिका से आने वाले कई कृषि और खाद्य उत्पादों जैसे फल, कपास, मेवे, सोयाबीन तेल आदि पर शुल्क माफ करने की सहमति बनी है। इससे घरेलू बाजार में विदेशी माल सस्ता होगा और भारतीय किसान अपनी उपज का उचित मूल्य पाने से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने बताया कि सेब उत्पादक राज्य पहले से ही अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के कारण संकट में हैं, ऐसे में नया समझौता उनकी स्थिति को और कमजोर करेगा। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि सरकार ने नॉन-टैरिफ बाधाओं को हटाने और कृषि क्षेत्र में सरकारी समर्थन कम करने जैसे कदमों पर हामी भर दी है, जिससे भारतीय किसान भारी सब्सिडी पाने वाले अमेरिकी किसानों से मुकाबला करने को मजबूर होंगे। प्रकाश रजक ने समझौते के रणनीतिक पहलू पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत की नीतियों पर प्रभाव डालने की कोशिशें हमारी संप्रभुता के लिए खतरा हैं। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में अमेरिका पर बढ़ती निर्भरता को भी देशहित के विरुद्ध बताया। जिलाध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार करते कहा कि भाजपा सरकार देश की जनता को विश्वास में लिए बिना ऐसे समझौते कर रही है, जिनका बोझ अंततः किसान, मजदूर और आम नागरिक उठाएंगे। उन्होंने मांग की कि समझौते का पूरा विवरण संसद में पेश किया जाए और इस पर व्यापक बहस कराई जाए, साथ ही अंतरराष्ट्रीय करार से पहले यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि वह भारत के किसानों, श्रमिकों और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे।

### डीएवी कोडरमा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जागरूकता की अलख




**कोडरमा** : डीएवी पब्लिक स्कूल, झुमरी तिलैया, कोडरमा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता अभियान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कृमि संक्रमण के खतरों से अवगत कराना तथा उन्हें बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सक्षम एवं उनके समूह द्वारा प्रस्तुत एक जीवंत लघु नाटक से हुआ। अभिनय के माध्यम से बच्चों ने दशार्या कि दूषित पानी और अस्वच्छता के कारण पेट में कीड़े (कृमि) पनपते हैं, जो शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न करते हैं। इसके पश्चात कुमुद एवं उनके समूह ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विषय की गंभीरता को स्पष्ट करते हुए आदित्य राज ने हिंदी में तथा लक्ष्मी ने अंग्रेजी में प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि कृमि मुक्ति केवल एक दवा नहीं, बल्कि स्वस्थ भविष्य की मजबूत नींव है। कार्यक्रम में उत्साह का संचार तब हुआ जब जैनब ने एक रोचक क्विज सत्र का आयोजन किया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंच संचालन आलिया एवं निष्ठा गुप्ता ने अपनी वाकपटुता से किया, जिससे कार्यक्रम अंत तक रोचक और प्रभावी बना रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा,स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। कृमि संक्रमण एक अदृश्य समस्या है, जो बच्चों के पोषण और सीखने की क्षमता को धीरे-धीरे प्रभावित करती है। केवल दवा लेना पर्याप्त नहीं, बल्कि स्वच्छता को जीवन का संस्कार बनाना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को नाखून छोटे रखने, स्वच्छ पानी पीने तथा भोजन से पहले साबुन से हाथ धोने की आदत अपनाने की सलाह दी।

**एक नजर**

## फाउंडेशन की बैठक में महिलाओं को सशक्त करने पर बल

**पूर्वी सिंहभूम :** जिले के बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत मिजार्डीह गांव में सोमवार को संस्कृति सोशल वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से महिला सशक्तिकरण को लेकर बैठक की गई। बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान संस्था के प्रतिनिधियों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। विशेष रूप से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए सिलाई प्रशिक्षण शुरू करने का निर्णय लिया गया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं सिलाई का व्यावहारिक ज्ञान हासिल कर सकेंगी, जिससे वे स्वयं का रोजगार शुरू कर अपनी आमदनी बढ़ा सकेंगी। मौके पर संस्था की ओर से बताया गया कि यह पहल महिलाओं को केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रखेगी, बल्कि प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में भी प्रयास किए जाएंगे।

## तेज रफ्तार इनोवा और ऑटो में टक्कर, बड़ा हादसा टला

**पूर्वी सिंहभूम:** बमार्माइंस थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह में लिडे कंपनी के पास तेज रफ्तार इनोवा कार और एक ऑटो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे नाले में जा गिरा। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जानमाल की हानि नहीं हुई और ऑटो में सवार सभी यात्री सुरक्षित बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ऑटो चालक टाटानगर रेलवे स्टेशन से चार यात्रियों को रिजर्व लेकर साकची की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज गति में आ रही इनोवा कार ने ऑटो को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो सीधे नाले में जा गिरा, जिससे मौके पर लोगों में हड़कंप मच गया।

# तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव 2026 की तैयारियों को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** 19, 20 एवं 21 फरवरी को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव-2026 के सफल, सुव्यवस्थित एवं भव्य आयोजन को लेकर उपायुक्त कीर्तिश्री जी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान महोत्सव को लेकर अब तक की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था, दर्शक दीर्घा , स्थायी एवं मोबाइल शौचालय, साफ-सफाई, मंदिर से मेन रोड तक सड़क मरम्मती, विद्युत आपूर्ति सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं पर बिंदुवार चर्चा करते हुए संबंधित




अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि महोत्सव के दौरान किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए तथा सभी विभाग समयबद्ध तरीके से अपनी-अपनी तैयारियां पूर्ण करें। उपायुक्त ने बताया कि राजकीय इटखोरी महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बॉलीवुड के जाने-माने कलाकारों के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों से आमंत्रित कलाकार अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे। लोक नृत्य, लोक गीत, पारंपरिक एवं आधुनिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से कलाकार दर्शकों का मनोरंजन करेंगे और सांस्कृतिक संध्या में समा बांधेंगे। इसके साथ ही महोत्सव के दौरान आधुनिक तकनीक से सुसज्जित भव्य ड्रोन शो का भी आयोजन किया जाएगा, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। उन्होंने आगे बताया कि 19 एवं 20 फरवरी को इटखोरी स्थित बक्सा डैम में आमजनों के लिए निःशुल्क विभिन्न वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त 19 एवं 20 फरवरी को लक्षणपुर भेड़ी फॉर्म डैम में पैरा-ग्लाइडिंग की व्यवस्था की गई है, वहीं 21 फरवरी को मां भद्रकाली मंदिर स्थित महाने नदी के तट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त ने इन सभी कार्यक्रमों को लेकर आपसी समन्वय के साथ उच्चस्तरीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया माहेश्वरी प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी कैलाश राम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## कांग्रेस की बैठक में सुविधाओं को गंभीरता से उठाने का निर्णय




**पलामू :** नगर निकाय चुनाव को लेकर पलामू जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से जिला संचालन समिति का गठन किया गया। सोमवार को कांग्रेस भवन में समिति की बैठक में संगठनात्मक मामले, नगर निगम क्षेत्र की समस्या और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विमला कुमारी ने की। इस अवसर पर पार्टी के नेता और पदाधिकारियों ने नगर निगम क्षेत्र से जुड़ी बुनियादी नागरिक सुविधाओं, स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति, जलनिकासी, सड़क और नाली की स्थिति, स्ट्रीट लाइट, यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण, पर्यावरण संरक्षण और शहरी बस्तियों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता जैसे विषय प्रमुख रूप से सामने आए। बैठक में इस बात पर बल दिया गया कि जनता से जुड़े मुद्दों को लोकतांत्रिक मयार्दा के साथ प्रभावी ढंग से उठाया जाना चाहिए।
जिला अध्यक्ष बिमला कुमारी ने कहा कि मेयर पद की प्रत्याशी नम्रता त्रिपाठी शिक्षित और नगर निगम क्षेत्र की जमीनी समस्याओं से भली-भांति परिचित प्रत्याशी हैं। शहर के व्यापारियों की सुरक्षा, बाजार क्षेत्रों की सुव्यवस्था, शहर के सौंदर्यीकरण, सार्वजनिक पुस्तकालयों का संरक्षण, बच्चों के लिए खेल मैदान, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई और नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण जैसे विषयों पर गंभीरता से विचार किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के पूर्व प्रतिनिधियों के कार्यों का आकलन जनता स्वयं कर रही है और आम लोग पारदर्शी और संवेदनशील प्रशासन की अपेक्षा रखते हैं।

## डस्ट लदे हाईवा में लगी आग, चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा



पश्चिमी सिंहभूम : जिले के नोवामुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुटिनताझडांगूवापोषी मुख्य मार्ग पर कुचिबेड़ा गांव के पास सोमवार को गीटी डस्ट से लदे एक हाईवा वाहन में अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। दोपहर में शुरू हुई यह आग तेज हवा के चलते कुछ ही मिनटों में विकराल रूप लेती चली गई। दूर-दूर तक धुएं का गुबार दिखाई देने लगा और हाईवा का केबिन और आगे के दोनों टायर धू-धू कर जलने लगा। टायर ब्लास्ट होने से हालात और गंभीर हो गया, वहीं जलते टायर के टुकड़े सड़क किनारे झाड़ियों में गिरने से खेतों और आसपास के जंगल में आग फैलने का खतरा भी उत्पन्न हो गया। स्थिति को भांपते हुए चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए चलती गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। राहत की बात यह रही कि वाहन आबादी वाले इलाके से कुछ दूरी पर था। इससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलते ही नोवामुंडी थाना की पुलिस टीम सब इंस्पेक्टर पूर्णिमा कुमारी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और यातायात रोककर लोगों को सुरक्षित दूरी पर रखा। इसके बाद टाटा स्टील की फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## जादूगोड़ा मुख्य मार्ग पर बाइक-स्कॉर्पियो की टक्कर, दो युवतियों सहित तीन गंभीर घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम के जादूगोड़ा मुख्य मार्ग पर सोमवार को नौरंग मार्केट पुलिया के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही स्कॉर्पियो से जा टकराई। इस दुर्घटना में बाइक सवार दो युवतियों सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही जादूगोड़ा थाना प्रभारी राजेश कुमार मंडल के नेतृत्व में हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को तत्काल यूसिल अस्पताल पहुंचाया, जिससे समय पर इलाज मिलने के कारण उनकी जान बच सकी। प्राथमिक जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार तीनों लोग गालूडीह से दामूडीह स्थित पहाड़ भागा जा रहे थे। इसी दौरान नौरंग



मार्केट पुलिया के पास बाइक अचानक असंतुलित हो गई और सामने से आ रही स्कॉर्पियो से टकरा गई। हादसे में गालूडीह निवासी लक्खी मार्डी और पार्वती मुर्मू तथा मुसाबनी निवासी कुंदु मार्डी गंभीर रूप से घायल हो गए। यूसिल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रत्याशियों को मिला नियमों का प्रशिक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सोमवार को सिदगोड़ा स्थित टाउन हॉल में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मानगो नगर निगम और जुगसलाई नगर परिषद के सभी प्रत्याशी शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने उम्मीदवारों को बैलेट पेपर के माध्यम से होने वाली मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। मतदान की विधि, मतदाता से जुड़े नियम और चुनाव के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि



चुनाव की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना सभी प्रत्याशियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में चुनाव प्रचार के दौरान होने वाले खर्च को लेकर भी विशेष रूप से मार्गदर्शन दिया गया। प्रत्याशियों को बताया गया कि राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित खर्च सीमा का पालन जरूरी है। प्रचार सामग्री, जनसभाओं, विज्ञापनों और अन्य गतिविधियों पर होने वाले खर्च का सही लेखा-जोखा रखना होगा। जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने चुनावी खर्च से संबंधित कर नियमों और वैधानिक प्रक्रियाओं की जानकारी भी साझा की। प्रशिक्षण के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए एआरओ सह रिटर्निंग ऑफिसर कल्याण आनंद ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप सभी प्रत्याशियों को चुनाव संबंधी नियमों से अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य नगर निकाय को चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना है।

## 14 फरवरी को पुलवामा आतंकी हमले में शहीद सैनिकों को एनएचआरए देगा श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की अनुमंडल शाखा की बैठक स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में हुई। अध्यक्षता अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित एवं संचालन कार्यक्रम सचिव मनोज कुमार ने की। बतौर अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी, प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, प्रदेश संयोजक भरत यादव, प्रदेश विधि सचिव डॉ सुनील कुमार दत्त, सह सचिव तुलसी प्रसाद यादव, प्रदेश संगठन सचिव बिपिन बिहारी, प्रदेश सह संयोजक रवि शंकर कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। नव मनोनीत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी को अनुमंडल एवं प्रदेश टीम के द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर एवं माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान



किया गया। बैठक तय किया गया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की ओर से आगामी 14 फरवरी को पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए 40 वीर सैनिकों की स्मृति में प्रखंड परिसर बरही में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। वीर सैनिकों की याद में वर्ग सप्तम तक के विद्यार्थियों के बीच एक निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम साढ़े 10 बजे से शुरू होगा। वहीं श्रद्धांजलि सभी 12 बजे से शुरू होगा।

## नगर पंचायत चुनाव की तैयारी तेज, पीठासीन व मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** खूंटी में नगर पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त आर. रॉनिटा के निर्देश पर सोमवार को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय में प्रथम चरण के पीठासीन पदाधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान नगर पंचायत क्षेत्र के 30 मतदान केंद्रों पर होने वाले मतदान को लेकर नियुक्त मतदानकर्मियों को उनके दायित्वों और जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनरों ने मतदान से पूर्व मतपेटिका को बूथ पर तैयार करने की निर्धारित प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से समझाया, ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। इस अवसर पर मतदानकर्मियों को आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों से भी अवगत



कराया गया। साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप, प्रभारी पदाधिकारी-सह-भूमि सुधार उपसमाहर्ता अरविंद ओझा, परियोजना पदाधिकारी परमेश्वर अग्रवाल सहित जिला प्रशिक्षण कोषांग के मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि निर्वाचन से संबंधित किसी भी जानकारी, समस्या या शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 06528-220056 / 1950 तथा नियंत्रण कक्ष के फोन नंबर 06528-295205 पर संपर्क करें, ताकि समय पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## मानगो नगर निगम चुनाव में कांग्रेस की आंतरिक कलह, जेबा खान के निष्कासन से गहराया संकट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** मानगो नगर निगम चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी राजनीति खुलकर सामने आने लगी है। चुनावी माहौल में जहां अन्य दल अपनी रणनीति को धार देने में जुटे हैं, वहीं कांग्रेस इस वक्त गंभीर संगठनात्मक उलझन से गुजर रही है। पार्टी की प्रदेश सचिव और मेयर पद की उम्मीदवार जेबा खान को छह वर्षों तक निष्कासित किए जाने के बाद यह सियासी टकराव अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। कांग्रेस ने मानगो नगर निगम चुनाव के लिए पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता की पत्नी सुधा गुप्ता को अपना समर्थित उम्मीदवार घोषित किया है। इसके बावजूद जेबा खान के चुनावी मैदान में डटे रहने को पार्टी ने



अनुशासनहीनता माना। तमाम कोशिशों के बाद भी जब जेबा खान ने नाम वापस नहीं लिया, तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने उन्हें अगले आदेश तक पार्टी से निलंबित कर दिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष परविंदर सिंह समेत अन्य नेताओं ने प्रेस वार्ता कर इस कार्रवाई की पुष्टि की और कहा कि पार्टी लाइन के खिलाफ जाकर काम करना किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है। हालांकि इस फैसले ने कांग्रेस के भीतर भूचाल ला दिया है। पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने खुले मंच से जेबा खान के समर्थन में बयान दिए और उनके पक्ष में नारेबाजी भी की। इससे कांग्रेस के भीतर दो स्पष्ट गुट उभर आए हैं—एक जो संगठन के फैसले के साथ खड़ा है और दूसरा जो जेबा खान को जनाधार वाली और स्वीकार्य उम्मीदवार मान रहा है। यह टकराव केवल उम्मीदवार चयन तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि स्थानीय नेतृत्व, प्रभाव और भविष्य की राजनीति से भी जुड़ गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जेबा खान का निष्कासन कांग्रेस के लिए डैमेज कंट्रोल की बजाय नुकसानदेह साबित हो सकता है। खासकर तब, जब नगर निकाय चुनाव पार्टी चिह्न पर नहीं लड़ा जा रहा है। ऐसे में आंतरिक कलह विपक्ष को कांग्रेस पर हमलावर होने का मौका दे रही है। मानगो का यह चुनाव अब सिर्फ स्थानीय विकास का मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि कांग्रेस की संगठनात्मक एकजुटता, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन की बड़ी परीक्षा बन गया है।


**झारखण्ड सरकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(कृषि प्रभाग)**
**कार्यालय- भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सिमडेगा**
**संयुक्त कृषि भवन, द्वितीय तल्ला, सिमडेगा - 835223**

**वितीय वर्ष 2025–26 में राज्य योजनान्तर्गत संचालित मृदा एवं जल संरक्षण योजनान्तर्गत नई उपयोजना ''समेकित बिरसा पक्का चेक डैम'' निर्माण हेतु सूचना।**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड, राँची का राज्यादेश सख्या 71 दिनांक 15.01.2026 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 राज्य योजनान्तर्गत संचालित मृदा एवं जल संरक्षण योजनान्तर्गत नई उपयोजना ''समेकित बिरसा पक्का चेक डैम (बिरसा पक्का चेक डैम, लूज बोल्डर चेक डैम तथा गार्डवाल अवयवों सहित)'' निर्माण जिससे वार्षिक प्रवाह वाले राज्य के छोटे–छोटे नालो में बहते हुए पानी का कृषि कार्य में समुचित उपयोग किया जा सके। वार्षिक प्रवाह वाले नाले में एक समेकित बिरसा चेक डैम के निर्माण से लगभग 6–7 हे0 भूमि में पूरे साल सिंचाई संविधा उपलब्ध होगी। योजनान्तर्गत लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों को योजना से आच्छादित किया जायेगा इस योजना के कार्यान्वयन हेतु कृषक समूहों को 90 प्रतिशत अनुदान की राशि उपलब्ध कराया जायेगा। योजना का कार्यान्वयन प्रस्तावित स्थल से लाभान्वित होने वाले कृषकों के द्वारा गठित पानी पंचायत समिति के माध्यम से किया जायेगा। संबंधित जिला के भूमि संरक्षण पदाधिकारी/भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी/सहायक कृषि अभियंता/ सहायक भूमि संरक्षण पदाधिकारी/कनीय अभियंता के द्वारा वैज्ञानिक आधार पर (On Scintific Basis) राज्य के प्रत्येक जिले में ग्राम/स्थल चयन की प्राथमिकता हेतु 100 अंक का तय तकनीकी मापदण्ड के अनुरूप प्रतिवेदन तैयार किया जायेगा। जिसमें कम से कम 75 अंक प्राप्त करने आवश्यक होंगे। चयनित योजना पर स्थानीय जनप्रतिनिधि का अनुशंसा प्राप्त कर चयनित एवं अनुशंसित सूची का अनुमोदन किया जायेगा।

**जिलावार भौतिक एवं वितीय लक्ष्य**

| क0सं0 | जिला का नाम | मद | भौतिक लक्ष्य (संख्या में) | वितीय लक्ष्य (लाख रू0) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिमडेगा | टी0एस0पी0 | 5 | 100.00 | |

समेकित बिरसा पक्का चेक डैम निर्माण हेतु आवेदन–पत्र जमा करने की तिथि 16.02.2026 निर्धारित की जाती है।
विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
कार्यालय का पता– भूमि संरक्षण कार्यालय, सिमडेगा
संयुक्त कृषि भवन, द्वितीय तल्ला, सिमडेगा – 835223
मोबाईल नम्बर :– 6207602934, 9798450893

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 372592 Simdega (25-26)_D



**कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा**
**(Email-id: zplohardaga@gmail.com)**

**ई–निविदा**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या – 08/2025–26(ZP) दिनांक 09.02.2026

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | सेन्हा | अर्रू | कल्हेपाट डीपाटोली | सुरेश महतो के घर से सहमु अंसारी के घर होते हुए जहरली के घर के ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2243400.00 | 5000.00 | 44900.00 | 03(तीन) माह |
| 2 | पेशरार | सीरम | मक्का | मच्छरमरवा नदी में जेठन सिंह के खेत से रामलाल सिंह खेत तक टॉपवाल निर्माण। | 1725000.00 | 5000.00 | 34500.00 | 03(तीन) माह |
| 3 | भण्डरा | भण्डरा | भण्डरा | भण्डरा मुख्य पथ से टंगरा होते हुए हरखु साहु के खेत तक पथ निर्माण | 999800.00 | 1250.00 | 20000.00 | 03(तीन) माह |
| 4 | कुडू | जिंगी | जिंगी | ग्राम जिंगी में छठ घाट चबुतरा निर्माण। | 804500.00 | 1250.00 | 16100.00 | 03(तीन) माह |
| 5 | लोहरदगा | हरमू | हरमू | हरमू कोयल नदी पुल के पास बॉक्स पुलिया निर्माण। | 531200.00 | 1250.00 | 10700.00 | 03(तीन) माह |
| 6 | कुडू | कोलसीमरी | सुकुरहुटु | ग्राम सुकुरहुटु में विजय साहु के घर पास बॉक्स पुलिया निर्माण। | 462100.00 | 750.00 | 9300.00 | 03(तीन) माह |
| 7 | कुडू | कोलसीमरी | सुकुरहुटु | ग्राम सुकुरहुटु में शाम उराँव के घर पास बॉक्स पुलिया निर्माण। | 462100.00 | 750.00 | 9300.00 | 03(तीन) माह |
| 8 | कुडू | चीरी | सियारपारा | ग्राम सियारपारा में मिस्त्री मास्टर के घर से बदरी उराँव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 368800.00 | 750.00 | 7400.00 | 03(तीन) माह |

2 वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :— 11.02.2026
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :— 19.02.2026/10:00 बजे पूर्वाह्न तक
4 निविदा खोलने की तिथि व समय :— 20.02.2026/11:00 बजे पूर्वाह्न में
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :— जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
6 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :— जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट — 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं ।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 372656 Lohardaga(25-26).D

# सत्ता का भ्रष्ट बाजार और भारत का नैतिक संकल्प

आधुनिक युग में मानवता अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रही है। वैज्ञानिक नवाचार, आर्थिक विस्तार और राजनीतिक प्रभाव उन ऊंचाइयों तक पहुंच चुके हैं, जिन्हें मानव इतिहास में पहले कभी नहीं देखा गया। राष्ट्र अधिक शक्तिशाली हो गए हैं, तकनीक अधिक बुद्धिमान हो गई है और लोग पहले से कहीं अधिक जुड़े हुए हैं। किंतु इस शक्ति और क्षमता के बढ़ते विस्तार के साथ साथ चरित्र, नैतिकता और मानवीय संवेदनशीलता में एक चिंताजनक गिरावट भी दिखाई दे रही है। आज दुनिया एक विरोधाभासी मोड़ पर खड़ी है, जहां भौतिक प्रगति तेजी से आगे बढ़ रही है, वहीं समाज की नैतिक और आचारिक नींव कमजोर पड़ती जा रही है। सत्ता अपने आप में न तो अच्छी होती है, न बुरी। उसका मूल्य पूरी तरह उस व्यक्ति के चरित्र पर निर्भर करता है जिसके हाथ में वह होती है। जब सत्ता का संचालन बुद्धिमत्ता, सत्यनिष्ठा और करुणा से होता है, तब वह प्रगति, स्थिरता और सामंजस्य का निर्माण करती है, लेकिन जब वह स्वार्थ, लालच और अहंकार के अधीन हो जाती है तो विनाशकारी बन जाती है। सदगुणों से रहित अधिकार समाज का निर्माण नहीं करता, बल्कि उसे भीतर से तोड़ देता है। यही हमारे समय का मौन संकट है। कोई व्यक्ति कितना भी प्रभावशाली, धनी, शिक्षित या सम्मानित क्यों न बन जाए, यदि उसका नैतिक और सामाजिक चरित्र भ्रष्ट है, तो वह समाज के लिए गंभीर खतरा बन जाता है। इतिहास ने बार बार यह सिद्ध किया है कि सत्ता और धन का दुरुपयोग राष्ट्रों की नींव को कमजोर कर देता है। जब प्रभावशाली पदों पर बैठे लोग सामूहिक हित के बजाय निजी लाभ को प्राथमिकता देने लगें तब भ्रष्टाचार एक रोग की तरह फैलता है। संस्थाएं कमजोर पड़ जाती हैं, विश्वास समाप्त हो जाता है और लोगों का न्याय तथा निष्पक्षता पर भरोसा डगमगाने लगता है। देखने में आज यही आ रहा है कि यह संकट किसी एक देश तक सीमित नहीं है। वैश्विक युग में नैतिक पतन हर महाद्वीप पर दिखाई देता है। धन, प्रसिद्धि और नियंत्रण की अंधी दौड़ ने ऐसी संस्कृति को जन्म दिया है, जहां सफलता का मापदंड अक्सर नैतिक आचरण के बजाय भौतिक उपलब्धियां बन गई हैं। भोगवाद और उपभोक्तावाद जीवनशैली पर हावी हैं। डिजिटल लत ने सार्थक मानवीय संबंधों की जगह ले ली है। कृत्रिम लोकप्रियता ने सच्चे सम्मान को पीछे छोड़ दिया है। संसाधनों की होड़ तीव्र और कई बार निर्मम हो चुकी है। शक्तिशाली राष्ट्र, विशाल कॉरपोरेट साम्राज्य और प्रभावशाली वैश्विक संस्थाएं मानव मूल्यों की रक्षा और विकास को बढ़ावा देने का दावा करती हैं। वे कल्याण, मानवाधिकार और प्रगति की भाषा बोलती हैं। परंतु इस सुसज्जित छवि के पीछे एक चिंताजनक सच्चाई भी छिपी है। अपार धन और संसाधनों ने कई बार इन व्यवस्थाओं को मानवीय पीड़ा के प्रति उदासीन बना दिया है। लालच फैसलों को संचालित करता है। विकास के नाम पर पर्यावरण का विनाश जारी है। तकनीकी प्रगति कई बार मानसिक और सामाजिक बंधन का कारण बन जाती है। आधुनिकीकरण की दौड़ में सांस्कृतिक परंपराएं धीरे -धीरे क्षीण हो रही हैं। मनोरंजन उद्योग पर्दे पर ऐसे अतिरंजित नायकों को महिमामंडित करता है जो दुनिया को बचाते हैं, जबकि वास्तविक दुनिया में होने वाले अनेक कार्य विभाजन, संघर्ष और शोषण को बढ़ावा देते हैं। जो राष्ट्र लोकतंत्र और समानता के मूल्यों का गर्व से गुणगान करते हैं, वे कभी कभी युद्धों, संसाधनों के दोहन और आर्थिक प्रभुत्व में भी भागीदार बनते हैं। शब्दों और कर्मों के बीच की खाई इतनी चौड़ी हो गई है कि उसे अब अनदेखा नहीं किया जा सकता। मानवता की चिंता का भव्य प्रदर्शन उसके भीतर छिपे पाखंड को अब नहीं ढक सकता। दुनिया जिस गति से मूल्यहीन जीवन की ओर बढ़ रही है, वह चिंताजनक है। नैतिकता को धीरे धीरे विकल्प की तरह देखा जाने लगा है और सफलता को जिम्मेदारी से अलग कर दिया गया है। यह नैतिक संकट अब एक वैश्विक महामारी का रूप ले चुका है। ऐसे समय में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

## सूडोकु नवताल- 7701

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7700 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

# देश के शहीदों के नाम एक 'शहीद मेला' के आयोजन के मायने

**विजय केसरी**

हजारीबाग जिले के इचाक पंचायत के बोधीबागी मैदान में देश के वीर शहीदों को समर्पित दस दिवसीय शहीद मेला का आयोजन अपने आप में एक अनूठा और देशवासियों के बीच देश भक्ति का अलख जगाने का एक सार्थक प्रयास है। ऐसे देश के विभिन्न प्रांतो में शहीद मेले का आयोजन शहीदों की पुण्यतिथि और जन्मतिथि पर होते रहते हैं। इस तरह के मेलों के आयोजन से लोगों में राष्ट्र के प्रति समर्पण के भावना जागृत होती है। झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच ने हजारीबाग जिले में इस तरह की पहल कर झारखंड वासियों को गौरांवित कर दिया है। इस शहीद मेला की चर्चा संपूर्ण देश में हो रही है। यह शहीद मेला झारखंड प्रांत का पहला शहीद मेला कहा जा सकता है। यह शहीद मेला पूरी तरह शहीदों के नाम समर्पित है। इस शहीद मेले की खासियत यह है कि इस मेले में समाज के सभी वर्ग के लोग सम्मिलित होंगे। यह मेले को राजनीति से बिल्कुल दूर रखा गया है। यह पूरी तरह एक गैर राजनीतिक सामाजिक आयोजन है। इस दस दिवसीय शहीद मेला में लोग अपने-अपने विचारों को रखेंगे। इसके साथ ही इस मेला में लोगों को यह भी जानकारी दी जाएगी कि झारखंड प्रांत के कौन-कौन से वीर शहीदों ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति थी।

झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता एवं प्रदेश सचिव अजीम अंसारी ने इस शहीद मेला को एक बड़ा ही अच्छा स्वरूप प्रदान किया है। मेला के माध्यम से झारखंड के वीर शहीदों को एक सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। मेला भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारे पूर्वज हजारों वर्ष पूर्व से मेला का आयोजन करते रहे हैं। मेला के माध्यम से लोग एक दूसरे से परिचित होते रहे हैं। एक गांव वाले दूसरे गांव वाले को जान पाते हैं। लोग एक दूसरे की बोलचाल, रहन-सहन, रीति रिवाज को जान पाते हैं। इसके साथ ही व्यापार भी होता है, जिसका सबों को आर्थिक लाभ भी प्राप्त होता है। भारत के विकास में इस तरह के मेलों का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आज की बदली सामाजिक परिदृश्य में भी बड़े-बड़े शहरों में भव्य मेलों का आयोजन होता रहता है। इस तरह के मेलों के माध्यम से लोगों को बहुत नई नई बातों की जानकारी दी जाती है। लोग ऐसे मेलों में सम्मिलित होकर बहुत कुछ नया सीख पाते हैं। भारत सरकार किसानों में जागृति लाने के लिए किसान मेला का आयोजन करती रहती है। वहीं देश के आर्थिक विकास को गति प्रदान करने के लिए व्यापार मेले का आयोजन किया जाता है। देश के विज्ञान को विकसित करने के लिए विज्ञान मेले का आयोजन होता रहता है।

शहीद मेला के माध्यम से लोगों को यह जानकारी दी जाएगी कि देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों की चौकसी के कारण ही हम सब अपने-अपने घरों में सुरक्षित रह पा रहे हैं। देश की सीमा की सुरक्षा की संपूर्ण जवाबदेही देश के सैनिकों के जिम्मे होती है। हमारे देश के वीर सैनिक किसी भी परिस्थिति का मुकाबला करने के लिए चौबीसों घंटे तत्पर रहते हैं। देश के वीर सैनिक देश की सीमा की सुरक्षा के लिए हंसते-हंसते अपने कुबार्नी दे देते हैं। देश के वीर सैनिकों की कुबार्नी पर सदा देशवासियों को नाज रहेगा। देश की आजादी की लड़ाई हम सबों ने मिलजुल कर लड़ी थी। लंबे संघर्ष के बाद 15 अगस्त 1947 को देश को आजादी मिली थी। आज हम सबों को देश की रक्षा भी मिलजुल कर करने की जरूरत है। आज की बदली अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में सीमा की सुरक्षा किसी भी राष्ट्र के लिए बहुत जरूरी हो गया है। अगर सीमा की सुरक्षा में थोड़ी भी कमी अथवा लापरवाही हुई तो देश के भीतर घुसपैठिये घुसकर कुछ भी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। इस तरह की घटना देश की एकता और अखंडता को प्रभावित कर सकती है। खास कर भारत जैसे संवेदनशील देश, जिसके चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी हों। भारत को अपनी सुरक्षा के प्रति सदा चौकस रहने की जरूरत है। जब-जब देश की सुरक्षा की बात आई, तब तब हमारे वीर सैनिकों ने अपने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा की। शहीद मेला में शहीदों की शहादत,देश की सुरक्षा और वीर सैनिकों के योगदान की जानकारी दी जाएगी। अमर शहीद क्रांतिकारी अशफाक उल्लाह खान की ये पंक्तियां हमेशा देशवासियों को प्रेरित करती रहेगी। 'शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा' । हजारीबाग के इस गांव को प्रेरित करती हैं। देश की आजादी के बाद से अब तक हजारीबाग जिले से सैकड़ो की संख्या में वीर शहीदों ने अपने-अपने प्राणों की आहुति दी । यह हजारीबाग जिले का सौभाग्य है कि इस धरती ने सीमा के प्रहरियों को जन्म देकर इस धरती को गौरान्वित किया है । आज उसी पवित्र भूमि पर शहीदों के सम्मान में मेला का आयोजन किया गया है, ये शहीद अपने-अपने बचपन बीताए। इसी माटी में खेले थे। इसी माटी से उत्पन्न अनाज खाएं थे। दस दिवसीय मेले का मुख्य उद्देश्य गांव के लोगों को अपने शहीद के बारे में बताना और उनके परिवार वालों को सम्मान प्रदान करना है। यह बताना है कि पूरा देश शाहिद के परिवार जनों का आभारी है। शहीद मेला में देश के वैसे सपूत जिन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान देश की रक्षा के लिए दिए हैं, उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है। कारगिल शहीद रघुवीर प्रसाद मेहता के स्मारक पर दर्जनों शाहिद के तस्वीर लगे हुए हैं। इन तस्वीरों के माध्यम से यह बताया जा रहा है कि इन योद्धा के कारण हमारा देश सुरक्षित है।

इचाक के रहने वाले वीर शहीद रघुवीर प्रसाद मेहता, जिन्होंने कारगिल युद्ध में अपना जीवन देश के नाम न्योछावर कर दिया, उनके आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ ही इस मेला की शुरूआत होती है। साथ ही इचाक के रहने वाले देश की सरहद की रक्षा करते हुए शहीद राजेश मिंज ने अपना बलिदाना दिया था। इन दोनों को मेला में श्रद्धांजलि दी जाती है। इस कार्यक्रम में देश के कई वीर सपूतों के तस्वीरें लगाई जाती हैं जिन्होंने अपना जीवन देश के लिए न्योछावर कर दिया था। ईसाई की धरती से दर्जनों स्वतंत्रता सेनानी अंग्रेजों को खुली चुनौती दी थी। दूसरी ओर कई जवान देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए थे। इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन होना पूरे देश को संदेश देता है कि हर एक गांव में इस तरह का कार्यक्रम होना चाहिए। शहीद मेला के जरिए समाज के लोगों को वीर शहीदों के बलिदान को याद करता है।

# आर्थिक चुनौतियों से अवसर तक की रणनीतिक यात्रा है भारत-अमेरिका ट्रेड डील

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में हुई ट्रेड डील (व्यापार समझौता) को लेकर देश की राजनीति में बहस तेज है। कांग्रेस और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जैसे विपक्षी दल इस समझौते को भारत विरोधी करार दे रहे हैं, किंतु आर्थिक तथ्यों और हालिया परिस्थितियों का विश्लेषण यह संकेत देता है कि यह समझौता भारत के हितों को ध्यान में रखकर किया गया एक रणनीतिक और व्यावहारिक कदम है। विशेष रूप से उस समय जब अमेरिका द्वारा बढ़ाए गए टैरिफ ने भारतीय अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचाया। वस्तुतः यह समझौता नुकसान की भरपाई और भविष्य की स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास के रूप में देखा जाना चाहिए।

## टैरिफ का आर्थिक झटका और भारत की चुनौती

अमेरिका द्वारा पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर भारत के कई उत्पादों पर 25 फीसद से 50 फीसद तक टैरिफ बढ़ाए जाने का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर गहरा पड़ा। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार रहा है, जहां से भारत को लगभग 86.5 अरब डॉलर का वार्षिक निर्यात मिलता है। मई से अक्टूबर 2025 के बीच निर्यात में 28.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जोकि 8.83 अरब डॉलर से घटकर 6.31 अरब डॉलर तक पहुंच गया।

टेक्सटाइल, ज्वेलरी, इंजीनियरिंग सामान और स्टील जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर इसका सीधा असर पड़ा। विशेष रूप से टेक्सटाइल, जूते, मणि-मोती और सीफूड जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों में गिरावट अधिक रही, क्योंकि इन उत्पादों का बड़ा हिस्सा 50 फीसद टैरिफ के दायरे में आ गया। अनुमान है कि 60.2 अरब डॉलर के निर्यात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लागू होने से लगभग 30 अरब डॉलर यानी करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष नुकसान हुआ।

यदि व्यापक आर्थिक प्रभावों का आकलन किया जाए तो यह नुकसान शेयर बाजार में गिरावट, विदेशी निवेश का पलायन, रुपये की कमजोरी और जीडीपी वृद्धि में कमी जैसे कई अप्रत्यक्ष नुकसान के रूप में भी सामने आया। जुलाई 2025 में 25 फीसद टैरिफ की घोषणा के बाद निफ्टी और सेंसेक्स में 3-5 प्रतिशत की गिरावट आई। विदेशी निवेशकों ने नौ दिनों में 27,000 करोड़ रुपये और पूरे महीने में 42,000 करोड़ रुपये तक निकाले। वर्ष 2025 में कुल एफआईआई आउटफ्लो 1.7 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया था।

## रुपये की गिरावट और बढ़ता आयात बोझ

टैरिफ का एक और बड़ा असर भारतीय रुपये पर पड़ा। अगस्त 2025 में रुपया 88.31 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया। यदि पहले के स्तर 83984 रुपये प्रति डॉलर से तुलना की जाए, तो लगभग 5 रुपये की गिरावट ने भारत के आयात बिल पर सालाना 4-5 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ डाल दिया। फरवरी 2026 तक रुपये की गिरावट से जुड़े कुल नुकसान का अनुमान लगभग 8.3 लाख करोड़ रुपये तक लगाया गया। यह स्थिति सिर्फ विदेशी व्यापार तक सीमित नहीं रही, इसका असर घरेलू महंगाई, उत्पादन लागत और उपभोक्ता मांग पर भी पड़ा। गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और कर्नाटक जैसे औद्योगिक राज्यों के एमएसएमई सेक्टर पर विशेष दबाव देखा गया, जहां लाखों नौकरियां जोखिम में आ गईं।

## जीडीपी पर असर और कुल आर्थिक नुकसान

भारत की जीडीपी 2024-25 में 330.68 लाख करोड़ रुपये थी और 2025-26 में इसके 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़कर 357.14 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। लेकिन बढ़े हुए टैरिफ के कारण जीडीपी वृद्धि में 0.4 फीसद से एक प्रतिशत तक की कमी का अनुमान लगाया गया। 0.5 फीसद की कमी का मतलब लगभग 1.8 लाख करोड़ रुपये का सीधा नुकसान है। यदि निर्यात हानि (2.5 लाख करोड़ रुपये), एफआईआई आउटफ्लो (1.7 लाख करोड़ रुपये), रुपये की गिरावट (4 लाख करोड़ रुपये) और जीडीपी नुकसान (करीब 2 लाख करोड़ रुपये) को जोड़कर देखा जाए, तब उस स्थिति में फरवरी 2026 तक कुल आर्थिक नुकसान लगभग 10 लाख करोड़ रुपये के आसपास आंका गया है। यह एक बड़ा संकेत है कि वैश्विक व्यापार नीतियों में बदलाव का असर भारत जैसे विकासशील देश पर कितना गहरा हो सकता है।

## ऐसे समय में समझौते का महत्व

यही वह संदर्भ है जिसमें भारत-अमेरिका ट्रेड डील का महत्व समझा जाना चाहिए। आज ये समझौता व्यापार बढ़ाने का माध्यम तो है ही, साथ में आर्थिक नुकसान को रोकने और स्थिरता लाने की रणनीति भी है। खास बात यह है कि भारत ने यह समझौता अपनी शर्तों पर किया है, विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में। अमेरिका लंबे समय से चाहता था कि भारत अपने कृषि बाजार को अधिक खोल दे, किंतु भारत ने अपने किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए उन शर्तों को स्वीकार नहीं किया। वस्तुतः यह दृष्टिकोण इस बात का संकेत है कि भारत व्यापारिक समझौतों में अपनी प्राथमिकताओं को प्राथमिकता दे रहा है। यह नई आत्मनिर्भरता की परिभाषा है।

## निवेश, तकनीक और नए अवसर

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस समझौते को दोनों देशों के लिए संभावनाओं से भरा बताया है। उनका मानना है कि अगले 5-6 वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच व्यापार 500 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। यह तकनीक और निवेश के नए रास्ते खोलने वाला कदम है। विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा सेंटर जैसे उभरते क्षेत्रों में इस डील से बड़े निवेश की संभावना है। इससे भारत वैश्विक सप्लाई चेन में अपनी स्थिति मजबूत कर सकेगा और मेक इन इंडिया अभियान को नई गति मिलेगी।

## एमएसएमई और रोजगार पर सकारात्मक असर

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) का मानना है कि इस समझौते से एमएसएमई सेक्टर को अमेरिकी बाजार में नए अवसर मिलेंगे। कपड़ा, चमड़ा, ज्वेलरी, सस्ती दवाइयां, ऑटोमोबाइल और इंजीनियरिंग सामान जैसे क्षेत्रों में भारतीय उत्पाद अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे। इससे उत्पादन बढ़ेगा और युवाओं व महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। एमएसएमई भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यदि इस सेक्टर को स्थिर और बड़ा बाजार मिलता है, तो इसका असर सीधे तौर पर रोजगार और आय पर पड़ेगा।

## रणनीतिक संतुलन और आत्मनिर्भरता

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति के सदस्य संजीव सान्याल ने स्पष्ट किया है कि भारत अब हर चीज खुद बनाने के पुराने मॉडल से आगे बढ़ चुका है। अब आत्मनिर्भरता का मतलब है कि जो चीजें रणनीतिक रूप से जरूरी हैं, उन्हें देश में मजबूत किया जाए और बाकी क्षेत्रों में वैश्विक सहयोग लिया जाए। यह दृष्टिकोण बताता है कि भारत अब वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी भूमिका को समझते हुए व्यवहारिक और संतुलित निर्णय ले रहा है। सस्ती ऊर्जा, सस्ते संसाधन और मजबूत व्यापारिक संबंध भारत की प्राथमिकता हैं। इसलिए जब हम आर्थिक आंकड़ों और वास्तविक परिस्थितियों को देखते हैं, तो स्पष्ट होता है कि यह ट्रेड डील भारत के लिए एक रक्षात्मक और आक्रामक दोनों तरह की रणनीति का हिस्सा है।

ऐसे में कहना यही होगा कि एक ओर यह टैरिफ से हुए भारी नुकसान को कम करने का प्रयास है, तो दूसरी ओर यह भविष्य में निवेश, तकनीक और निर्यात के नए अवसर खोलने वाला कदम है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत ने अपने कृषि हितों से समझौता किए बिना यह समझौता किया है, इसलिए यह कहना अधिक उचित होगा कि यह डील व्यापारिक समझौता से अधिक भारत की आर्थिक कूटनीति का परिपक्व उदाहरण है, जहां देश ने अपने हितों की रक्षा करते हुए वैश्विक अवसरों को अपनाने का संतुलित मार्ग अपनाया है।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# पोषण सुरक्षा और टिकाऊ कृषि का प्रभावी साधन हैं दालें

**योगेश कुमार गोयल**

हर साल 10 फरवरी को मनाया जाने वाला 'विश्व दलहन दिवस' हमें यह सोचने का अवसर देता है कि जिन दालों को हम रोजमर्रा के भोजन का साधारण हिस्सा मान लेते हैं, वे वास्तव में मानव सभ्यता और प्रकृति के बीच संतुलन की एक गहरी कड़ी हैं। खेतों से लेकर थाली तक की यह यात्रा केवल भोजन भर की नहीं है बल्कि इसमें पोषण, पर्यावरण, कृषि और भविष्य की खाद्य सुरक्षा के सूत्र छिपे हैं। वर्ष 2026 की आधिकारिक थीम 'विश्व की दलहनः सादगी से उत्कृष्टता की ओर' इसी सच्चाई को रेखांकित करती है कि छोटे से दिखने वाले बीज किस तरह वैश्विक समाधान बनकर उभर रहे हैं।

यह दिवस खाद्य एवं कृषि संगठन के नेतृत्व में विश्वभर में मनाया जाता है। दिसंबर 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इस दिवस की घोषणा के बाद से 2019 से यह निरंतर मनाया जा रहा है। इसकी प्रेरणा 2016 में मनाए गए अंतरराष्ट्रीय दलहन वर्ष से मिली थी, जिसने पहली बार वैश्विक मंच पर यह स्पष्ट किया कि दालें केवल पारंपरिक भोजन नहीं, पोषण सुरक्षा और टिकाऊ कृषि का प्रभावी साधन हैं। दलहन, यानी फलीदार पौधों से प्राप्त सूखे और खाने योग्य बीज, सदियों से मानव आहार का आधार रहे हैं। एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में ये भोजन की रीढ़ रहे जबकि आधुनिक समय तक कुछ क्षेत्रों में इन्हें साधारण या कम मूल्य वाला भोजन समझा गया लेकिन पोषण विज्ञान ने इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया है।

आज यह स्वीकार किया जा चुका है कि दालें उच्च गुणवत्ता वाले पौध-आधारित प्रोटीन का उत्कृष्ट स्रोत हैं। इनके साथ मिलने वाला आहार फाइबर पाचन को बेहतर बनाता है, रक्त शर्करा को नियंत्रित करता है और हृदय रोगों के जोखिम को कम करता है। आयरन, जिंक, फोलेट, मैग्नीशियम और बी-विटामिन्स जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व इन्हें हर आयु वर्ग के लिए उपयोगी बनाते हैं। कम वसा और कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स के कारण ये आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के विरुद्ध प्राकृतिक सुरक्षा प्रदान करती हैं। पर्यावरण की दृष्टि से दालों का महत्व और भी व्यापक है। इनमें मिट्टी में वायुमंडलीय नाइट्रोजन को स्थिर करने की प्राकृतिक क्षमता होती है, जिससे खेतों की उर्वरता बढ़ती है और रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता कम होती है।

अन्य फसलों की तुलना में इन्हें कम पानी की जरूरत पड़ती है और इनका कार्बन फुट प्रिंट भी कम होता है। यही कारण है कि बदलते जलवायु परिदृश्य में दलहन को जलवायु-अनुकूल और भविष्य की फसल माना जा रहा है। सीमित संसाधनों और अनिश्चित मौसम के दौर में ये फसलें किसानों और पर्यावरण दोनों के लिए भरोसेमंद विकल्प बनती जा रही हैं। वैश्विक खाद्य सुरक्षा के संदर्भ में भी दलहन की भूमिका निर्णायक है। तेजी से बढ़ती आबादी, कुपोषण और जलवायु अस्थिरता के बीच दालें सस्ती, सुलभ और पोषण से भरपूर समाधान प्रस्तुत करती हैं। भूख मुक्त समाज, बेहतर स्वास्थ्य और टिकाऊ विकास जैसे वैश्विक लक्ष्यों को हासिल करने में इनका योगदान प्रत्यक्ष और प्रभावी है।

भारत में विश्व दलहन दिवस का महत्व केवल एक वैश्विक तिथि तक सीमित नहीं रहता बल्कि यह देश की कृषि परंपरा, पोषण दृष्टि और सांस्कृतिक चेतना से गहराई से जुड़ जाता है। भारत न केवल विश्व के प्रमुख दलहन उत्पादक और उपभोक्ताओं में अग्रणी है बल्कि यहां की खाद्य संस्कृति में दाल को संतुलित आहार की आत्मा माना गया है। दाल-चावल, दाल-रोटी और खिचड़ी जैसे सरल, सुलभ और पौष्टिक भोजन सदियों से भारतीय समाज में स्वास्थ्य, सादगी और सहजीवन के प्रतीक रहे हैं। दलहन केवल थाली की शोभा नहीं बल्कि पोषण सुरक्षा की मजबूत आधारशिला हैं। इनमें प्रचुर मात्रा में प्रोटीन, फाइबर, खनिज और सूक्ष्म पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो कुपोषण से लड़ने और स्वास्थ्य सुधारने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। विशेषकर शाकाहारी आबादी के लिए दालें सस्ती, टिकाऊ और भरोसेमंद प्रोटीन स्रोत हैं।

कुल मिलाकर, यह दिवस किसानों के लिए भी नई संभावनाओं का द्वार खोलता है। दलहन आधारित फसल चक्र अपनाने से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है, नाइट्रोजन स्थिरीकरण के कारण रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटती है और जल संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। परिणामस्वरूप किसानों की लागत कम होती है और आय में स्थिरता आती है। साथ ही, जलवायु परिवर्तन के दौर में दलहन खेती पर्यावरण के अनुकूल समाधान प्रस्तुत करती है। उपभोक्ताओं के लिए यह अवसर अपने भोजन विकल्पों पर पुनर्विचार करने का संदेश देता है, अधिक पौध आधारित, स्थानीय और पोषण-संपन्न आहार की ओर लौटने का आह्वान। दालें यह सिद्ध करती हैं कि सादगी में भी उत्कृष्टता छिपी होती है। यदि नीति-निर्माता, किसान और उपभोक्ता मिलकर दलहनों को प्राथमिकता दें तो स्वास्थ्य, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था, तीनों को एक साथ मजबूती मिल सकती है। सच यही है कि छोटे-छोटे बीज मिलकर एक सुरक्षित, स्वस्थ और टिकाऊ भविष्य की नींव रखते हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## दैनिक पंचांग

**10 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | कुंभ | 06.49 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मीन | 08.22 बजे से |
| मंगल | मकर में | मेष | 09.52 बजे से |
| बुध | कुंभ में | वृष | 11.32 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मिथुन | 13.31 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | कर्क | 15.44 बजे से |
| शनि | मीन में | सिंह | 18.00 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कन्या | 20.12 बजे से |
| केतु | सिंह में | तुला | 22.23 बजे से |
| राहुकाल | | वृश्चिक | 00.38 ब.से |
| 3.00 से 4.30 | | धनु | 02.54 बजे से |
| बजे तक | | मकर | 04.59 बजे से |

**मंगलवार** 2026 वर्ष का 41 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** अष्टमी 07.28 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** विशाखा 07.55 बजे को समाप्त।
**योग** ध्रुव 01.42 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** कौलव 07.28 बजे तदनन्तर तैतिल 20.44 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 22.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 14° 25'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872616
**जूलियन दिन** 2461081.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सावान
**तारीख** 21

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

एक नजर

## हत्या के आरोपी को भेजा गया जेल

**सिमडेगा** : विगत 13 वर्षों से फिरार हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वर्ष 2013 में कोलेबिरा थाना क्षेत्र के बेसराजारा डूमरटोली में डायन बिसाही के आरोप में हत्या की घटना घटित हुई थी। काण्ड के अभियुक्त 1. वाल्टर लुगुन, 2. फुलजेंस लुगुन, और 3. जस्टिन लुगुन को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अन्य अभियुक्त दाउद लुगुन जो काफी दिनों से फिरार चल रहा था, जिसके विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा स्थायी(लाल) वारंट निर्गत किया गया था जिसे विशेष अभियान चलाकर गुप्त सूचना के आधार पर दिनांक-09.02.26 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## चलती बाइक में लगी आग, चालक और सवार ने कूदकर बचायी जान

**पलामू** : पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के गांधीपुर में डालटनगंज-गढवा मुख्य मार्ग पर सोमवार शाम एक चलती अपाची बाइक (जेए14एल 1544) अचानक आग का गोला बन गई। गाड़ी मालिक इंद्रजीत पासवान एवं एक सवार ने कूदकर अपनी जान बचायी। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। आग से जलकर बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी है। बाइक एक वर्ष पुरानी थी। गाड़ी मालिक के अनुसार चलते-चलते बाइक अचानक धुआं छोड़ने लगी। देखते ही देखते उसमें आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया। बाइक चालक एवं सवार ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते बाइक को खड़ा कर अपनी जान बचायाी। आस पास के लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन टंकी में पेट्रोल की मात्रा अधिक रहने के कारण इसमें सफलता नहीं मिली। इंद्रजीत पासवान गढ़वा जिले के रंका के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि रेहला से डालटनगंज किसी काम से जा रहे थे कि ये घटना हो गयी। एक वर्ष पहले बाइक खरीदी थी।

## पुलिसकर्मी बन बुजुर्ग से ठग ली सोने की अंगूठी

**कोडरमा** : जिले में शातिर अपराधी नए-नए तरीके से लोगों से ठगी कर रहे हैं। ताजा मामला तिलैया थाना क्षेत्र के बीएसएनएल एक्सचेंज ऑफिस के निकट का है, जहां एक बुजुर्ग से दो ठगों ने सोमवार को पुलिसकर्मी बनकर सोने की अंगूठी ठग ली है। घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित बद्रीनारायण प्रसाद ने बताया कि सोमवार को वे झुमरीतिलैया नगर परिषद कार्यालय अपने मकान का होल्डिंग टैक्स जमा करने के लिए गए थे। वापस लौटने के क्रम में घर से कुछ दूरी पर स्थित रांची-पटना मुख्य मार्ग से जैसे ही वह अपने घर की ओर जाने के लिए मुड़े, ठीक उसी समय मोड़ पर दो लोग सिविल ड्रेस में कमर में पिस्टल लटकाए खड़े हो गए। उन्होंने अपने आपको पुलिसकर्मी बताते हुए कहा कि आजकल ठग बड़े शातिर हो गए हैं और आसपास के क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं। बातचीत के दौरान उन दोनों ने इनसे कहा कि आपने जो यह सोने की अंगूठी अपने उंगली में पहन रखी है, इसे खोलकर झोले में डाल लें। जिस पर इन्होंने घर जाकर उसे उतारने की बात कही, लेकिन उन्होंने इन्हें अपनी बातों में फंसा लिया और इनके उंगली से सोने की अंगूठी खोल एक कागज में लपेटकर उनके झोले में डालने का बहाना बनाया और वहां से रफू चक्कर हो गए। जब बुजुर्ग ने अपने झोले में हाथ डालकर डाले गए कागज के टुकड़े को खोलकर देखा तो पाया कि उसमें दो नकली अंगूठियां रखी हुई थीं। इसके बाद इन्होंने शोर मचाया, लेकिन तब तक दोनों शातिर ठग वहां से फरार हो चुके थे। उन्होंने बताया कि उनके सोने की अंगूठी लगभग 10 ग्राम की थी, जिसके अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये है।

# समावेशी समाज की ओर कदम : रामगढ़ प्रशासन की ट्रांसजेंडर सशक्तिकरण पहल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : जिले में ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने की दिशा में रामगढ़ जिला प्रशासन लगातार प्रभावी प्रयास कर रहा है। उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज के मार्गदर्शन में प्रशासन द्वारा शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, प्रशिक्षण और आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं, जिससे समुदाय के लोगों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया जा सके। हाल ही में गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों को सम्मानित किया गया, जिससे समाज में समानता और समावेशन का सकारात्मक संदेश



गया। इसके साथ ही एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति को समाहरणालय में कार्य का अवसर प्रदान किया गया है, जिससे उन्हें नियमित आय और आत्मसम्मान मिला है। प्रशासन द्वारा दो अन्य ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को भी शीघ्र नियुक्ति देने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। उपायुक्त ने पतरातू प्रखंड के भुरकुंडा क्षेत्र में रह रहे ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों से प्रत्यक्ष मुलाकात कर उनकी समस्याओं, जीवन स्तर, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को समुदाय की जरूरतों के अनुरूप ठोस कार्ययोजना तैयार करने और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल ने भी भुरकुंडा क्षेत्र का दौरा कर समुदाय के सदस्यों से संवाद किया और उनके आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए आवश्यक पहलों पर चर्चा की। प्रशासन की ओर से ब्यूटीशियन सहित विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, ताकि ट्रांसजेंडर समुदाय के लोग स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकें। रोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से रामगढ़ जिले के छतरमांडू स्थित समाहरणालय परिसर में निर्मित पार्क में जल्द ही ट्रांसजेंडर कैफे की शुरूआत की जाएगी। यह पहल न केवल आजीविका का साधन बनेगी, बल्कि समाज में समान अधिकार और सम्मान की भावना को भी मजबूत करेगी। सार्वजनिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए समाहरणालय, सदर अस्पताल और बस स्टैंड परिसर में ट्रांसजेंडर शौचालय की स्थापना की गई है, जिसका संचालन शीघ्र प्रारंभ होगा। इसके अतिरिक्त समुदाय के लोगों के राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य भी प्राथमिकता पर किया जा रहा है, ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। जिला प्रशासन द्वारा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से भी ट्रांसजेंडर समुदाय को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# वीरता और स्वाभिमान की मिसाल थे तेलंगा खड़िया : जोसिमा खाखा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : विधानसभा क्षेत्र के पालकोट प्रखंड अंतर्गत बघिमा में झारखंड के महान स्वतंत्रता सेनानी और आदिवासी अस्मिता के प्रतीक वीर शहीद तेलंगा खड़िया की 220वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं ने अपनी पारंपरिक संस्कृति और वीरगाथाओं के साथ अपने नायक को याद किया। आयोजन समिति के माथा खड़िया, अनुज खड़िया आदि के नेतृत्व में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में लोगों ने जल-जंगल-जमीन की रक्षा के संकल्प को भी दोहराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य एवं सिमडेगा कांग्रेस महिला मोर्चा की अध्यक्ष जोसिमा खाखा उपस्थित थी। उन्होंने शहीद तेलंगा खड़िया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। अपने



संबोधन में उन्होंने तेलंगा खड़िया के ऐतिहासिक योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि तेलंगा खड़िया जी केवल खड़िया समाज ही नहीं, पूरे झारखंड और देश के गौरव हैं। वे उन शुरूआती क्रांतिकारियों में से थे, जिन्होंने अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों को चुनौती दी और आदिवासियों के अधिकारों के लिए विद्रोह की नींव रखी। जोसिमा खाखा ने अपने भाषण में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के कार्यों की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा ने बघिमा में शहीद की भव्य प्रतिमा स्थापित करवाकर इतिहास के पन्नों में दबे एक महानायक को वह सम्मान दिलाया है, जिसके वे हकदार थे। यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों के लिए अन्याय के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा का केंद्र बनेगी। कार्यक्रम के दौरान जोसिमा ने तेलंगा खड़िया के जीवन और उनके छापामार युद्ध कौशल पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 19वीं सदी के उस दौर में, जब अंग्रेजों का अत्याचार चरम पर था, तब तेलंगा खड़िया ने गाँव-गाँव जाकर आदिवासियों को संगठित किया।

# एनएच-33 पर अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर पर चढ़कर पलटा, चालक घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मांडू** : मांडू थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-33 फोर लेन सड़क पर सोमवार को एक बड़ा सड़क हादसा उस समय हो गया, जब एक अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक का पंजीकरण नंबर AP37TE-5409 बताया गया है। यह ट्रक आंध्र प्रदेश से मछली लादकर रांची, झारखंड होते हुए हजारीबाग की ओर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मांडू क्षेत्र में पहुंचते ही ट्रक चालक का अचानक संतुलन बिगड़ गया। तेज रफ्तार होने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक सीधे सड़क के डिवाइडर पर चढ़ गया, जिससे वह पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रक पलटने से चालक को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की तत्परता से घायल चालक को ट्रक से बाहर निकाला गया और तुरंत इलाज के लिए मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार चालक की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मांडू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को सड़क से हटाने का कार्य शुरू किया, ताकि यातायात को फिर से सामान्य किया जा सके। हादसे के कारण कुछ समय तक सड़क पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही।

# एनएच-33 डायवर्सन पर बड़ा हादसा टला, अनियंत्रित होकर पलटी ऑल्टो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कुजू** : हजारीबाग से रामगढ़ की ओर जा रही एक के10 ऑल्टो कार एनएच-33 के डायवर्सन मार्ग पर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में कार को काफी क्षति पहुंची है, हालांकि राहत की बात यह रही कि वाहन में सवार किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई। सभी को केवल हल्की-फुल्की चोटें लगी हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त कार का पंजीकरण नंबर JH24K-6310 है। यह कार हजारीबाग से रामगढ़ की दिशा में जा रही थी। एनएच-33 पर बने डायवर्सन के पास अचानक चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया, जिसके कारण कार सड़क पर असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा होते ही आसपास मौजूद लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और तुरंत वाहन में सवार लोगों की सहायता की गई। स्थानीय लोगों के अनुसार डायवर्सन मार्ग पर सड़क की स्थिति ठीक नहीं होने और अचानक मोड़ के कारण अक्सर



वाहन चालक संतुलन खो बैठते हैं। यही कारण है कि इस स्थान पर पहले भी कई छोटी-बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। घटना के बाद लोगों ने प्रशासन से डायवर्सन स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, चेतावनी बोर्ड और गति नियंत्रण के उपाय करने की मांग की है। दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल रहा, हालांकि बाद में स्थिति सामान्य हो गई। क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटाया गया, जिससे यातायात बाधित न हो। गनीमत रही कि यह दुर्घटना किसी बड़े हादसे में तब्दील नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने वाहन सवारों के सुरक्षित बच जाने पर राहत की सांस ली और ईश्वर का धन्यवाद किया।

# बहन की शादी के दिन भाई की मौत शादी की खुशियां बदलीं मातम में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू** : जिले के मनातू थाना क्षेत्र के रहैया गांव में सोमवार को उस समय खुशियों का माहौल गम में तब्दील हो गया, जब सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक युवक की बहन की सोमवार को शादी होनी थी, जिसकी तैयारियों को लेकर परिवार में उत्साह और चहल-पहल का माहौल था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रहैया गांव निवासी अलीम अंसारी के पुत्र अकबर अंसारी (20) शादी से संबंधित सामान की खरीदारी के लिए दोपहिया वाहन से रहैया से मनातू होते हुए पदमा जा रहा था। इसी दौरान कुसडी गांव में कार्तिक उरांव उच्च विद्यालय के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक अन्य दोपहिया वाहन से उनकी आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। दूसरे वाहन पर चक पंचायत के अदौरिया गांव निवासी पुनिल



कुमार चचेरी बहनें सोनी कुमारी और पूजा कुमारी के साथ सवार था। बताया जा रहा है कि तीनों मैट्रिक की परीक्षा देकर घर लौट रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में अकबर अंसारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल मनातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मनातू थाना प्रभारी विक्की कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना का मुख्य कारण दोनों वाहनों की तेज रफ्तार बताई जा रही है। इस हादसे के बाद रहैया गांव में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। पूरे गांव में शोक का माहौल है।

# एमडीए 2026 के सफल संचालन को लेकर रामगढ़ में समन्वय बैठक, 10 से 25 फरवरी तक चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम (एमडीए-2026) के सफल संचालन को लेकर रामगढ़ जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के बीच समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन रामगढ़ ने की। बैठक में 10 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक चलने वाले एमडीए अभियान की विस्तृत तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि अभियान के तहत रामगढ़ जिले के सभी लक्षित क्षेत्रों में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर जन-जागरूकता अभियान चलाया




जाएगा। इस दौरान जिले की कुल 10,53,034 लक्षित आबादी को फाइलेरिया रोधी दवाएं डीईसी और एल्बेंडाजोल की एकल खुराक दी जाएगी। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवा नहीं दी जाएगी। दवाओं का सेवन खाली पेट नहीं करने की सलाह दी गई है। सिविल सर्जन ने बताया कि डीईसी और एल्बेंडाजोल दवाओं के सेवन से फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम संभव है। अभियान की निगरानी के लिए जिला स्तर पर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम गठित की गई है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में रैपिड रिस्पॉन्स टीम का गठन किया गया है। जिले में कुल 1156 बूथ बनाए गए हैं, जहां 10 फरवरी को दवा वितरण किया जाएगा। वहीं 11 फरवरी से 25 फरवरी तक दवा प्रशासकों द्वारा घर-घर जाकर लाभुकों को दवाओं का सेवन कराया जाएगा। अभियान के प्रभावी संचालन के लिए सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अंतर्गत कुल 130 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। ब्लॉकवार आंकड़ों के अनुसार गोला में 262 बूथ, मांडू में 293 बूथ, पतरातू में 279 बूथ और रामगढ़ में 322 बूथ बनाए गए हैं। कुल जनसंख्या 11,96,630 में से 10,53,034 लोगों को दवा देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, जिला प्रशासन के अधिकारी, कार्यक्रम प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य कर्मी और पिरामल फाउंडेशन रामगढ़ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

## रामगढ़ शोरूम में लक्की ड्रॉ का आयोजन ग्राहकों में दिखा जबरदस्त उत्साह



**रामगढ़** : प्रसिद्ध फुटवियर ब्रांड श्रीलेदर्स की ओर से चलाए जा रहे मेगा ऑफर के तहत गोला रोड स्थित रामगढ़ शोरूम में लक्की ड्रॉ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राहकों की भागीदारी देखने को मिली। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर खरीदारी अनुभव देने के साथ-साथ उन्हें आकर्षक उपहारों के माध्यम से प्रोत्साहित करना रहा। लक्की ड्रॉ कार्यक्रम में भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने लक्की ड्रॉ कूपन निकालकर विजेता की घोषणा की। लक्की ड्रॉ में लक्ष्मण ठाकुर विजेता बने, जिन्हें मंच पर सम्मानित करते हुए जीत की बधाई दी गई। विजेता की घोषणा होते ही शोरूम परिसर तालियों से गूंज उठा और ग्राहकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से न केवल ग्राहकों में उत्साह बढ़ता है, बल्कि स्थानीय व्यापार और बाजार को भी मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि श्रीलेदर्स जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड द्वारा ग्राहकों के लिए लगातार नए ऑफर और योजनाएं लाना सराहनीय कदम है। इससे आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उचित दामों पर मिलते हैं और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलता है। शोरूम प्रबंधन की ओर से अंकित राज ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीलेदर्स के मेगा ऑफर के तहत ग्राहकों को विशेष छूट के साथ-साथ लक्की ड्रॉ में शामिल होने का अवसर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि ग्राहकों को खरीदारी के साथ अतिरिक्त लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले दिनों में भी ग्राहकों के लिए कई आकर्षक ऑफर और योजनाएं लाई जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान शोरूम में खरीदारी करने पहुंचे ग्राहकों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से खरीदारी का अनुभव और भी खास बन जाता है। लक्की ड्रॉ कार्यक्रम शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने आयोजन की प्रशंसा की।

## रूस से एमबीबीएस कर लौटे दो युवाओं का ब्राह्मण समाज ने किया स्वागत



**बरकाकाना** : एनटीएस बरकाकाना निवासी प्रदुम्न पांडे और प्रफुल्ल पांडे, पिता धर्मनाथ पांडे, ने रूस से अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई सफलतापूर्वक पूरी कर स्वदेश वापसी की। दोनों युवाओं के बरकाकाना पहुंचने पर ब्राह्मण समाज की ओर से रेलवे स्टेशन के बाहर पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं का चिकित्सक बनकर लौटना न केवल परिवार बल्कि पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है। ऐसे होनहार युवाओं की उपलब्धि से आने वाली पीढ़ी को शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। उपस्थित लोगों ने दोनों नव-चिकित्सकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए समाज और क्षेत्र के प्रति सेवा भाव से कार्य करने की अपेक्षा जताई। सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से प्रदीप शर्मा, नवीन पांडे, सुरेंद्र पांडे, वीरेंद्र पांडे, अनिल त्रिपाठी, प्रमोद तिवारी, गुड्डू मिश्रा, चिकित्सक सुरेंद्र पांडे, महिला समाजसेवी गायत्री पांडे और अशोक कुमार पांडे सहित कई लोग मौजूद रहे। समारोह का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और समाज के लोगों ने दोनों युवाओं की इस उपलब्धि को पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

## ब्लू प्लेनेट स्कूल में वार्षिक उत्सव का हुआ आयोजन



**रामगढ़** : ब्लू प्लेनेट स्कूल में धूमधाम से वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनमें संस्कार, अभिव्यक्ति और रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना रहा। उत्सव में बच्चों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक और भाषण के माध्यम से सामाजिक मूल्यों, शिक्षा के महत्व और राष्ट्रीय चेतना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों की प्रस्तुति ने यह दशार्या कि विद्यालय केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण पर भी विशेष ध्यान देता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में अपने विचार साझा किए। समूह गतिविधियों और मंचीय कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और संवाद कौशल का विकास देखने को मिला। दर्शकों ने बच्चों की प्रस्तुति की खुले मन से सराहना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा पहचानने का अवसर देते हैं। रचनात्मक और सांस्कृतिक गतिविधियों से बच्चों की सोच का दायरा बढ़ता है और वे समाज व देश के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनते हैं। अंत में विद्यालय परिवार ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। बच्चों ने भी इस आयोजन को यादगार बताते हुए भविष्य में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा जताई।

## नगर निकाय चुनाव से पहले पुलिस अलर्ट रोज चलेगा एंटी क्राइम चेकिंग अभियान

**धनबाद** : समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय सभागार में सोमवार को वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभात कुमार की अध्यक्षता में जनवरी 2026 माह की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निष्पादन और आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर सुरक्षा तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान अपराध के आंकड़ों की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जनवरी माह में जिले भर में कुल 522 कांड दर्ज किए गए, जबकि पुलिस द्वारा 625 कांडों का निष्पादन किया गया। दर्ज मामलों से अधिक निष्पादन होने के कारण जिले में लंबित मामलों की संख्या घटकर लगभग दो हजार रह गई है। एसएसपी ने इसे पुलिस की सक्रियता और त्वरित कार्रवाई का सकारात्मक परिणाम बताया। एसएसपी प्रभात कुमार ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वारंट और कुर्की से जुड़े सभी लंबित मामलों को एक सप्ताह के भीतर निष्पादित किया जाए। उन्होंने कहा कि फरार आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर कानून का भय स्थापित करना आवश्यक है।

## एक नजर

### घर के बाहर खड़ी बुलेट चोरी, पीड़ित ने नगर थाना में की शिकायत

**साहिबगंज:** शहर में चोरों के हौसले बुलंद हैं। ताजा मामला नगर थाना क्षेत्र का है जहां बेखौफ चोरों ने घर के बाहर खड़ी एक रॉयल एनफील्ड बुलेट पर हाथ साफ कर दिया। इस संबंध में पीड़ित ने नगर थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। बंगाली टोला नीलिमा पैलेस होटल के पास के निवासी पीड़ित मो महफूज खान ने बताया कि 09 फरवरी की रात उनकी पुरानी मॉडल की रॉयल एनफील्ड बुलेट बीआर 01 एम 0560 उनके घर के मुख्य दरवाजे पर खड़ी थी। जब पीड़ित सुबह 7 बजे सोकर उठे तो देखा कि बाइक वहां से गायब थी। बताया कि उसका इंजन नंबर 9बी556312 और चेसिस नंबर 9बी556312 है। काफी खोजबीन करने के बाद भी जब बाइक का कुछ पता नहीं चला तो पीड़ित ने पुलिस से वाहन के खोजबीन की गुहार लगाई है। पीड़ित ने चोरों को जल्द पकड़ने और मोटरसाइकिल बरामद करने का आग्रह किया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के दो दोषियों को 25 साल की सजा

**पश्चिमी सिंहभूम:** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में नाबालिग बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने दो दोषियों को 25 वर्ष की कठोर सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा की अदालत ने सोमवार को सजा का ऐलान किया। मामले में दोषियों की पहचान सुनील देवगम और रवि उर्फ गोमिया पुरती के रूप में हुई। इससे पहले घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया और अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेजा। पुलिस ने अनुसंधान के दौरान वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्यों का संकलन किया, गवाहों के बयान दर्ज किए और सभी कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। मामला पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। लंबी सुनवाई और साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने 09 फरवरी 2026 को दोनों आरोपितों को को दोषी पाया। अदालत ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए दोनों को 25 वर्ष की कठोर सजा और 25,000 रुपये का जुमार्ना सुनाया। जुमार्ना अदा न करने की स्थिति में अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

### पश्चिमी केबिन पर आरओबी निर्माण के लिए टेंडर जारी




**साहिबगंज:** शहर के पश्चिमी केबिन एलसी गेट नंबर 82 बी/टी पर लगने वाले लंबे जाम से अब शहरवासियों को जल्द मुक्ति मिलने वाली है। पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के गति शक्ति यूनिट ने इस स्थान पर रोड ओवर ब्रिज निर्माण के लिए आधिकारिक तौर पर ई-टेंडर आमंत्रित किया है। इस ओवरब्रिज के निर्माण पर कुल 50,40,36,271.21 रुपए खर्च किए जाएंगे। टेंडर की शर्तों के अनुसार, ठेका आवंटित होने के बाद निर्माण कार्य को 24 महीनों के भीतर पूरा करना होगा। बोली लगाने की प्रक्रिया 24 फरवरी से शुरू होगी। इच्छुक निविदाकर्ता अपनी बोलियां 10 मार्च दोपहर 3:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। ज्ञात हो कि पिछले दिनों झामुमो केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा के आंदोलन व पत्थर व्यवसायों एवं चैंबर के समर्थन के बाद कई दिनों तक रेल के माध्यम से पत्थर व कोयला लोडिंग बंद होने व इसके बाद रेलवे से हुई वार्ता में कई सहमति ले नतीजा में इसका टेंडर हुआ है।

# पप्पू यादव की गिरफ्तारी के विरोध में भारतीय ओबीसी विचार मंच ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में विरोध तेज होता जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को भारतीय ओबीसी विचार मंच, जमशेदपुर ने राष्ट्रपति महोदया के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। संगठन ने इस कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताते हुए केंद्र और राज्य स्तर पर न्यायिक हस्तक्षेप की मांग की है। भारतीय ओबीसी विचार मंच की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि पप्पू यादव की गिरफ्तारी करीब 31 साल पुराने मामले में की गई है, जो न्याय की भावना के विपरीत प्रतीत होती है। मंच का आरोप है कि इतने पुराने मामले में अचानक की गई गिरफ्तारी न केवल सवाल खड़े करती है, बल्कि एक जनप्रतिनिधि की छवि और उनके दायित्वों को भी प्रभावित करती है। संगठन ने पप्पू यादव को छह बार निर्वाचित सांसद बताते हुए उन्हें जनता के बीच लोकप्रिय और संघर्षशील नेता करार दिया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पप्पू यादव हमेशा अपने क्षेत्र की जनता के अधिकारों और हितों के लिए आवाज उठाते रहे हैं और जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर जनसमस्याओं के समाधान का प्रयास करते रहे हैं। ऐसे में उनकी गिरफ्तारी से न सिर्फ उनके समर्थकों में आक्रोश है, बल्कि आम जनता भी स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही है। भारतीय ओबीसी विचार मंच ने राष्ट्रपति से आग्रह किया है कि पूरे मामले की निष्पक्ष समीक्षा कराई जाए और न्याय सुनिश्चित करते हुए पप्पू यादव को अविलंब रिहा किया जाए, ताकि वे अपने संसदीय क्षेत्र की जनता के बीच रहकर अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। संगठन का कहना है कि यदि इस मामले में समय रहते हस्तक्षेप नहीं हुआ तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों और जनप्रतिनिधियों की स्वतंत्रता पर गंभीर प्रश्न खड़े करेगा।

## भाजपा के दो कद्दावर नेता झामुमो में हुए शामिल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व जिला महामंत्री सह पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष श्रीनिवास यादव और भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष मनोज पासवान ने सोमवार को झामुमो का हाथ थाम लिया। झामुमो के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ नेता श्रीनिवास यादव एवं पूर्व नगर अध्यक्ष मनोज पासवान ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि श्रीनिवास यादव जुझारू और अनुभवी नेता हैं। उनके झामुमो में आने से साहिबगंज जिले में पार्टी को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के विकास कार्यों से प्रभावित होकर लोग लगातार पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने नगर परिषद चुनाव के संदर्भ में झामुमो समर्थित उम्मीदवार रामनाथ पासवान उर्फ छोटू पासवान के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार है और यदि नगर परिषद में भी उनका समर्थित उम्मीदवार जीतता है तो साहिबगंज में डबल इंजन की ताकत से विकास की रफ्तार दोगुनी हो जाएगी। इधर श्रीनिवास यादव ने कहा कि बहुत लंबे समय तक भाजपा के नगर इकाई से लेकर जिला इकाई तक कार्य किया। अब जिला में पार्टी के स्वभाव और विचारधारा से हटकर कार्य हो रहा है। यहां किसी व्यक्ति को खुश करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बहुत प्रताड़ित होकर झामुमो ज्वाइन किया। झामुमो में रहकर जनता के लिए कार्य करेंगे। वहीं मनोज पासवान ने कहा कि राज्य में हेमंत सरकार के विकास कार्यों को देखकर झामुमो ज्वाइन किया है।

## आपसी विवाद में चाकू बाजी में एक कि मौत एक घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** राजमहल थाना क्षेत्र के कल्याणचक में सोमवार को आपसी विवाद में चाकू बाजी में एक कि मौत एक घायल। मिली जानकारी के अनुसार सुबह में कल्यानचक दुर्गा मंदिर प्रांगण में यात्री को टोटो में चढ़ाने को लेकर दो टोटो चालक दलाही निवासी मंतोष कुमार मंडल और काला बहियार निवासी जमशेद अंसारी के पुत्र में आपसी विवाद हो गया। इसके बाद दोनों में कहा सुनी के बाद जमशेद के बेटे ने घर चला गया और कुछ देर बाद अपने भाइयों के साथ फिर दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुँच गया और मंतोष से झगड़ा करने लगा। इसी दौरान जमशेद के पुत्र के साथ आये दूसरे ने मंतोष पर रॉड और चाकू से वार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी दौरान मंतोष के दूसरे भाई आ गया उसे भी रॉड से वॉर कर दिया गया और सभी भाग गया, जिसे आसपास बाकी लोग जमा हो गया और दोनों घायलो को इलाज के लिये अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल ले जाया गया जहां इलाज के क्रम में मंतोष की मौत हो गयी।

**गुस्साए ग्रामीणों ने किया सड़क जाम**

इस घटना के बाद गुस्साए लोगों ने तालझारी तीनपहाड़ मुख्य सड़क को जाम कर दिया इसकी सूचना पर राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँचा पुलिस को देख लोग और उग्र हो गए और पुलिस को घेर लिया और मांग करने लगा कि जब तक आरोपी गिरफ्तार नही होगा जाम नही हटेगा।

## पाकुड़ पुलिस के हत्थे चढ़े बाइक चोर गिरोह 6 मोटरसाइकिल बरामद, 5 अरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिले में विगत दिनांक-07.02.2026 को बैंक कोलानी से काले रंग का हिरो सुपर मोटरसाईकिल सं०- BRIOAM7293 चोरी हुआ था। इस आलोक में सुरज कुमार द्वारा दिये आवेदन के आधार पर पाकुड नगर थाना कांड सं0-21/2020, दिनांक 07.02.2026, धारा 303 (2) /61 (2) /3(5) भाग्न्या०सं० के अन्तर्गत दर्ज किया गया। पाकुड जिला में हो रहे मोटसाईकिल चोरी की घटनाओं में अंकुश लगाने एवं कांड के अनुसंधान / उद्‌भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पाकुड के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल (प्रा) का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर कांड में संलिप्त 4 अपराधकर्मी को गिरफ्तार एवं एक बालक को निरूद्ध किया गया। गिरफ्तार 4 अपराधकर्मी एवं निरुद्ध एक बालक के निशानदेही पर कांड में चोरी हुए हिरो सुपर मोटरसाईकिल सं0 BRIOAM7203 के अलावे अन्य 5 मोटरसाईकेल को भी बरामद किया गया है। बरामद अन्य मोटरसाईकिल का सत्यापन किया जा रहा है एवं निप्यतार व्यक्ति को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त का संख्या नाम पता सहित मांनु उर्फ आकाश कुमार सिंह पिता अनिल कुमार सिंह, कुडापाडा, थाना पाकुड नगर, जिला- पाकुड ,अरविन्द केसरी पिता संजय केसरी सा०- बैंक कॉलोनी थाना पाकुड नगर, जिला- पाकुड, लालटू शेख पिता हारूण शेख सा० तिलमिठ्ठा थाना- मु० जिला पाकुड , लालचन्द शेख उर्फ नादिन शेखा पिता आखिर शेख सा०- रामचन्द्रपुर थाना- मु० जिला पाकुड़।

## मॉडल कॉलेज में यूजी द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा 2025 का शांतिपूर्ण शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** मॉडल कॉलेज राजमहल में सोमवार को सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका द्वारा आयोजित यूजी द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा 2025 का विधिवत शुभारंभ हुआ। परीक्षा के प्रथम पाली में ग्रुप 'ए' तथा द्वितीय पाली में ग्रुप 'बी' विषयों की परीक्षा आयोजित की गई, जो पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न हुई। परीक्षार्थियों को विषयों की जानकारी परीक्षा विभाग या हेल्प डेस्क से अवश्य लें ताकि कोई परीक्षा छूटे नहीं।इस अवसर पर प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने बताया कि सभी परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा नियमों एवं अनुशासन का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने परीक्षा संचालन से जुड़े सभी आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए तथा विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। शक्त निर्देश दिया गया है कि परीक्षा में शामिल परीक्षार्थी कोई भी कागज, मोबाइल, गजट अन्य कोई भी तरह का पेपर नहीं लाए। कॉलेज प्रशासन की ओर से परीक्षा के सुचारु संचालन हेतु पर्याप्त व्यवस्था की गई थी, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# ओलचिकी के जन्मदाता पं.रघुनाथ मुर्मू की विरासत से रूबरू हुए छात्र व छात्राएं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जाहेरगाढ़ :** नरवा पहाड़ यूसिल कॉलोनी जाहेरगाढ़ ओल ईतुन आसड़ा के विद्यार्थियों ने सोमवार को पं. रघुनाथ मुर्मू हेरिटेज ट्रस्ट, डांडपुस का शैक्षणिक भ्रमण किया। जहां हेरिटेज ट्रस्ट के सदस्यों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों भव्य स्वागत किया। इसका मकसद विद्यार्थियों को ओलचिकी भाषा, लिपि और सांस्कृतिक पहचान से जोड़ना था। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने पंडित रघुनाथ मुर्मू के जीवन, संघर्ष और संथाल समाज में उनके अद्भुत योगदान के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की.शैक्षणिक भ्रमण में शामिल नरवा पहाड़ माझी बाबा वीरेन टुडू ने कहा कि पंडित रघुनाथ मुर्मू ने 1925 में ओलचिकी लिपि का आविष्कार किया, जो कि संथाली भाषा के लिए पहला मूल रूप से विकसित लिपि है और इसे संताली भाषा का आधिकारिक वर्णमाला माना जाता है। इससे पहले संताली भाषा केवल मौखिक रूप से चली आ रही थी और लिखने के लिए अन्य लिपियों का उपयोग होता था, जो इसकी ध्वनियों को सही रूप से नहीं दर्शा पाती थी। उन्होंने जानकारी दी कि पंडित रघुनाथ मुर्मू ने न केवल ओलचिकी लिपि विकसित की, बल्कि उसके माध्यम से संथाली साहित्य, गीत, नाटक, पाठ्यपुस्तकें और ज्ञान सामग्री का भी सृजन किया, जिससे संथाली समुदाय की भाषा-साहित्य की पहचान मजबूत हुई। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर विद्यार्थियों को समझाया गया कि अपनी भाषा और लिपि को सीखना, जानना और सम्मान देना क्यों महत्वपूर्ण है क्योंकि यही हमारी असली पहचान, संस्कृति और विरासत है। जैसे पंडित रघुनाथ मुर्मू ने अपनी मातृभाषा के प्रति समर्पण दिखाया और संथाली भाषा को लेखन भाषा का स्वरूप दिया। वैसे ही आने वाली पीढ़ियों को भी अपनी भाषा व लिपि को संभालने और आगे ले जाने की प्रेरणा प्राप्त हुई। इस शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व नरवापहाड़ के माझी बाबा बिरेन टुडू ने किया। उनके साथ प्रधानाध्यापक दुर्गा प्रसाद मुर्मू, शिक्षिका गुरुवारी सरदार, नायके बाबा सलखु मुर्मू, सेक्रेटरी सोनाराम हांसदा, प्रेसिडेंट दिलीप कुमार मुर्मू सहित फुदन मारडी, बंगाल टुडू, मानसिंह किस्कू, सुरेश मुर्मू, कारु माझी, जगबल सरदार, बिक्रम हांसदा, लक्ष्मी टुडू, बाहा हांसदा, सुनिता मुर्मू, सीता बेसरा, पार्वती टुडु, श्यामली माझी, मायनो मुर्मू, संजु सोरेन, कारमी मुर्मू, माया मुर्मू, सोनीया माझी, अनीता किस्कू, चंपा मुर्मू, लक्ष्मी हांसदा, हिरानी और मायनो सहित अन्य विद्यार्थी व अभिभावक भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पाकुड़ में नगरपालिका चुनाव की तैयारियों का सामान्य प्रेक्षक ने किया निरीक्षण



**पाकुड़ :** ज़िले में नगरपालिका आम निर्वाचन के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक रंजित लोहरा द्वारा कृषि उत्पादन बाजार समिति परिसर स्थित ब्रजगृह (स्ट्रॉन्ग रूम), मतपेटिका भंडारण केंद्र एवं मतगणना से संबंधित व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सामान्य प्रेक्षक ने मतपेटिकाओं की सुरक्षा व्यवस्था, ब्रजगृह की सतत निगरानी प्रणाली, सीसीटीवी कवरेज, प्रवेश नियंत्रण व्यवस्था एवं सुरक्षा बलों की तैनाती सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मतपेटिकाओं की सुरक्षा एवं निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी दिशा– निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन किया जाए। इसके उपरांत सामान्य प्रेक्षक ने मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लेते हुए मतगणना स्थल पर टेबल प्लान, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, कार्मिकों की प्रतिनियुक्ति एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी तैयारियों को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि मतगणना कार्य निर्बाध रूप से संपन्न कराया जा सके। सामान्य प्रेक्षक ने प्रशिक्षण केंद्र का भी निरीक्षण किया तथा मतदान एवं मतगणना कार्य में संलग्न कार्मिकों को दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने प्रशिक्षण को प्रभावी, व्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से संचालित करने पर बल देते हुए कहा कि प्रशिक्षित एवं दक्ष कार्मिकों की भूमिका निर्वाचन प्रक्रिया की सफलता में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी(नगरपालिका), भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े कर्मी उपस्थित थे।

### नगर निकाय चुनाव-2026 को लेकर डीसी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित



**साहिबगंज:** नगर निकाय आम निर्वाचन–2026 के सफल एवं सुचारु संचालन को लेकर डीसी–सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निकाय चुनाव से संबंधित विभिन्न तैयारियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक के दौरान डीसी द्वारा मतपत्र विखंडीकरण, वर्किंग कॉपी की तैयारी, पीठासीन पदाधिकारी एवं मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण, मतदान प्रक्रिया से जुड़ी तकनीकी एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। साथ ही चुनाव कार्य में संलग्न सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध एवं त्रुटिरहित कार्य संपादन के निर्देश दिए गए। डीसी ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण होनी चाहिए। इसके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, सभी दिशा–निदेर्शों का अक्षरशः पालन करने तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान से पूर्व सभी आवश्यक दस्तावेज, सामग्री एवं व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कु, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### डीसी हेमंत सती के द्वारा ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण




**साहिबगंज:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–डीसी हेमंत सती ने समाहरणालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में रखे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा एवं प्रबंधन का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से मूल्यांकन किया और सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट मशीनें चुनाव प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा और रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी ने वेयरहाउस में उपकरणों की उपलब्धता और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की। साथ ही, उन्होंने स्टाफ को नियमित अंतराल पर प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कु एवं राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### साहिबगंज में बीएचजीवाई/पोषण वाटिका व सुशासन विषय पर प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित




**साहिबगंज:** जिला ग्रामीण विकास शाखा, साहिबगंज द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना, पोषण वाटिका, दीदी बगिया एवं गुड गवर्नेंस विषय पर प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रदान किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयुक्त, महात्मा गांधी नरेगा, झारखंड रांची के पत्रांक (एन)/67, 09 जनवरी 2026 के आलोक में यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, एफटीसी एवं बीपीएम को नामित किया गया। प्रशिक्षण में साहिबगंज जिले के विभिन्न प्रखंडों—साहिबगंज सदर, मंडरो, बोरियो, तालझारी, राजमहल, बरहरवा, बरहेट, पतना एवं उधवा—के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण लेने का निर्देश दिया गया। यह प्रशिक्षण 09 फरवरी 2026 को प्रखंड पतना समाहरणालय सभागार में पूर्वाह्न 10:00 बजे से आयोजित किया गया।

# मुख्यमंत्री ने कच्ची दरगाह बिदुपुर छह लेन गंगा पुल परियोजना का लिया जायजा,अप्रैल तक शेष



**पटना,**। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कच्ची दरगाहझ्र बिदुपुर छह लेन गंगा पुल परियोजना के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और शेष बचे निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि परियोजना का कार्य तेजी से प्रगति पर है और शेष कार्यों को अप्रैल माह तक पूरा कर लिया जाएगा। इस पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पुल के साथ-साथ पहुंच पथ (एप्रोच रोड) का निर्माण कार्य भी शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि आवागमन सुरक्षित और निर्बाध रूप से प्रारंभ किया जा सके। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूर्ण होने से राजधानी पटना और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को निर्बाध सड़क संपर्कता उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि कच्ची दरगाह बिदुपुर पुल परियोजना से इस क्षेत्र में विकास को नई गति मिलेगी। इससे कृषि, उद्योग और अन्य व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही आकस्मिक चिकित्सा की स्थिति में मरीजों को पटना पहुंचने में काफी सुविधा होगी, जिससे समय पर इलाज संभव हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि कच्ची दरगाहझ्रबिदुपुर छह लेन पुल के प्रथम चरण के लोकार्पण के बाद पटना से राघोपुर तक की सड़क संपर्कता पहले ही बहाल हो चुकी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परियोजना के निर्माण कार्य का नियमित निरीक्षण करते रहें, ताकि गुणवत्ता और समयसीमा दोनों का विशेष ध्यान रखा जा सके। उन्होंने कहा कि इस पुल के पूर्ण होने से महात्मा गांधी सेतु पर यातायात का भार कम होगा। इसके साथ ही उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के बीच एक वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा, जिससे आवागमन और अधिक सुगम हो जाएगा। इस पुल के निर्माण से पटना शहर के बाहर से ही लोग उत्तर बिहार के विभिन्न जिलों में आसानी से आवागमन कर सकेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह भी बताया कि आमसझ्रदरभंगा एक्सप्रेस-वे को कच्ची दरगाहझ्रबिदुपुर पुल परियोजना से जोड़ा जाएगा। इससे समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी की ओर जाने वाले लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी और यात्रा के समय में उल्लेखनीय कमी आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लगातार गुणवत्तापूर्ण सड़कों और पुलों का निर्माण कर प्रदेश में आवागमन व्यवस्था को मजबूत बना रही है। उन्होंने याद दिलाया कि 23 जून 2025 को कच्ची दरगाह (पटना) से राघोपुर दियारा (वैशाली) तक नवनिर्मित पथांश का उद्घाटन किया गया था। उल्लेखनीय है कि यह परियोजना पटना जिले के राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-30 पर स्थित कच्ची दरगाह और वैशाली जिले के राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-103 पर स्थित बिदुपुर के बीच गंगा नदी पर बनाई जा रही है।

## उत्पाद विभाग ने मुजफ्फरपुरसमस्तीपुर में 4,871 लीटर विदेशी शराब की जब्त, दो आरोपित गिरफ्तार



**पटना ।** बिहार के मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर जिलों में उत्पाद विभाग ने शराब तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 4,871 लीटर विदेशी शराब जब्त की है। इस दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों मामलों में उत्पाद विभाग की ओर से अग्रतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। मुजफ्फरपुर जिले में शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उत्पाद विभाग को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सहायक आयुक्त मद्य निषेध, मुजफ्फरपुर विजय शेखर दुबे के पर्यवेक्षण में की गई छापेमारी के दौरान एक 12 चक्का ट्रक से कुल 430 कार्टून विदेशी शराब, लगभग 3,800 लीटर, बरामद की गई। यह कार्रवाई मुजफ्फरपुर शहर से करीब 45 किलोमीटर दूर मैती टोल प्लाजा के समीप एक लाइन होटल के पास की गई। जब्त किया गया ट्रक राजस्थान पंजीकरण का बताया जा रहा है। तलाशी के दौरान ट्रक के भीतर अत्यंत सुनियोजित तरीके से बनाए गए एक गुप्त तहखाने का खुलासा हुआ, जिसे भारी वजन के सीमेंट से बने मजबूत पिलरों द्वारा सील किया गया था। इसकी मजबूत संरचना के कारण इस गुप्त चैम्बर की पहचान करना और उसे खोलना बेहद कठिन था, जिससे तस्करों की पेशेवर और योजनाबद्ध कार्यशैली सामने आई है। छापेमारी के दौरान ट्रक से शराब की बड़ी खेप के साथ दो व्यक्तियों को मौके से गिरफ्तार किया गया। उत्पाद विभाग के अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है तथा शराब तस्करी से जुड़े नेटवर्क की विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। दूसरी कार्रवाई में समस्तीपुर जिले से एक बोलेरो पिकअप वाहन को जब्त किया गया है। वाहन की तलाशी के दौरान उसमें कुल 1,071 लीटर विदेशी शराब लदी हुई पाई गई। इस मामले में भी वाहन को कब्जे में लेकर नियमानुसार आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। उत्पाद विभाग ने स्पष्ट किया है कि राज्य में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू किया जा रहा है और शराब तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। विभाग ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि अवैध शराब कारोबार से संबंधित किसी भी सूचना को तुरंत प्रशासन के साथ साझा करें, ताकि इस तरह की गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## बिहार में किसान पंजीकरण के तृतीय चरण की तिथि 11 फरवरी तक बढ़ी



**पटना, ।** एग्री स्टैक अभियान के अंतर्गत बिहार में चल रहे किसान पंजीकरण कार्य को गति देने के उद्देश्य से तृतीय चरण के विशेष अभियान की अवधि बढ़ा दी गई है। पहले यह अभियान 02 फरवरी से 06 फरवरी 2026 तक निर्धारित था, लेकिन अब राज्य सरकार ने इसे विस्तारित करते हुए 11 फरवरी 2026 तक संचालित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग और कृषि विभाग ने सभी जिला पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल तथा कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल की ओर से जारी पत्र में बताया गया है कि अब तक राज्य में लगभग 43 प्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी तैयार की जा चुकी है। केंद्र सरकार से एससीए (स्टेट कॉम्पोनेंट एग्री स्टैक) योजना की द्वितीय किस्त प्राप्त करने के लिए राज्य में कम-से-कम 50 प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करना अनिवार्य है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अभियान की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। निदेशों के अनुसार, सभी संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों को विस्तारित तिथि की जानकारी समय पर दी जाएगी। साथ ही, पंजीकरण कैम्पों की तिथि और स्थान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि अधिक से अधिक किसान कैम्पों में पहुंच सकें। कैम्पों में किसानों का ई-केवाईसी सत्यापन, बकेट क्लेम की प्रक्रिया पूर्ण करने और फार्मर आईडी तैयार कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा। राज्य सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में संलग्न सभी अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय रूप से अभियान में भाग लें, जिससे पंजीकरण प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके और किसी भी पात्र किसान को वंचित न रहना पड़े। इस अभियान के तहत मुजफ्फरपुर जिले ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। तृतीय चरण के दौरान यहां 6,522 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की गई, जिसके साथ ही मुजफ्फरपुर ने राज्य स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया है। अब तक जिले में कुल 2,17,021 किसानों का निबंधन पूरा हो चुका है, जिनमें से 1,24,019 किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जुड़े हुए हैं। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री सह मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि एग्री स्टैक अभियान के तहत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री केवल एक प्रशासनिक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का सीधा और पारदर्शी लाभ दिलाने की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि बिहार का कोई भी किसान इस व्यवस्था से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य से तृतीय चरण के विशेष अभियान की अवधि 11 फरवरी तक बढ़ाई गई

# पटना की सड़कों पर जुटेंगे अभ्यर्थी, करेंगे टीआरई -4 के नोटिफिकेशन की मांग; होगा बड़ा आंदोलन



**पटना ।** पटना की सड़कें बहुत ज्यादा व्यस्त रहेंगी। इसकी वजह यह है कि आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का पटना में कार्यक्रम है। वहीं सरकार से नाराज छात्र और शिक्षक अभ्यर्थी अपनी मांगों को लेकर एक बड़ा आंदोलन कर रहे हैं। बिहार में ळफए-4 की बहाली की मांग को लेकर छात्र और अभ्यर्थी आज सड़क पर उतरेंगे और विधान सभा का घेराव करेंगे। अभ्यर्थियों ने एलान करते हुए कहा है कि किया है कि अपनी मांगों को लेकर आज वह आन्दोलन करेंगे। यह आंदोलन पटना कॉलेज से शुरू होगा जो बिहार विधानसभा तक जाएगा। आंदोलन करने वाले अभ्यर्थियों का कहना है कि इस आंदोलन में पूरे बिहार के शिक्षक अभ्यर्थी शामिल होंगे। नितिन नवीन के कार्यक्रम को लेकर बदली रहेगी पटना की ट्रैफिक व्यवस्था, किस रोड पर कब तक बंद रहेगा परिचालन जानिए किस मार्ग से गुजरेगी अभ्यर्थियों की भीड़ बताया जाता है कि आज अभ्यर्थियों की यह भीड़ पटना कॉलेज लगभग 11 बजे निकलेगी। पटना कॉलेज से निकलने के बाद गांधी चौक,मुस्सलमपुर हाट, भीखना पहाड़ी, गोपाल मार्किट, मछुआ टोली से अशोक राजपथ होते हुए गांधी मैदान तक पहुंचेगी। गांधी मैदान से फिर जेपी गोलम्बर तक आना सुनिश्चित हुआ है। आआगे फिर आन्दोलन का रुख क्या होगा यह उस समय निर्धारित किया जाएगा। पप्पू यादव के समर्थन में उतरे शिवानंद तिवारी, गिरफ्तारी और कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल छात्रों और अभ्यर्थियों का कहना है कि जिस तरह से सत्ता पक्ष अपने निर्धारित तारीखों पर बिहार में चुनाव कराकर अपनी सरकार बना सकती है तो फिर ऐसे में बिहार के युवाओं के भविष्य के साथ वह खिलवाड़ कैसे कर सकती है। सरकार बनने से पहले भी सत्ता पक्ष ने ळफए-4 के नोटिफिकेशन की बात की थी, लेकिन सरकार बनने के बाद सत्ता पक्ष यह बात भूल गई। इसलिए जिस तरह से तारीखों का एलान कर के सरकार बनाई जाती है उसी तरह बिहार के युवाओं के लिए विज्ञापन के साथ साथ तिथि जारी कर परीक्षाओं को संपादित किया जाए।

छात्रों और अभ्यर्थियों की मांग छात्रों और अभ्यर्थियों की मांग है कि ळफए-4 में 1 लाख 20 हजार सीटों पर विज्ञापन जल्द जारी हो। इसके साथ ही बीपीएससी के द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में सामान्य छात्रों की उम्र 37 वर्ष से बढ़कर 40 किया जाए। लाईब्रेरीयन की बहाली के लिए का आयोजन जल्द हो। 26 हजार पद पर कम्प्यूटर शिक्षक की बहाली जल्द हो। शारीरिक शिक्षकों की बहाली अधिकतम सीटों पर जल्द हो।

# नितिन नवीन के कार्यक्रम को लेकर बदली रहेगी पटना की ट्रैफिक व्यवस्था



**पटना ।** पटना ट्रैफिक एसपी ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नौ फरवरी को पटना आगमन और प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर राजधानी में यातायात व्यवस्था में व्यापक बदलाव किए गए हैं। निर्धारित मार्गों और निदेशों का पालन कर असुविधा से बचें। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहली बार पटना आ रहे हैं। पटना एयरपोर्ट से बापू सभागार तक उनके स्वागत में भाजपा कार्यकताओं ने खास तैयारी कर ली है। पटना पुलिस ने इस कार्यक्रम को देखते हुए आम लोगों ने नया ट्रैफिक व्यवस्था जारी किया है। यह व्यवस्था सोमवार सुबह 11 बजे से रात आठ बजे तक लागू रहेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का पटना एयरपोर्ट से आर्यभवन, शेखपुरा मोड़, राजवंशी नगर, पुनाईचक, विद्युत भवन, आयकर गोलंबर, डाकबंगला चौराहा, मौर्या होटल होते हुए बापू सभागार (गांधी मैदान) तथा कंकड़बाग स्थित आवास तक आवागमन प्रस्तावित है। इसे देखते हुए मुख्य मार्गों और आसपास के क्षेत्रों में वाहनों के परिचालन और पार्किंग पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। पटना पुलिस ने यात्रियों से अपील की है कि नौ फरवरी को सुबह 11 बजे से रात 8 बजे के बीच यात्रा करने वाले लोग कम से कम तीन घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचें। सगुना मोड़, दानापुर और पूर्व हड़ताली मोड़ की ओर से आने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी गई है। बेली रोड, जगदेव पथ और आयकर गोलंबर क्षेत्र में अत्यधिक दबाव को देखते हुए पार्किंग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। जिला परिवहन कार्यालय की ओर से एयरपोर्ट जाने वाले वाहन दक्षिण दिशा से टमटम पड़ावझ्रफुलवारी शरीफ तथा उत्तर दिशा से जगदेव पथ होकर अपने गंतव्य तक जा सकेंगे। कंकड़बाग, पटना जंक्शन और गांधी मैदान की ओर जाने वाले वाहनों के लिए भी वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं। पार्किंग व्यवस्था के तहत कार्यक्रम में शामिल होने वाले कार्यकताओं की छोटी गाड़ियों की पार्किंग गांधी मैदान के गेट नंबर 10 के पास होगी, जबकि बसों और बड़ी गाड़ियों को जेपी गंगा पथ पर सिंगल लेन में खड़ा किया जाएगा। सगुना मोड़ या दानापुर से पूरब की ओर आने वाले इस रोड से जाएं कार्यक्रम के मद्देनजर सगुना मोड़ और दानापुर से पूरब हड़ताली मोड़ की ओर आने वाले सभी प्रकार के वाहनों को राजा बाजार आरओबी पर अत्यधिक दबाव के कारण वैकल्पिक मार्ग अपनाने की सलाह दी गई है। सगुना मोड़ या दानापुर से पूरब की ओर आने वाले वाहन दक्षिण दिशा में जगदेव पथझ्रजिला परिवहन कार्यालयझ्रटमटम पड़ावझ्र फुलवारीशरीफ होते हुए गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। वहीं उत्तर दिशा में जाने वाले वाहन आशियाना दीघा रोड से दीघाझ्रकुर्जीझ्रराजापुर पुलझ्रअशोक राजपथ होकर आगे बढ़ेंगे। जगदेव पथ पर किसी भी प्रकार की पार्किंग पूरी तरह वर्जित रहेगी।

# पूर्णिया सांसद की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



**पटना, ।** पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की गिरफ्तारी के विरोध में बिहार प्रदेश कांग्रेस के कार्यकताओं ने रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने राज्य सरकार और प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि बिहार की बेटियों के साथ हो रहे अन्याय और अत्याचार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चियों और महिलाओं की सुरक्षा, न्याय और अधिकारों की लड़ाई कांग्रेस पार्टी ने हमेशा लड़ी है और आगे भी पूरी मजबूती के साथ लड़ती रहेगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव लगातार नीट छात्रा कांड के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर राज्य सरकार पर सवाल उठा रहे थे। ऐसे में उनकी गिरफ्तारी पूरी तरह निंदनीय है। नेताओं का आरोप है कि यह गिरफ्तारी नीट छात्रा कांड को दबाने और सच्चाई सामने आने से रोकने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को निरंकुश करार देते हुए मांग की कि छात्रा और उसके परिवार को अविलंब न्याय मिले तथा उन्हें सम्मानपूर्वक न्याय की लड़ाई लड़ने दिया जाए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राज्य की राजग सरकार पुलिस बल के दुरुपयोग के माध्यम से लोगों के संवैधानिक अधिकारों को कुचलने का कुत्सित प्रयास कर रही है,

# कुढ़नी गांव में दोस्तों के साथ खेलते हुए तालाब में गिरा सात साल का मासूम



**तिरहुत-मुजफ्फरपुर** रविवार की शाम दोस्तों के साथ खेलकूद के दौरान तालाब में डूबने से सात वर्षीय मासूम की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गांव के पास मछली पालन के लिए एक छोटा सा पोखर बनाया हुआ है, जिसमें ये हादसा हुआ। मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम खेल के दौरान एक सात वर्षीय बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार कुढ़नी थाना क्षेत्र के कुढ़नी गांव स्थित वार्ड संख्या 10 में रविवार शाम करीब सात बजे मो. एजाज के 7 वर्षीय पुत्र मो. फरीद की डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि फरीद अपने दोस्तों के साथ लुकाछिपी खेल रहा था। अंधेरा होने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह पास स्थित एक पोखर में गिर गया, जहां पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक गांव के पास मछली पालन के लिए एक छोटा पोखर बना हुआ है। बच्चे रोजाना वहीं आसपास खेलते हैं। देर शाम फरीद खेलते-खेलते घर के पीछे की ओर चला गया। इसी दौरान पैर फिसलने से वह पोखर में गिर गया। काफी देर बाद परिजनों को उसकी जानकारी मिली लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने कुढ़नी थाना पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बच्चे के शव को पोखर से बाहर निकलवाया और आगे की कार्रवाई शुरू की। कुढ़नी थाना प्रभारी ने बताया कि खेल के दौरान तालाब में डूबने से बच्चे की मौत हुई है। शव को बाहर निकाल लिया गया है तथा घटना की सूचना कुढ़नी अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी अनिल कुमार संतोषी को दे दी गई है। मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया की जा रही है।

## बापू सभागार में लहराया भगवा गमछा; कार्यकताओं से संवाद करेंगे नए बीजेपी अध्यक्ष

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन आज सोमवार को पहली बार पटना पहुंचे। पार्टी नेताओं-कार्यकताओं ने एयरपोर्ट पर उनका जोरदार स्वागत किया। जोड़ी नीतीश-मोदी के हिट हो गइल गाने के साथ स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में बाइक रैली निकाली गई है। पटना में जगह-जगह पोस्टर लगाए गए हैं। बापू सभागार में भाजपा की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है। यहां भगवा गमछा लहरा कर पार्टी कार्यकताओं ने नए अध्यक्ष का स्वागत किया। इस समारोह में बिहार के सभी जिलों से हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए हैं। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकताओं से संवाद करेंगे और संगठन को और अधिक मजबूत करने का संदेश देंगे। बापू सभागार में नितिन नवीन के स्वागत में ढोल-ताशे का इंतजाम किया गया है। संबोधन के दौरान भावुक हुए नितिन नवीन अपने संबोधन के दौरान नितिन नवीन भावुक हो गए। उन्होंने इस मौके को अपने लिए भावुक क्षण बताया और पार्टी के कार्यकताओं व नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। बीजेपी अध्यक्ष ने कहा, 2006 में पिता के निधन के बाद मैंने राजनीति में कदम रखा। उस समय पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताया और वरिष्ठ नेताओं व कार्यकताओं ने मुझे आगे बढ़ने का अवसर दियाह्व उन्होंने कहा कि कई विधायक और कार्यकर्ता ऐसे रहे हैं, जिन्होंने उंगली पकड़कर उन्हें राजनीति में चलना सिखाया। ये सभी लोग आज भी उनके स्मरण में हैं और उनकी राजनीतिक यात्रा का अहम हिस्सा रहे हैं। प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताते हुए नितिन नवीन ने कहा कि जिस विश्वास के साथ उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पालन करेंगे। उन्होंने कहा, ह्मेरी राजनीतिक शुरूआत बिहार में एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में हुई थी और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के बाद भी मैं खुद को कार्यकर्ता ही मानता हूं।ह्व बीजेपी अध्यक्ष ने उन कार्यकताओं को नमन किया, जिन्होंने कभी उन्हें व्यक्तिगत रूप से नहीं देखा, लेकिन आज उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में देख रहे हैं। नितिन नवीन का पार्टी अध्यक्ष बनना बिहार के लिए सम्मान की बातझ्र संजय सरावगी प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा है कि, ह्राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का बिहार दौरा हम सभी कार्यकताओं के लिए गर्व का पल है। 45 साल की उम्र में नितिन नवीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना पूरे बिहार के लिए सम्मान की बात

## जेल में ही रहेंगे पप्पू यादव, बेल पर सुनवाई टली

**पटना।** पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की जमानत याचिका पर आज सुनवाई टल गई है। फिलहाल वे पटना की बेऊर जेल में ही रहेंगे। मेल से पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद MP-MLA कोर्ट को भी खाली कराया गया है। इसी वजह से आज बेल पर सुनवाई नहीं हो पाएगी। फिलहाल वे पटना के बेऊर जेल में बंद हैं। बेऊर ले जाने से पहले उनका पीएमसीएच में मेडिकल चेकअप हुआ था। अस्पताल के अधीक्षक राजीव कुमार के अनुसार वे फीट हैं, हालांकि बेऊर जाने के वक्त वे एंबुलेंस में लेटे हुए थे। वहीं, दूसरी तरफ सांसद और NEET छात्रा के समर्थन में रविवार को पटना से दिल्ली तक प्रदर्शन होता रहा। पटना में कांग्रेस कार्यकाताओं ने 'पप्पू यादव को रिहा करो' के पोस्टर के साथ सरकार के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पोस्टर तक जला दिए। वहीं, दिल्ली के जंतर-मंतर पर भी सांसद पप्पू यादव के समर्थन और छात्रा को न्याय दिलाने को लेकर प्रदर्शन हुआ। इसमें पीड़िता की मां और परिजन भी शामिल हुए थे। इसके अलावा करीब सैकड़ों की संख्या में लोग जुटे थे। NEET छात्रा मामले को लेकर पप्पू यादव लगातार सरकार और प्रशासन को घेर रहे थे। उन्होंने अस्पताल से जुड़े कुछ लोगों के कथित ऑडियो क्लिप भी जारी किए थे, जिनमें इलाज में लापरवाही के आरोप लगाए गए थे। अब तक पप्पू यादव बिहार में इस मुद्दे पर आवाज बुलंद कर रहे थे। अब वे इस मामले को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने लगे थे। सबसे पहले उन्होंने संसद में इस मामले पर प्रदर्शन किया। वे पोस्टर वैनर के साथ संसद के बाहर खड़े दिखे। जानकारी के मुताबिक, पप्पू यादव ठएएळ छात्रा मामले में दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले थे। इससे पहले शुक्रवार देर रात उन्हें 31 साल पुराने केस में गिरफ्तार कर लिया गया।

## सुनील सिंह को दी चेतावनी, कहा- वाणी पर कंट्रोल रखिए, नहीं तो सुधार देंगे

**पटना।** जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने सोमवार को फखऊ नेता और राबड़ी देवी के मुंह बोले भाई सुनील सिंह पर जोरदार हमला बोला है। तेज प्रताप ने आरोप लगाया कि सुनील सिंह ने राजद को खोखला कर दिया है। उन्होंने कहा, 'सुनील सिंह को यह बात समझ लेनी चाहिए कि वो कभी मेरे चेला हुआ करते थे। मेरे पीछे-पीछे घूमते थे।' तेजप्रताप ने चेतावनी भरे लहजे में कहा, 'सुनील सिंह अपनी वाणी पर संयम रखें, नहीं तो सुधार देंगे।' प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तेजप्रताप ने सुनील सिंह पर भी रोहिणी आचार्य का अपमान करने का आरोप लगाया। साथ ही कहा, 'इन्हीं जयचंदों के चलते फखऊ 25 सीटों पर सिमट गया। अगर यही हाल रहा, तो अगली बार पार्टी शून्य पर आ जाएगा। उन्होंने राजद के भीतर मौजूद जयचंदों पर आरोप लगाते हुए कहा, 'ऐसे लोगों ने उनके पिता लालू यादव को बर्बाद कर दिया और अब पार्टी में मेरे पिता की भी नहीं चलती। मेरी बहन का भी अपमान करते हैं।' जयचंदों की वजह से पार्टी 25 सीटों पर सिमट गई तेज प्रताप यादव ने सुनील सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने कई बार राजद के लोगों का अपमान किया है। उन्होंने कहा, राजद का आज क्या हाल है, यह किसी से छुपा नहीं है। इन्हीं वजहों से पार्टी 25 सीटों पर सिमट कर रह गई। तेज प्रताप ने आरोप लगाया कि पार्टी के भीतर ही उनकी बहन रोहिणी आचार्य का अपमान किया गया। उन्होंने कहा, इन्हीं जयचंदों ने मेरी बहन का अपमान किया है। अब वह कभी उस घर में वापस नहीं लौटेगी। सुनील सिंह को खुली चुनौती देते हुए तेज प्रताप यादव ने कहा, वो क्या बोलेंगे, उसके पास मेरे सामने खड़े होने की हैसियत नहीं है। मैं उसे ओपन चैलेंज देता हूं मेरे सामने खड़ा होकर दिखाए। अगर मेरे पिता नहीं होते, तो मैं सुनील सिंह को बताता। तेज प्रताप यादव ने दावा किया कि राजद के कई लोग अब उनकी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा, चूड़ा-दही का जो भोज हमने रखा था, उसमें हमारे पिता लालू यादव खुद पहुंचे और हमें आशीर्वाद दिया। उन्होंने यह भी दावा किया कि अब यह बात साफ हो चुकी है कि लालू यादव की असली पार्टी जनशक्ति जनता दल ही है।

## मलाही पकड़ी, खेमनीचक मेट्रो स्टेशन होली बाद होगा शुरू

**पटना।** मेट्रो के दो नए स्टेशनों को शुरू करने की कवायद की जा रही है। मलाही पकड़ी और खेमनीचक मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो सेवा होली बाद शुरू होगी। दूसरी ओर पटना जंक्शन के पास स्टेशन बनाने का काम तेजी से चल रहा है। यह स्टेशन पूरे मेट्रो नेटवर्क का सबसे बड़ा स्टेशन होगा। तीन तल वाला यह स्टेशन एक इंटरचेंज स्टेशन के रूप में काम करेगा। यहां से मेट्रो कॉरिडोर-वन और कॉरिडोर-टू के सभी स्टेशनों तक सीधी कनेक्टिविटी होगी। फरवरी के अंतिम सप्ताह में आयेंगे कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी मलाही पकड़ी और खेमनीचक मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो सेवा शुरू करने से पहले फरवरी के अंतिम सप्ताह में कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी की (उटफ्र) अंतिम जांच प्रस्तावित है। सभी तकनीकी और सुरक्षा मानकों पर खरे उतरने के बाद, मार्च के पहले सप्ताह में इन दोनों स्टेशनों से मेट्रो सेवा शुरू हो सकती है।



# लंबाई के अनुसार कपड़ों का करें चयन

**अगर आपकी लंबाई कम है तो आप को इस प्रकार के कपड़ों का चयन करना चाहिये। कपड़े ऐसे हों जिनमें वर्टीकल पट्टियां हों। इसका कारण यह है कि हॉरीजौन्टल पट्टियों में आपकी लंबाई कम लगेगी। आप मोटी या पतली वर्टीकल पट्टियों को पहन सकती हैं। केवल फैशन के पीछे न भागे। स्कर्ट, क्रॉप पैंट जैसी चीजों से आपको बचना चाहिए क्योंकि आप ऐसी चीजें पहनकर और छोटी लगेंगी।**

एंकिल तक की पट्टियों को कहें बाय बाय–

एंकिल तक की पट्टियों वाले कपड़ों और जूतों को आप अपने से दूर रखें क्योंकि इससे आप और छोटी लगेंगी। अगर आपको एंकिल तक की पट्टियों वाले फुटवियर पसंद हैं तो उसमें हील जरुर हों।

अगर आप बड़े आकार के बैग का इस्तेमाल करती हैं तो उसे बदल दें। ज्यादा बड़े आकार के बैग को कैरी करने से आपकी हाइट और कम लगती हैं। इसलिए आप ऐसा बैग लें जिस में आप अच्छी लगें।



शर्ट ड्रेस से दूर रहें–

जिनके पैरों की लंबाई ज्यादा होती हैं उन पर शर्ट वाली ड्रेस अच्छी लगती हैं। शर्ट वाली ड्रेस का कोई अपना आकार नहीं होता हैं इसलिए ये आपको चकोर लुक देता हैं जो आप पर थोड़ा अजीब लग सकता हैं।

गहरी कट के कपड़े पहनें–

वी आकार की नेकलाइंस वाले कपड़े आप पर अच्छे भी लगेंगे और उसमें लंबी भी लगेंगी। अगर आपकी हाइट कम हैं तो ये अगर आपको मैक्सी ड्रेस पसंद हैं तो आप उसे पहन सकती हैं। लेकिन फिटिंग को ध्यान में रखते हुए वो नीचे की तरफ से थोड़ा कसा हुआ हो। इसमें आप स्मार्ट और स्टाइलिश लगेंगी।



# घरेलू उपाय से ठीक होंगी फटी एड़ियां

पैरों की खूबसूरती भी जरुरी है पर कई बार धूल लगने से एडियां फट जाती है। इससे पैरों की खूबसूरती कम हो जाती है पर फटी एडियों को ठीक करने के लिए कहीं बाहर जाने की बजाय कुछ घरेलू उपायों को करना ठीक रहता है।

## नींबू रहेगा फायदेमंद

नींबू का इस्तेमाल करके फटी एड़ियों को सही किया जा सकता है। इसके लिए नींबू के रस को गर्म पानी में मिलाएं और 10 से 15 मिनट तक पैरों को पानी में डुबोए रखें. इसके बाद एड़ी को प्यूमिक स्टोन से साफ करें और फिर पैरों को धो कर तौलिये से पोछ लें।

## गुलाब जल और ग्लीसरीन

ग्लीसरीन और रोजवॉटर (गुलाब जल) फटी एड़ियों को सही करने और एड़ियों को मुलायम करने में मदद करता है। सबसे पहले ग्लीसरीन और रोजवॉटर को बराबर मात्रा में लेकर पेस्ट तैयार कर लें। रात को सोने से पहले इस पेस्ट को एडियों पर लगा लें।

## वनस्पति तेल

वनस्पति तेल भी फटी एड़ियों के लिए काफी सही रहता है। वनस्पति तेल में जैतून, नारियल, तिल या किसी भी तरह का वनस्पति तेल लेकर रात को सोने से पहले एडियों में मसाज करने से फायदा मिलेगा। इसके लिए सबसे पहले पैरों को गर्म पानी में भिगोकर रखें और बाद में स्क्रब कर के सुखा लें। इसके बाद वनस्पति तेल को एड़ी और तलवों पर लगाकर मोजे पहनकर सो जाएं।

## नीम

नीम भी फटी एड़ियों को सही करने में कारगर साबित हो सकता है. इसके लिए सबसे पहले नीम की पततियों को हल्दी के साथ मिक्स कर के पेस्ट तैयार कर ले।

# नींद पूरी न होना महिलाओं की सेहत पर डाल सकता है गहरा असर



अच्छी सेहत पाना मौजूदा समय की सबसे बड़ी जरूरत भी है और चुनौती भी। हालांकि दुनियाभर में जिस तेजी से डायबिटीज, हृदय रोग, हाई ब्लड प्रेशर हो या डायबिटीज-किडनी की बीमारियां, बढ़ती जा रही हैं, इसको लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ काफी चिंतित हैं। जब बात महिलाओं की सेहत की आती है तो ये चिंता और भी बढ़ जाती है।

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि महिलाओं की सेहत लगातार चुनौतियों से जूझ रही है। करियर, परिवार और सामाजिक जिम्मेदारियों के बीच महिलाएं अक्सर अपनी सेहत को प्राथमिकता नहीं दे पातीं। इसके अलावा खराब लाइफस्टाइल, अनियमित



खानपान, शारीरिक गतिविधियों में और बढ़ते मानसिक तनाव ने समस्यों को और भी गंभीर बना दिया है। पर्याप्त पोषण की कमी महिलाओं में एनीमिया का खतरा बढ़ाती जा रही है, भारत में 57% से अधिक महिलाएं खून की कमी का शिकार हैं।

इन समस्याओं के अलावा स्वास्थ्य विशेषज्ञ एक छोटी सी लापरवाही को लेकर भी सभी महिलाओं को सावधान करते हैं, जो धीरे-धीरे शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की सेहत को खराब करती जा रही है।

नींद की कमी महिलाओं की सेहत का दुश्मन

महिलाओं में नींद की समस्या या रात में देर से सोने की आदत को स्वास्थ्य विशेषज्ञ सेहत के लिए बहुत हानिकारक मानते हैं। नींद की कमी एक साइलेंट खतरे के रूप में उभर रही है। देर रात तक जागना, मोबाइल और स्क्रीन टाइम बढ़ना और स्ट्रेस के कारण महिलाओं की नींद पूरी नहीं हो पाती।

अध्ययनों से पता चलता है कि रात में 8 घंटे से कम की नींद हार्मोनल असंतुलन के साथ महिलाओं की शारीरिक और मानसिक सेहत दोनों को प्रभावित कर सकती है। कम उम्र में ही पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) मोटापा, डायबिटीज, थायरॉइड और मेंटल हेल्थ से जुड़ी समस्याओं के लिए सीधे तौर पर नींद विकारों या देर से सोने की आदत को जिम्मेदार पाया गया है।

हार्मोनल असंतुलन और पीरियड्स से जुड़ी समस्याएं

नींद पूरी न होना महिलाओं के हार्मोन सिस्टम को सबसे पहले प्रभावित करता है। नींद के दौरान शरीर एस्ट्रोजन, प्रोजेस्टेरोन और मेलाटोनिन जैसे जरूरी हार्मोन को संतुलत करता है।

जब महिलाएं देर रात तक जागती हैं या 7-8 घंटे की नींद नहीं ले पातीं, तो इससे हार्मोनल साइकिल बिगड़ जाती है।

इसका सीधा असर पीरियड्स पर पड़ता है, जिससे अनियमित माहवारी, ज्यादा दर्द, हैवी ब्लीडिंग या पीरियड्स का देर से आना जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

लगातार नींद की कमी पीसीओएस के खतरे को भी बढ़ाती है, जिसके कारण प्रजनन स्वास्थ्य भी प्रभावित होने लग जाता है। इससे गर्भधारण में परेशानी और मूड स्विंग्स बढ़ सकते हैं।



# नाखूनों को ऐसे बनाएं सुंदर

लड़कियों को लंबे-लंबे नाखून रखना पसंद होता है, लेकिन इन्हें लंबा करना कोई आसान काम नहीं होता। अगर आसान होता तो हर किसी के हाथ में लंबे नाखून देखने को मिलते। कई लड़कियों के नाखून लंबे होते है तो सुंदर नहीं होते। नाखूनों को सुंदर और लंबा इस प्रकार बनायें।

बहुत सारी महिलाओं के नाखून बढ़ते तो हैं लेकिन कमजोर होने के चलते जल्दी टूट जाते हैं। ऐसा हमारे शरीर में पोषक तत्वों की कमी के कारण होता है, इसलिए सबसे पहले आपको अपनी डाइट में बदलाव करना होगा। आपको कुछ ऐसी चीजों को अपनी डाइट में शामिल करना होगा जिनसे आपको पोषक तत्व मिलें।

## संतरे का रस

संतरे के रस को दस मिनट तक अपने नाखूनों पर लगाएं। इसके बाद अपने हाथों को गुनगुने पानी से धो लें। कुछ दिन तक ऐसा करने से आपके नाखून कुछ दिनों में बढ़ने लगेंगे।

## ऑलिव ऑयल

नाखून लंबे करने के लिए रोजाना ऑलिव ऑयल से नाखूनों की मालिश करें। विटामिन ई से भरपूर ऑलिव ऑयल नाखूनों को पोषण प्रदान करता है और खून का फ्लो नाखूनों तक बढ़ाता है जिससे नाखून तेजी से बढ़ना शुरु हो जाते हैं।

## लहसुन

नाखूनों को बढ़ाने के लिए लहसुन एक बेहतरीन उपाय माना जाता है। लहसुन को दो टुकड़ों में काट कर उसे 10 मिनट तक अपने नाखूनों पर रगड़ें। ऐसा करने से आपके नाखून कुछ ही दिनों में अच्छे खासे बढ़ जाएंगे।



# सुंदर दिखने के लिए अपनाएं ये तरीके

सुंदरता के लिए अपनायें ये तरीके। इस प्रकार आप अपनी सुंदरता को बढ़ा सकती हैं। आंखों की सुंदरता के लिए गोल्ड आई शैडो का प्रयोग करें। आंखों पर गहरे रंग के आई पेंसिल का प्रयोग करें1 आप इलेक्ट्रिक ब्लर आईलाइनर के इस्तेमाल करने से भी अच्छा लुक पा सकती हैं1 रात के समय ब्लशर रंगों का होठों के रंगों से मेल जरूरी नहीं है, लेकिन टोन का रंग सामान्यता एक जैसा होना चाहिए। यदि आपने नांरगी लिपस्टिक लगाई है तो गुलाबी ब्लश से दूर रहिए।आप लिपस्टिक में लाल गहरे लाल रंग की शेड की लिपस्टिक का प्रयोग कर सकती हैं। गहरा गुलाबी रंग भी काफी आकर्षक लगेगा। ज्यादातर त्वचा के रंगों में नारंगी शेड भी काफी सराही जाती है। उमस भरे मौसम में 3डी लुक पाने के लिए फेस पर ब्रांजिंग और हाइलाइटिंग बहुत जरूरी है। इसके साथ ही फेस पर बेस ब्लेंडेड करना भी बहुत जरूरी है। इसके साथ ही टोनिंग भी बेहद अनिवार्य है1 इसके लिए आप किसी मलमल के कपड़े में बर्फ डालकर अपने चेहरे पर हल्के-हल्के से मल सकती हैं। इससे पोर्स तो बंद हो ही जाएंगे और मेकअप भी देर तक टिका



रहेगा। अगर आपकी स्किन ड्राई है तो आप मॉइश्चराइजिंग लोशन से कुछ मिनट तक हल्के-हल्के मसाज कर सकती हैं।

अपनी त्वचा से अनचाहे दाग-धब्बे छुपाने के लिए कंसीलर का यूज कर सकती हैं। कंसीलर को अपनी उंगली में लेकर प्रभावित स्थान पर हल्के से थपथपा कर लगाएं, जिससे कंसीलर आपकी स्किन में अच्छे से समा जाए. अगर आपकी ड्रेस ज्यादा भारी नहीं है तो बहुत डार्क मेकअप ना करें, बल्कि लिपस्टिक और आई शेड्स में हल्के रंगों के उपयोग करें। आंखों पर मस्कारा लगाएं। आप लिक्विड काजल की जगह पेंसिल वाला काजल भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

अगर आपकी ड्रेस हैवी है तो लिक्विड काजल का इस्तेमाल करें और मस्कारा लगाएं। साथ ही लिपस्टिक और आई शेड्स डार्क गहरे रंग के इस्तेमाल करें। चाहें तो होठों के लिए लिक्विड लिप ग्लॉस का उपयोग भी कर सकती हैं। ड्रेस के बाद बारी आती है हेयर स्टाइल की। आप चाहे कितना भी अच्छा मेकअप कर लें या ज्वेलरी पहने जब तक आपका हेयर स्टाइल सही नहीं है आपका लुक परफेक्ट नहीं लग सकता। इसलिए अपने बालों को अच्छा सा हेयर स्टाइल दें।

अगर आपके बाल छोटे हैं तो उन्हें खुला ही छोड़ दें। खुले बालों में भी काफी स्टाइल दिए जा सकते हैं। जैसे कि आप अपने बालों को सामने की ओर से पफ दे सकती हैं या क्लिप्स की मदद से सामने के बाल थोड़े-थोड़े लेकर पीछे की ओर घुमाकर पिनअप कर सकती हैं।ट को एडियों पर लगा लें। इस पेस्ट को 1 घंटे लगाकर रखें और फिर पानी से साफ कर लें।

# स्कॉटलैंड टी20 विश्वकप में 200 रन बनाने वाली पहली एसोसिएट टीम बनी

**कोलकाता (एजेंसी)।** बांग्लादेश के बाहर होने के बाद शामिल हुई स्कॉटलैंड की टीम ने टी20 विश्वकप क्रिकेट 2026 में एक नया रिकार्ड बना दिया। स्कॉटलैंड की टीम ने इटली के खिलाफ हुए मुकाबले में 207 रन बनाये और इसी के साथ ही वह 200 रन बनाने वाली पहली एसोसिएट टीम बन गयी है। इस मैच में इटली ने टॉस जीतकर स्कॉटलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। स्कॉटलैंड ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट पर 207 रन बनाए। इसी के साथ ही स्कॉटलैंड टी20 वर्ल्ड कप में एसोसिएट टीम के तौर पर 200 या उससे अधिक रन बनाने वाली पहली टीम बन गई है। इससे पहले यह रिकॉर्ड अमेरिकी टीम के नाम था। पिछले टी20 विश्वकप में अमेरिका ने बतौर एसोसिएट टीम कनाडा के खिलाफ सबसे अधिक 197 रन बनाए थे।

टी 20 वर्ल्ड कप में इससे पहले साल 2024 में अमेरिका ने कनाडा के खिलाफ तीन विकेट पर 197 रन बनाये थे। /3 वहीं 2024 में कनाडा ने अमेरिका के खिलाफ पांच विकेट पर 194 रन बनाये थे। वहीं 2014 में नीदरलैंड ने आयरलैंड के खिलाफ 4 विकेट पर 193 रन बनाये थे।

मैच की बात करे तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड की टीम की शुरुआत सलामी बल्लेबाज जॉर्ज मुन्से और माइकल जोन्स ने की। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 13.5 ओवर में 126 रनों की साझेदारी हुई। जॉर्ज मुन्से ने 54 गेंदों पर 13 चौके और 2 छक्के लगाकर 84 रन बनाये। वहीं जोन्स ने 30 गेंदों पर 37 रन बनाए।

वहीं नंबर-3 पर बल्लेबाजी करने आये ब्रैंडन मैकमुलन ने 18 गेंदों पर 4 छक्कों की मदद से नाबाद 41 रन आये। उनका अंत में साथ माइकल लीस्क ने दिया। लीस्क ने 5 गेंदों पर 440 के स्ट्राइक रेट के साथ नाबाद 22 रन बनाए।



# एशियाई चैंपियनशिप: रोमांचक शूट ऑफ में स्वर्ण पदक से चूकी मनु भाकर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक की दोहरी कांस्य पदक विजेता मनु भाकर सोमवार को यहां स्वर्ण पदक जीतने के बेहद करीब पहुंचकर रोमांचक शूट ऑफ में पिछड़ गईं जिससे उन्हें एशियाई चैंपियनशिप की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि उनकी साथी भारतीय निशानेबाज ईशा सिंह को कांस्य पदक मिला। महाद्वीपीय प्रतियोगिता के मौजूदा सत्र के सबसे करीब मुकाबले में से एक में स्वर्ण पदक विजेता एनगुयेन थुय ट्रांग और मनु दोनों ने फाइनल में समान 35 का स्कोर किया। इसके बाद मुकाबला शूट ऑफ में खिंचा जिसमें वियतनाम की खिलाड़ी ने बाजी मार ली।

फाइनल में पूर्व एशियाई एयर पिस्टल चैंपियन ट्रांग, मनु, ईशा और ओलंपियन रिदम सांगवान सभी स्वर्ण के लिए एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे थे। ईशा ने पहली सीरीज में परफेक्ट पांच अंक से शुरुआत की जबकि मनु और ट्रांग ने चार-चार अंक के निशाने लगाए। हर सीरीज के बाद पदक की दौड़ में स्थिति बदल रही थी लेकिन छठी सीरीज में परफेक्ट पांच के साथ वियतनाम की खिलाड़ी ने दो अंक की बढ़त बना ली। मनु और ईशा ने ट्रांग की खराब सातवीं सीरीज का फायदा उठाया जिसमें वह सिर्फ एक निशाना लगा पाईं जिससे अंतर कम हो गया।

आठवीं सीरीज के आखिर में 30 के स्कोर के साथ आगे चल रही ईशा नौवीं सीरीज में अपने सभी शॉट चूक गईं और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अंतिम सीरीज में मनु ने तीन निशाने लगाए जबकि ट्रांग दो की निशाने लगा पाईं जिससे दोनों का कुल स्कोर 35 हो गया और मुकाबला शूट ऑफ में खिंचा इससे पहले ईशा ने 'प्रिसिन' और 'ड्यूलिंग' चरण के क्वालीफिकेशन दौर में 589 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके बाद मनु (584) रहीं। रिदम ने भी फाइनल में जगह बनाई जिससे आठ में से तीन निशानेबाज भारतीय थे।

ईशा, मनु और रिदम की तिकड़ी ने कुल 1,751 अंक के साथ टीम स्वर्ण जीता। चीनी ताइपे को 1,735 अंक के साथ रजत जबकि वियतनाम को 1,729 अंक के साथ कांस्य पदक मिला। जूनियर 25 मीटर पिस्टल फाइनल में नाम्या कपूर ने रोमांचक शूट ऑफ में स्वर्ण पदक जीता। विश्व चैंपियनशिप पदक जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय खिलाड़ी ने इंडोनेशिया की रिहादतुल अस्यिफा को पछाड़ा। अंजलि भागवत ने कांस्य पदक जीता। जूनियर भारतीय टीम ने इस स्पर्धा में टीम स्वर्ण भी जीता।

# पाक से मैच को लेकर आईसीसी के फैसले का सम्मान करेगा बीसीसीआई : राजीव शुक्ला



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा है कि पाकिस्तान के टी20 विश्वकप मैच का बहिष्कार करने के मामले में बोर्ड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के फैसले का सम्मान करेगा। शुक्ला ने कहा है कि इस मामले में आईसीसी के जो भी फैसला लेगी। उसी का हम पालन करेगी और हमारा कोई अलग रुख नहीं होगा। शुक्ला ने कहा, मैं पहले भी स्पष्ट कर चुका हूं कि आईसीसी जो भी फैसला लेगा, बीसीसीआई उसी के अनुसार आगे बढ़ेगी। इस मामले में बोर्ड कुछ भी नहीं कहेगा। पाक ने बांग्लादेश को विश्वकप से बाहर किये जाने का विरोध करते हुए भारत के खिाफ विश्वकप मैच नहीं खेलने की बात कही है। वही पाक मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस मैच की संभावनाएं हैं क्योंकि लाहौर में आईसीसी के डिप्टी चेयरमैन इमरान ख्वाजा, पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी और बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम के बीच इसको लेकर एक बैठक हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पीसीबी इस मामले पर पाकिस्तान सरकार से स्पष्ट दिशा-निर्देश लेने वाला है। इसके बाद ही उसकी ओर से कोई औपचारिक घोषणा होगी। वहीं इससे पहले पाक सरकार ने कहा था कि उसकी टीम भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलेगी। पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस फैसले को बांग्लादेश से जुड़े विवाद से जोड़ते हुए कहा कि ये बांग्लादेश के प्रति समर्थन दिखाने के लिए लिया गया है।।

इससे पहले बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों से अपने सभी मैच भारत से बाहर कराने की मांग की थी, जिसे आईसीसी ने ठुकरा दिया था। इसके बाद बांग्लादेश ने विश्वकप से नाम वापस ले लिया था। आईसीसी ने पीसीबी से यह स्पष्ट करने को कहा है कि उसने बहिष्कार का कदम क्यों उठाया है। वहीं पीसीबी ने आईसीसी को संदेश भेजा था कि सरकार के आदेशों के कारण वह इस मैच से बाहर रहेगा। आईसीसी ने पीसीबी को यह भी आगाह किया है कि यदि मैच नहीं होता है, तो इससे को भारी आर्थिक और व्यावसायिक नुकसान हो सकता है। आईसीसी ने साथ ही उसे कड़ी कार्रवाई की भी चेतावनी दी है। पीसीबी का मानना है कि यदि मामला कानूनी रूप लेता है, तो उनके पास मैच से बाहर रहने को लेकर अपना पक्ष रखने के मजबूत आधार है।

# भारत के खिलाफ टी20 विश्वकप मैच खेलने पीसीबी ने रखीं शर्तें



**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले आईसीसी टी20 विश्वकप मैच में खेलने को लेकर सौदेबाजी शुरु कर दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा है कि वह भारत के खिलाफ विश्व कप में खेल सकता है पर उसकी तीन मांगों को पूरा करना होगा। पीसीबी को पता है कि आईसीसी इन मांगों को मानने तैयार नहीं होगा। उसकी मांग है कि बांग्लादेश को विश्वकप से बाहर किये जाने के लिए बढ़ा हुआ मुआवजा दिया जाए। बांग्लादेश को विश्वकप में भाग न लेने के बाद भी पार्टिसिपेशन फीस और 3-भविष्य के आईसीसी टूर्नामेंट्स के लिए पाकिस्तान को मेजबानी का अधिकार दिया जाए। इस रिपोर्ट के अनुसार बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने भी आईसीसी के सामने 2 मांगें रखी है। पहली मांग ये कि मुआवजा दो और दूसरी मांग ये कि आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी दो।

वहीं आईईसीसी के इस प्रकार की सौदेबाजी के लिए तैयार होने की संभावना नहीं है। इससे पहले पाक ने पिछले साल एशिया कप के दौरान भी टूर्नामेंट के बहिष्कार की धमकी दी थी जब भारतीय खिलाड़ियों ने मैच के बाद पाकिस्तानी टीम से हाथ मिलाने से मना कर दिया था। इस बाद उसने पूरा टूर्नामेंट खेला था।

वहीं बांग्लादेश को पहले ही विश्वकप से बाहर कर दिया है। ऐसे में आईसीसी के उसे मुआवजा देने का सवाल भी नहीं उठाता है। आईसीसी ने हालांकि लाहौर में बीसीबी के अधिकारियों से बातचीत की। वहीं ये भी कहा जा रहा है पीसीबी में भी बोर्ड प्रमुख मोहसिन नकवी के प्रति नाराजगी है। नकवी केंद्रीय गृह मंत्री भी हैं। नकवी जहां भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार पर अड़े हुए हैं वहीं पीसीबी के कुछ अधिकारी चाहते हैं कि पाकिस्तान को टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ मैच खेलना चाहिए।

# विश्व टूर में बदलाव: इंडिया ओपन बैडमिंटन का दर्जा बरकरार, सैयद मोदी टूर्नामेंट का घटा

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** विश्व बैडमिंटन महासंघ (BWF) द्वारा सोमवार को घोषित भविष्य के कार्यक्रम में भारत का बड़ा झटका लगा है क्योंकि देश में होने वाले आयोजनों की संख्या चार से घटकर दो कर दी गई है जिसमें इस साल आयोजन संबंधी समस्याओं के बावजूद इंडिया ओपन ने अपना सुपर 750 दर्जा बरकरार रखा है लेकिन सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 का दर्जा घटाकर सुपर 100 कर दिया गया।

विश्व टूर कार्यक्रम से जिन टूर्नामेंटों को हटाया गया है उनमें गुवाहाटी और ओडिशा में आयोजित सुपर 100 टूर्नामेंट शामिल हैं। इन टूर्नामेंटों को 2023 में शुरू किया गया था। लखनऊ में सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय का आयोजन राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन सैयद मोदी की स्मृति में होता है। यह साल 2018 से विश्व टूर सुपर 300 स्तर का टूर्नामेंट रहा है। 2009 में ग्रां प्री टूर्नामेंट के रूप में शुरू हुआ यह आयोजन अब अगले सत्र से सर्किट में शामिल आठ सुपर 100 टूर्नामेंटों में से एक होगा।

BWF ने सैयद मोदी टूर्नामेंट के स्तर को कम करने या ओडिशा और गुवाहाटी के टूर्नामेंटों को कैलेंडर से हटाने के पीछे के कारण स्पष्ट नहीं किए हैं। दिल्ली में आयोजित होने वाले इंडिया ओपन को 2023 में सुपर 750 का दर्जा दिया गया था। वह अपनी ग्रेड दो, लेवल तीन स्थिति बनाए रखेगा और 2027-30 के नए चक्र में भी पांच सुपर 750 टूर्नामेंटों में शामिल रहेगा। इस साल इंडिया ओपन विवादों में भी रहा था। कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने साफ-सफाई सहित आयोजन की अन्य खामियों की ओर इशारा किया था। नए बदलावों के तहत विश्व टूर की छह-स्तरीय संरचना में 36 टूर्नामेंट शामिल होंगे। इसमें टूर्नामेंट विश्व टूर फाइनल्स, पांच सुपर 1000 टूर्नामेंट, पांच सुपर 750, नौ सुपर 500, आठ सुपर 300 और आठ सुपर 100 टूर्नामेंट शामिल हैं। खास बात यह है कि सुपर 100 टूर्नामेंट पहली बार मुख्य टूर में शामिल होंगे। सुपर 1000 स्तर के पहले चार टूर्नामेंट होते थे लेकिन अब इस स्तर के पांच टूर्नामेंट एशिया और यूरोप में आयोजित होंगे। इसमें एकल में 48 खिलाड़ी ग्रुप और फिर एलिमिनेशन चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जबकि युगल में 32 जोड़ियों का नॉकआउट ड्रॉ होगा। हर सुपर 1000 टूर्नामेंट 11 दिन तक दो सप्ताहांत में चलेगा और इसके 1,095 मैच पूरी दुनिया में प्रसारित किए जाएंगे। BWF ने बताया कि विश्व टूर में कुल वार्षिक पुरस्कार पूल लगभग 26.9 मिलियन डॉलर होगा। इसमें हर श्रेणी की पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी की गयी है। BWF ने कहा, 'सुपर 1000 टूर्नामेंट के लिए 20 लाख डॉलर, सुपर 750 के लिए 11 लाख, सुपर 500 के लिए 5.60 लाख, सुपर 300 के लिए 2.90 लाख और सुपर 100 के लिए 1.40 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि रखी गयी है।'

## आईसीसी ने पीसीबी की शर्तों को मानने से इंकार किया

दुबई ।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की उन शर्तों को खारिज कर दिया है जो उसने भारत के साथ मैच खेलने के लिए रखीं थीं ।इससे अब 15 फरवरी को भारत और पाक के बीच मैच होने की संभावनाएं कम हो गयी हैं ।आईसीसी ने पीसीबी की मांगों को मानने से साफ मना कर दिया ।पीसीबी ने आईसीसी के सामने तीन प्रमुख मांगें रखीं ।पहली, भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज़ को फिर से शुरू करने की ठोस गारंटी ।दूसरी आईसीसी की कुल कमाई में पाकिस्तान के हिस्से को बढ़ाने की मांग ।तीसरी और अहम मांग यह थी कि भविष्य में हाथ न मिलाने जैसे घटनाक्रम दोबारा न हों और इसके लिए स्पष्ट प्रोटोकॉल तय किया जाए ।इसके अलावा पीसीबी ने बांग्लादेश के लिए मुआवज़ा और भविष्य के आईसीसी इवेंट्स की मेज़बानी से जुड़े मुद्दे भी उठाए ।आईसीसी ने इन मांगों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया ।हालांकि परिषद ने यह आश्वासन ज़रूर दिया कि बांग्लादेश को आईसीसी राजस्व में उसका पूरा हिस्सा मिलेगा, लेकिन किसी भी तरह के अतिरिक्त मुआवज़े से साफ इंकार किया गया ।

## इटली के कप्तान मैडसेन चोटिल हुए, आगे खेलने की संभावना नहीं



कोलकाता ।इटली के कप्तान वेन मैडसन टी20 विश्व कप के अपने पहले ही मैच में चोटिल होकर बाहर हो गये हैं । स्कॉटलैंड के खिलाफ इस मैच के चौथे ही ओवर में फ़ील्डिंग करते समय मैडसन के कंधे पर गंभीर चोट लग गयी ।मैडसन उस समय मिडविकेट पर फ़ील्डिंग कर रहे थे ।वह जॉर्ज मंसी के पुल शॉट को रोकने के प्रयास में गिर गये । इसके बाद उन्हें स्टेडियम से बाहर ले जाया गया ।मैडसेन इटली के सबसे अनुभवी क्रिकेटर हैं ।ऐसे में उनका चोटिल होना टीम के लिए करारा झटका है ।वह अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं ।उन्हें जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया है ।कंधे की चोट गंभीर होती है ।ऐसे में उनका अब इस टूर्नोमेंट में आगे खेलना संदिग्ध नजर आता है ।जो बर्न्स के टूर्नामेंट के लिए चयनित नहीं होने के बाद मैडसेन को टी20 विश्व कप के लिए इटली का कप्तान बनाया गया था ।इटली को इस मैच में 73 रनों से हार का भी सामना करना पड़ा है ।स्कॉटलैंड ने ग्रुप सी के इस मैच में इटली को हराकर पहला मैच जीता ।स्कॉटलैंड ने इस मैच में 208 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए इटली की टीम ने 16 औवर और चार गेंदों में 9 विकेट पर 134 रन ही बना पायी । ऑफ स्पिनर लीस्क ने 17 रन देकर चार विकेट लिए ।इटली की ओर से बेन मानेंती ने 52 और हैरी मानेंती ने 37 रन बनाये पर वह अपनी टीम की हार नहीं टाल पाये ।

# टी20 विश्वकप : गेंदबाजों के कमाल के बाद बेनेट की नाबाद पारी से जिम्बाब्वे ने ओमान को हराया



**कोलंबो (एजेंसी)।** ब्लेसिंग मुजरबानी की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद ब्रायन बेनेट की 36 गेंद में नाबाद 48 रन की पारी से जिम्बाब्वे ने आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप बी मैच में सोमवार को यहां 45 गेंद शेष रहते ओमान को आठ विकेट से शिकस्त दी। ओमान को 103 रन पर आउट करने के बाद जिम्बाब्वे ने 13.3 ओवर में दो विकेट गंवाकर 106 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। मुजरबानी ने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लेते हुए ओमान के शीर्ष क्रम को झकझोरा। उन्हें रिचर्ड नगारवा का (चार ओवर में 17 रन पर तीन विकेट) का अच्छा साथ मिला। एक अन्य तेज गेंदबाज ब्रैड इवांस ने 3.5 ओवर में 18 रन पर तीन विकेट लेते हुए जिम्बाब्वे के निचले क्रम को आउट किया।

ओमान ने 27 रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे और टीम पर काफी कम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था। विनायक शुक्ला (21 गेंद में 28 रन), सूफियान महमूद (39 गेंद में 25) और नदीम खान (18 गेंद में 20) की उपयोगी पारियों से टीम ने 100 रन के आंकड़े को पार किया। इन तीनों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज दोहरे अंक में रन बनाने में नाकाम रहा। विनायक और सूफियान ने छठे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी कर ओमान को जल्दी आउट होने बचाया तो वहीं नदीम ने आखिरी ओवरों में कुछ बड़े शॉट के साथ टीम के स्कोर को 100 रन के पार पहुंचाने में अहम योगदान दिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे ने तेज शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज तादिवांशे मारुमनी ने 11 गेंदों में 21 रन की तेज पारी खेली, लेकिन महमूद की गेंद पर वसीम अली ने शानदार कैच लेकर उन्हें पवेलियन भेज दिया। महमूद ने उसी ओवर में डियोन मायर्स को खाता खोले बिना आउट कर दिया। इसके बाद बेनेट और अनुभवी विकेटकीपर ब्रेंडन टेलर (30 गेंदों में 31 रन, रिटायर्ड हर्ट) ने तीसरे विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी कर जिम्बाब्वे को 13.3 ओवर में ही जीत दिला दी। 22 साल के बेनेट पिछले कुछ समय से शानदार लय में है। उन्होंने इससे पहले घरेलू सरजमीं पर तीन अर्धशतक और एक शतक लगाकर जिम्बाब्वे को इस विश्व कप में जगह दिलाई थी।

अनुभवी टेलर भी पीछे नहीं रहे और उन्होंने कुछ बेहतरीन शॉट्स खेलते हुए टीम को आसान जीत दिलाई। जिम्बाब्वे की टीम टी20 विश्व कप के पिछले सत्र में बाहर रहने के बाद मौजूदा टूर्नामेंट में खुद को साबित करने उतरी है। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया जिसे मुजरबानी और नगारवा ने सही साबित किया। मुजरबानी ने अपने शुरुआती दो ओवर में तीन जबकि नगावरा ने एक विकेट लिये जिससे चार ओवर के बाद ओमान का स्कोर चार विकेट पर 17 रन हो गया।

पावरप्ले के बाद गेंदबाजी के लिए आये रजा ने वसीम अली (तीन) को बोल्ड कर 27 रन तक ओमान की आधी टीम को पवेलियन की राह दिखा दी। विनायक और महमूद ने इसके बाद पारी को संभालने की कोशिश की। दोनों की 42 रन की अहम साझेदारी को नगावरा ने विनायक को विकेटकीपर ब्रेंडन टेलर के हाथों कैच कराकर तोड़ा। इवांस ने महमूद की को डीप स्क्वायर लेग पर कैच कराकर ओमान को 76 रन पर आठवां झटका दिया। नदीम ने इसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ कुछ बड़े शॉट के दम पर टीम के स्कोर को 100 रन के पार पहुंचाया।

# भारत के तेजस्विन ने एशियन इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता

## -पूजा, तजिंदरपाल को रजत, पांच पदक जीतकर छठे स्थान पर रहा भारत



तिआनजिन (एजेंसी)। भारत के तेजस्विन शंकर ने चीन में आयोजित एशियन इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है ।शंकर ने पुरुषों की हेप्टाथलॉन स्पर्धा में ये स्वर्ण पदक जीता ।इसी के साथ ही भारतीय दल ने इस टूर्नोमेंट में कुल पांच पदक जीते हैं ।इस प्रकार भारतीय को पदक तालिका में छठा स्थान मिला है ।वहीं मेज़बान चीन ने कुल 10 स्वर्ण, 11 रजत और 13 कांस्य पदक 34 पदक के साथ ही पहला स्थान हासिल किया है ।तेजस्विन ने हेप्टाथलॉन में कुल 5993 अंकों के साथ ही स्वर्ण पदक हासिल करने के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर इंडोर रिकॉर्ड भी तोड़ा ।इससे पहले उनका सबसे अधिक स्कोर 5650 अंक का था, ये उन्होंने साल 2021 में अमेरिका में बनाया था ।शंकर ने इस टूर्नामेंट में पहले दिन से ही बढ़त हासिल कर ली ।जो दूसरे दिन भी जारी रखी ।उन्होंने 60 मीटर बाधा दौड़ के साथ ही पोल वॉल्ट और 1000 मीटर दौड़ में भी जबरदस्त प्रदर्शन किया ।वहीं भारत की ही पूजा ने महिलाओं की ऊंची कूद में 1.87 मीटर छलांग लगाकर रजत जबकि तजिंदरपाल सिंह तोर ने पुरुषों की शॉट पुट में 20.05 मीटर गोला फेंककर रजत पदक हासिल किया ।एंसी सोजन ने लंबी कूद में 6.21 मीटर छलांग लगाकर कांस्य पदक अपने नाम किया ।शॉट पुट स्पर्धा में चीन के चेंगयू चेन ने 20.07 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया ।वहीं भारत के समरदीप सिंह गिल लंबी कूद में 18.97 मीटर छलांक लगाकर पांचवें स्थान पर रहे ।महिलाओं की लंबी कूद में भारत की मौमिता मंडल ने 6.01 मीटर की छलांग लगाकर छठा स्थान प्राप्त किया ।

# टी20 वर्ल्ड कप में अश्विन का बड़ा रिकॉर्ड खतरे में, अर्शदीप सिंह महज इतने विकेट दूर

**मुम्बई (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय गेंदबाजों के प्रदर्शन की बात करें तो समय के साथ यह सूची तेजी से बदलती नजर आ रही है। मौजूदा टूर्नामेंट में भारत के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने ऐसी रफ्तार पकड़ी है कि वह जल्द ही इस प्रतिष्ठित रिकॉर्ड के सबसे बड़े दावेदार बन चुके हैं। फिलहाल यह रिकॉर्ड अनुभवी ऑफस्पिनर रविचंद्रन अश्विन के नाम दर्ज है।

### टी20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट

रविचंद्रन अश्विन - 32
अर्शदीप सिंह - 29
जसप्रीत बुमराह - 26
हार्दिक पंड्या - 24
रविंद्र जडेजा - 22

### अर्शदीप सिंह रिकॉर्ड की दहलीज पर

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भारत के टी20 वर्ल्ड कप अभियानों में अहम कड़ी बनकर उभरे हैं। अब तक वह इस टूर्नामेंट में 29 विकेट चटका चुके हैं और भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने से सिर्फ3 विकेट दूर हैं। पावरप्ले और डेथ ओवर्स में उनकी सटीक यॉर्कर और स्विंग गेंदबाजी ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि कम मैचों में इस स्तर तक पहुंचना अर्शदीप की निरंतरता और अनुकूलन क्षमता को दर्शाता है।

### रविचंद्रन अश्विन का लंबे समय से चला आ रहा दबदबा

भारत के पूर्व मुख्य स्पिन हथियार रविचंद्रन अश्विन टी20 वर्ल्ड कप में अब तक 32 विकेट लेकर इस सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। कई संस्करणों में अपनी कसी हुई गेंदबाजी और अहम मौकों पर विकेट निकालने की क्षमता के दम पर अश्विन ने यह रिकॉर्ड कायम किया था। लंबे समय तक यह आंकड़ा भारतीय गेंदबाजों के लिए एक मानक बना रहा।

### बुमराह और हार्दिक की अहम भूमिका

इस सूची में तीसरे स्थान पर भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं, जिनके नाम 26 विकेट दर्ज हैं। बुमराह की सटीक लाइन-लेंथ और दबाव में विकेट लेने की काबिलियत उन्हें खास बनाती है। वहीं चौथे स्थान पर ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या हैं, जिन्होंने 24 विकेट लेकर टीम को संतुलन प्रदान किया है। हार्दिक ने कई मौकों पर साझेदारी तोड़कर भारत को मैच में वापसी दिलाई है।

### जडेजा और बदलती गेंदबाजी की तस्वीर

पांचवें नंबर पर अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा हैं, जिनके नाम 22 विकेट हैं। जडेजा की किफायती गेंदबाजी और फील्डिंग ने भारत को कई अहम मुकाबलों में फायदा पहुंचाया है। जानकारों के मुताबिक, यह सूची दिखाती है कि भारतीय टी20 गेंदबाजी अब सिर्फस्पिन पर निर्भर नहीं रही, बल्कि तेज और स्पिन के संतुलित संयोजन की ओर बढ़ चुकी है।



### आगे क्या टूटेगा रिकॉर्ड?

टी20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों की यह सूची बदलाव के दौर से गुजर रही है। अर्शदीप सिंह का अश्विन के रिकॉर्ड के करीब पहुंचना भारतीय क्रिकेट में नई पीढ़ी के तेज गेंदबाजों के उभार का संकेत है। जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा, निगाहें इस बात पर टिकी रहेंगी कि क्या अर्शदीप इस ऐतिहासिक रिकॉर्ड को अपने नाम कर पाते हैं या नहीं।

## विश्वकप में भाग लेने नहीं मैच जीतने आयी है नेपाल टीम : पौडेल

मुम्बई ।इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली नेपाल क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित पौडेल ने कहा है कि उनकी टीम विश्वकप में एक या दो टीमों को हराने का प्रयास करेगी ।नेपाल का पहले टी20 मैच में अंतिम ओवर में केवल चार रनों से हार का सामना करना पड़ा है ।इसके बाद से ही टीम के हौंसले बुलंद हैं ।टीम दो बार के विश्व चैंपियन इंग्लैंड को हराने के करीब पहुंच गयी थी पर अंतिम ओवर में वह जीत के करीब आकर भी उसे हासिल नहीं कर पायी ।पोडेल के अनुसार उनकी टीम का लक्ष्य हर मैच में जीत के इरादे से उतरना रहेगा ।जिस प्रकार से टीम का पहले मैच में प्रदर्शन रहा है उससे उनकी टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है ।इंग्लैंड ने रोमांचक मुकाबले में नेपाल पर बड़ी मुश्किल से केवल 4 रनों से जीत हासिल की ।इस मुकाबले में उलटफेर की संभावनाएं तेज थीं पर ।गेंदबाज सेम करन ने अंतिम ओवर में टीम को जीत दिला दी ।इंग्लैंड के सात विकेट पर 184 रन के जवाब में नेपाल की टीम छह विकेट पर 180 रन ही बना पायी । कप्तान पौडेल ने कहा, 'खिलाड़ियों ने पहले ही मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया. मुझे उन पर बहुत गर्व है ।जब हम इस विश्व कप में आए थे तभी ये ठानकर आए थे कि हम यहां सिर्फ हिस्सा लेने नहीं आए बल्कि हमारा लक्ष्य जीत हासिल करना रहेगा। .हमने हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन किया ।अंतिम ओवर में हालांकि हम सफल नहीं रहे ।.'

## बाबा सिद्दीकी हत्या मामले के आरोपी आकाशदीप को मिली सशर्त जमानत

मुंबई (एजेंसी)। कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सोमवार 9 फरवरी को इस केस के आरोपी आकाशदीप करज सिंह को सशर्त जमानत दी है। आकाशदीप इस मामले में जमानत पाने वाला पहला आरोपी है। न्यायमूर्ति नीला गोखले की एकल पीठ ने जमानत देते हुए स्पष्ट निर्देश दिया है कि मामले की सुनवाई पूरी होने तक आरोपी मुंबई नहीं छोड़ेगा। बता दें कि 12 अक्टूबर 2024 की रात मुंबई के बांद्रा ईस्ट इलाके में बाबा सिद्दीकी (66) की उनके बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज वारदात को तीन हमलावरों ने अंजाम दिया था। मुंबई पुलिस ने इस मामले में पंजाब निवासी आकाशदीप करज सिंह (22) को नवंबर 2024 में गिरफ्तार किया था। जमानत याचिका में आकाशदीप सिंह ने खुद को निर्दोष बताते हुए दावा किया था, कि उसे इस मामले में झूठा फंसाया गया है। आरोपी का कहना था कि उसके खिलाफ लगाए गए आरोप अस्पष्ट हैं और अभियोजन पक्ष ने हत्या में उसकी कोई विशिष्ट भूमिका स्पष्ट नहीं की है। याचिका में यह भी कहा गया कि उस पर केवल एक संगठित अपराध गिरोह का सदस्य होने का आरोप लगाया गया है, जबकि हत्या की साजिश या वारदात में उसकी सीधी संलिप्तता साबित नहीं होती। आरोपी की ओर से पेश वकील ने कोर्ट में दलील दी कि इस मामले की सुनवाई निकट भविष्य में शुरू होने की संभावना नहीं है और बिना ट्रायल के लंबे समय तक जेल में रखना आरोपी के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। इसी आधार पर जमानत की मांग की गई थी।

## पटना में शिक्षक भर्ती परीक्षा टीआरई-4 को लेकर अभ्यर्थियों ने जोरदार प्रदर्शन किया

पटना (एजेंसी)। पटना में शिक्षक भर्ती परीक्षा टीआरई-4 को लेकर अभ्यर्थियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की शुरुआत पटना कॉलेज से हुई, जो करीब दो घंटे बाद जेपी गोलंबर पर आकर खत्म हुआ। अभ्यर्थी हाथों में 'शिक्षा मंत्री झूठा है' और 'आई लव टीआरआई-4' लिखे पोस्टर लेकर नीतिश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते दिखाई दिए। इस दौरान पुलिस ने उन्हें काफी समझाने की कोशिश की। प्रदर्शनकारी जेपी गोलंबर तक पहुंचना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने रास्ते में बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया। बैरिकेडिंग के दौरान पुलिस और अभ्यर्थियों के बीच झूमाझटकी हुई। कई अभ्यर्थियों ने बैरिकेड तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश की, जबकि कुछ छात्र बैरिकेड के ऊपर चढ़ गए, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। दरअसल बीपीएससी ने वर्ष 2026 तक आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया है, लेकिन इसमें शिक्षक भर्ती परीक्षा टीआरई-4 का कोई उल्लेख नहीं है। इस बात को लेकर अभ्यर्थियों का आरोप है कि सरकार जानबूझकर टीआरई-4 को टालना चाहती है। कैलेंडर से टीआरई-4 के गायब रहने से हजारों अभ्यर्थियों में गुस्सा और निराशा दोनों बढ़ गई है। पिछले सोमवार को जारी बीपीएससी के परीक्षा कैलेंडर में 70वीं, 71वीं और 72वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (सीसीई), न्यायिक सेवा, एपीओ, तकनीकी और प्रशासनिक पदों सहित 50 से अधिक भर्तियों की संभावित तिथियां दी गई हैं। इस कैलेंडर में विशेष शिक्षक, सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी जैसी भर्तियों का भी जिक्र है, लेकिन टीआरई-4 पूरी तरह नदारद है।

## जोधपुर दौरे पर पहुंची थाईलैंड की राजकुमारी....रातोंरात हो गया शहर का कायाकल्प

जोधपुर (एजेंसी)। थाईलैंड की राजकुमारी सिरीवनावरी नरीरत्ना राजकन्या राजस्थान के जोधपुर दौरे पर है। रविवार को जोधपुर के एयरपोर्ट स्टेशन से राजकन्या उम्मेद भवन पैलेस पहुंची यहां से रात को घंटाघर और भीतरी शहर के हवेली में पहुंची। जहां पर उन्होंने डिनर किया। सोमवार को उनका जोधपुर के मेहरानगढ़ किला जसवंत थड़ा सहित अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर जाने का कार्यक्रम है। थाईलैंड की राजकुमारी के स्वागत में जोधपुर पुलिस भी पूरी तरह से अलर्ट पर है। उनके जोधपुर दौरे को देखकर पुलिस ने भारी सुरक्षा और यातायात के बंदोबस्त किए गए हैं। वीवीआईपी मूवमेंट को लेकर शहर में कई जगहों पर यातायात रोक दिया गया। इसके चलते लोग जाम में भी फंसे नजर आए। जहां जोधपुर के घंटाघर बाजार में भी आम दिनों में जहां अतिक्रमण और ठेलों की भीड़भाड़ रहती है। वह भी राजकुमारी के दौरे के कारण साफ सुथरा नजर आया। इस लेकर भी शहर के लोगों ने सवाल उठाए। लोगों का कहना है कि जब एक दिन में पूरी तरह से व्यवस्था बदल सकती है, तब बाकी दिनों में घंटाघर का बाजार अतिक्रमण, जाम और पार्किंग की वजह से क्यों बदहाल नजर आता है।

## सोनम वांगचुक की हिरासत से जुड़े मामले में सुनवाई टली.... अब बुधवार को फैसला

नई दिल्ली (एजेंसी)। सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक की हिरासत से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई है। अब इस मामले पर अगली सुनवाई बुधवार को होगी। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) केएम नटराज ने मामले की सुनवाई एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का अनुरोध किया। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने लंबी अवधि के स्थगन की मांग स्वीकार नहीं कर मामले को बुधवार के लिए सूचीबद्ध किया। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल से सवाल किया कि इस मामले में अब तक क्या प्रगति हुई है। दरअसल, पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने वांगचुक की स्वास्थ्य स्थिति को देखकर उनकी हिरासत पर पुनर्विचार करने का सुझाव दिया था और केंद्र सरकार से इस संबंध में उचित निर्णय लेने को कह दिया था। केंद्र सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि वांगचुक को हिरासत के दौरान बेहतर चिकित्सा सुविधा और इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। केंद्र सरकार ने अदालत को आश्वासन दिया कि उनकी सेहत का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। गौरतलब है कि लद्दाख में 24 सितंबर को हुई हिंसा में चार लोगों की जान गई थी। यह हिंसा लेह में लद्दाख को छठी अनुसूची का दर्जा और राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई। करीब 90 लोग हिंसा के दौरान घायल हुए थे। बाद में, 26 सितंबर को सोनम वांगचुक को लद्दाख में हिंसक विरोध प्रदर्शन भड़काने के आरोप में हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें राजस्थान की जोधपुर सेंट्रल जेल में भेजा गया। इसके अलावा, प्रशासन ने चार लोगों की मौत के मामले में मजिस्ट्रेट जांच का आदेश दिया है।

# क्या रूस छोड़कर अमेरिका से तेल खरीदेगा भारत, मंत्री पीयूष गोयल ने स्थिती स्पष्ट कर दी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते पर देश का दृष्टिकोण स्पष्ट किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अमेरिका से कच्चे तेल, एलएनजी और एलपीजी की खरीद भारत के रणनीतिक हितों के अनुकूल है, क्योंकि इससे भारत को अपने ऊर्जा संसाधनों में विविधता लाने का अवसर मिलता है। गोयल के अनुसार, व्यापार समझौते का मुख्य उद्देश्य दो देशों के बीच कारोबार के रास्ते को सुगम बनाना और प्रतिस्पर्धियों की तुलना में भारतीय उत्पादों को विशेष पहुंच प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 18 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क होने के बावजूद, यह समझौता भारत को अन्य विकासशील देशों के मुकाबले बढ़त दिलाता है, जो वैश्विक बाजार में भारत के प्रमुख प्रतिस्पर्धी हैं।

भारत की भविष्य की ऊर्जा और तकनीकी जरूरतों पर चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने एक बड़ा लक्ष्य सामने रखा। उन्होंने कहा कि भारत को अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं और सेवाओं को खरीदने में कोई कठिनाई नहीं होगी। उन्होंने इस आंकड़े को काफी रूढ़िवादी बताया और कहा कि 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखने वाले देश के लिए यह राशि बहुत कम है। गोयल ने स्पष्ट किया कि अकेले विमानन क्षेत्र के लिए ही भारत को कम से कम 100 अरब डॉलर से अधिक की आवश्यकता है। इसके अलावा, भारत वर्तमान में अन्य देशों से जो 300 अरब डॉलर का सामान आयात कर रहा है, उसे आसानी से अमेरिकी बाजार की ओर मोड़ा जा सकता है, जिससे द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को और मजबूती मिलेगी।

रणनीतिक पहलुओं पर बात करते हुए पीयूष गोयल ने स्पष्ट किया कि व्यापार समझौता यह तय नहीं करता कि कौन खरीदार किससे और क्या खरीदेगा। तेल या अन्य संसाधनों की खरीद के फैसले मुख्य रूप से घरेलू खरीदारों द्वारा ही लिए जाते हैं। जब उनसे रूसी तेल की खरीद और उस पर अमेरिका के साथ हुई डील के संभावित प्रभाव के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने बहुत ही नपे-तुले अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह मामला उनके मंत्रालय के दायरे में नहीं आता और भू-राजनीतिक मुद्दों पर विदेश मंत्रालय ही बेहतर जानकारी दे सकता है। उन्होंने यह संकेत दिया कि विभिन्न मंत्रालय अपने निर्धारित क्षेत्रों में काम करते हैं और व्यापारिक समझौतों का प्राथमिक उद्देश्य आर्थिक लाभ और बाजार तक पहुंच सुनिश्चित करना होता है। दोनों देशों द्वारा जारी संयुक्त बयान के अनुसार, भारत ने अगले पांच वर्षों में अमेरिकी ऊर्जा उत्पादों, विमानों के पुर्जे, कीमती धातुओं, प्रौद्योगिकी उत्पादों और कोकिंग कोयले की खरीद में गहरी रुचि दिखाई है। यह समझौता न केवल दोनों देशों के बीच व्यापारिक घाटे को कम करने में मदद करेगा, बल्कि भारत की रक्षा और ऊर्जा सुरक्षा को भी सुदृढ़ करेगा। पीयूष गोयल के बयानों से यह साफ है कि भारत अपनी संप्रभुता और रणनीतिक स्वायत्तता को बनाए रखते हुए अमेरिका के साथ एक मजबूत और दीर्घकालिक आर्थिक साझेदारी की दिशा में कदम बढ़ा रहा है।

## कोविड वैक्सीन को लेकर फैलाई गई भ्रांतियां सिरे से खारिज

नई दिल्ली (एजेंसी)। कोविड वैक्सीन और महिलाओं की फर्टिलिटी के बीच किसी भी तरह के नकारात्मक प्रभाव का कोई प्रमाण नहीं है। लगभग 60,000 महिलाओं पर किए गए एक बड़े वैज्ञानिक अध्ययन ने कोविड-19 वैक्सीनेशन को लेकर फैलाई गई भ्रांतियों को सिरे से खारिज कर दिया है। कोविड-19 वैक्सीनेशन को लेकर शुरुआत से ही कई तरह की भ्रांतियां फैलाई जाती रही हैं—खासकर सोशल मीडिया पर यह मिथक बार-बार दोहराया गया कि कोरोना वैक्सीन महिलाओं की प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकती है या गर्भधारण की संभावना कम कर देती है। महामारी के बाद के वर्षों में कुछ देशों, विशेषकर स्वीडन में, जन्म दर में गिरावट दर्ज की गई थी। इससे यह आशंका उभरी कि कहीं यह कमी वैक्सीनेशन की वजह से तो नहीं हुई। इसी सवाल का जवाब खोजने के लिए स्वीडन की लिंकोपिंग यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने विस्तृत अध्ययन किया। सोशल मेडिसिन के प्रोफेसर टॉमस टिम्पका के नेतृत्व में हुए इस शोध में स्पष्ट कहा गया कि कोविड-19 के खिलाफ एमआरएनए वैक्सीन का जन्म दर में आई कमी से कोई लेना-देना नहीं है। टिम्पका के शब्दों में, 'हमारा निष्कर्ष यही है कि वैक्सीनेशन और जन्म दर में गिरावट के बीच संबंध होने की संभावना बेहद कम है।' इस अध्ययन में वैक्सीनेटेड और नॉन-वैकसीनेटेड महिलाओं के बीच बच्चों के जन्म और गर्भपात के मामलों में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं मिला। वैज्ञानिकों ने 18 से 45 वर्ष की लगभग 60,000 महिलाओं के हेल्थ रिकॉर्ड का गहन विश्लेषण किया। इनमें से 75 प्रतिशत महिलाओं को 2021 से 2024 के बीच एक या दो बार कोविड वैक्सीन लगाई गई थी। शोध में जन्म, गर्भपात, टीकाकरण और मौतों से जुड़े सभी आंकड़ों को शामिल किया गया। अध्ययन की सबसे अहम बात यह है कि इसमें सामान्य गर्भाधान और गर्भावस्था पर प्रभाव की जांच की गई, जबकि पहले की अधिकांश स्टडीज सिर्फ इनफर्टिलिटी ट्रीटमेंट करा रहे जोड़ों पर केंद्रित थीं। उम्र, पूर्व बीमारियां और अन्य कारक जो गर्भधारण को प्रभावित कर सकते हैं, उन्हें भी विश्लेषण में शामिल किया गया। पिछले कई अध्ययनों की तरह इस रिसर्च में भी यह तथ्य दोहराया गया कि कोविड संक्रमण गर्भवती महिलाओं के लिए अधिक खतरनाक साबित हो सकता है, जबकि वैक्सीनेशन इस जोखिम को काफी हद तक कम कर देता है।

## महिला बोली सॉरी! गलती से मैसेज पहुंच गया, व्यक्ति ने शुरु की चैटिंग, गवां दिए 70 लाख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साइबर ठगों ने एक विक्टिम के बैंक खाते से 70 लाख रुपए उड़ा दिए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बेंगलुरु स्थित प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले 50 साल के एक व्यक्ति के पास टेलीग्राम पर एक महिला का मैसेज आया। महिला ने अपना नाम प्रिया बताया, इसके बाद उसने कहा कि वह किसी राहुल नाम के व्यक्ति को मैसेज कर रही थीं और गलती से विक्टिम से पास पहुंच गया। महिला ने सॉरी कहकर मैसेज इग्नोर करने को कहा। इसके बाद विक्टिम ने चैटिंग जारी रखी। फिर दोनों के बीच वॉट्सऐप नंबर शेयर किए गए। फिर महिला ने कहा कि वह लंदन बेस्ड कंपनी में काम करती है और अपने परिवार का बिजनेस चलाती है। लंबी चैटिंग के बाद महिला ने विक्टिम का भरोसा जीत लिया।

रिपोर्ट के मुताबिक महिला ने बिटकॉइन ट्रेडिंग पर चर्चा शुरू कर दी। महिला ने बताया कि बीते पांच साल में उन्होंने बिटकॉइन ट्रेडिंग से मोटी कमाई की है। इसके बाद महिला ने विक्टिम को इनवेस्टमेंट के लिए राजी कर लिया और इंस्टैंट प्रोफिट का भी वादा किया। इसके बाद विक्टिम को एक लिंक शेयर किया। विक्टिम ने जब लिंक पर क्लिक किया तो वह उसको एक ऐसे प्लेटफॉर्म पर लेकर गया, जो देखने में ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म जैसा था। इसके बाद शख्स ने वहां अकाउंट क्रिएट किया और 9 दिसंबर को पहला इनवेस्टमेंट किया। इस इनवेस्टमेंट का अमाउंट 50 हजार रुपए था। विक्टिम ने कुछ समय इंतजार किया और उनको डैशबोर्ड पर प्रोफिट नजर आने आया। इसके बाद विक्टिम ने 8 अलग-अलग बैंक अकाउंट में 60 लाख रुपए ट्रांसपर कर दिए। इसके बाद व्यक्ति ने बैंक से लोन तक लिया और रुपये लगा दिए। विक्टिम को प्रोफिट के रूप में 2.6 करोड़ रुपये नजर आने लगे। साइबर ठगी का खुलासा तब हुआ, जब विक्टिम ने अपने प्रोफिट के रुपए निकालने की कोशिश की। इसके बाद विक्टिम के प्रयास असफल रहे।

# औवेसी ने सीएम सरमा के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग की... वीडियो को लेकर विवाद



**हैदराबाद (एजेंसी)।** एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग कर हैदराबाद के पुलिस कमिश्नर को औपचारिक शिकायत दी। औवेसी ने यह शिकायत एक कथित विवादित और अब डिलीट हो चुके वीडियो को लेकर की गई है, जिसमें सीएम सरमा को मुसलमानों पर गोली चलाते हुए दिख रहे है। पुलिस कमिश्नर को लिखे पत्र में ओवैसी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सरमा पिछले कई वर्षों से सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, सार्वजनिक भाषणों और अन्य मंचों के माध्यम से मुस्लिम समुदाय के खिलाफ बयान दे रहे हैं, जिसमें से कई बयान अब भी सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध हैं।

हाल के महीनों में मुख्यमंत्री सरमा ने जानबूझकर अपने नफरत भरे भाषणों को और तेज किया है, जिसका साफ और सचेत इरादा मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना और हिंदुओं और मुसलमानों के बीच दुश्मनी और नफरत को बढ़ाना है। ओवैसी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने शाहीन अब्दुल्ला बनाम यूनियन ऑफ इंडिया और अन्य के मामले में साफ तौर पर कहा है कि मौलिक अधिकारों की रक्षा करना, संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखना और राष्ट्र के धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक चरित्र, विशेष रूप से कानून के शासन की रक्षा करना राज्य और कानून लागू करने वाली एजेंसियों का संवैधानिक कर्तव्य है। सुप्रीम कोर्ट ने आगे निर्देश दिया कि पुलिस को औपचारिक शिकायत के अभाव में भी नफरत भरे भाषणों के मामलों में स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं यह बताना चाहता हूं कि असम भारतीय जनता पार्टी के आधिकारिक एक्स अकाउंट द्वारा 7 फरवरी को पोस्ट किया गया हालिया वीडियो, जिस वीडियो को एक दिन बाद हटा दिया गया था लेकिन अभी भी सोशल मीडिया पर उपलब्ध है, उसमें सरमा को हथियार से लैस दिखाया गया है और वे उन लोगों को निशाना बना रहे हैं जिन्हें साफ तौर पर मुसलमान दिखाया गया है और उन्हें गोली मार रहे हैं। उक्त पोस्ट और वीडियो, उसमें इस्तेमाल की गई तस्वीरों और पॉइंट ब्लैंक शॉट और कोई दया नहीं जैसे बयानों के साथ, मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, धार्मिक समुदायों के बीच नफरत और दुर्भावना को बढ़ावा देने और सांप्रदायिक हिंसा भड़काने के इरादे से किया गया एक जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कार्य है।

# हिमालया का लिव 52 नकली बनाकर बेचने वाले गिरोह का पर्दाफास, 5 गिरफ्तार




**गाजियाबाद (एजेंसी)।** मुरादनगर पुलिस ने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह गिरोह एक प्रतिष्ठित आयुर्वेदिक कंपनी के नाम का दुरुपयोग कर लीवर की प्रसिद्ध दवा लिव-52 की नकली टैबलेट बनाकर बाजार में बेच रहा था। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान गिरोह के सरगना मयंक अग्रवाल सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से लगभग 50 हजार नकली टैबलेट, डेढ़ हजार खाली सफेद डिब्बियां, भारी मात्रा में रैपर और अन्य पैकेजिंग सामग्री बरामद की गई है। इस सफलता पर पुलिस टीम को 20 हजार रुपये के इनाम की घोषणा भी की गई है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोदीनगर निवासी सरगना मयंक अग्रवाल, दिल्ली निवासी अनूप गर्ग, नंदग्राम के तुषार ठाकुर व आकाश ठाकुर और निवाड़ी के नितिन त्यागी के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी नितिन त्यागी 2023 में नगर पंचायत अध्यक्ष पद का निर्दलीय चुनाव भी लड़ चुका है, जबकि तुषार ठाकुर गाजियाबाद के एक मेडिकल कॉलेज में पैरामेडिकल द्वितीय वर्ष का छात्र है। तुषार को दवाओं की तकनीकी जानकारी थी, जिसका उपयोग वह सप्लाई और कूरियर नेटवर्क संभालने में करता था।इस अवैध धंधे का खुलासा तब हुआ जब संबंधित नामी कंपनी के प्रतिनिधियों को अलीगढ़ के बाजार में नकली दवाएं बेचे जाने की गुप्त सूचना मिली। जांच करने पर पता चला कि इन दवाओं की खेप मुरादनगर से कूरियर के जरिए भेजी गई थी। पुलिस ने कूरियर कंपनी से मिले सुरागों के आधार पर एनपी ट्रेडिंग नामक एक फर्म का पता लगाया, जिसे फर्जी तरीके से पंजीकृत कराया गया था। 3 जनवरी 2026 को इस संबंध में औपचारिक मामला दर्ज किया गया, जिसके बाद पुलिस ने साक्ष्य जुटाते हुए आरोपियों को दबोच लिया।

अभी भी गिरोह के छह अन्य सदस्य फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। पूछताछ के दौरान गिरोह के काम करने के संगठित तरीके का खुलासा हुआ। आरोपियों ने महज चार महीने पहले ही यह काम शुरू किया था। वे मेरठ से सफेद डिब्बियां और ढक्कन बनवाते थे, जबकि खैरनगर में प्रिंटिंग प्रेस के जरिए हूबहू दिखने वाले रैपर तैयार कराए जाते थे। नकली टैबलेट्स का निर्माण सोनीपत स्थित एक प्रयोगशाला में कराया जा रहा था। इन सभी सामानों को एकत्र करने के बाद मुरादनगर में इनकी पैकिंग की जाती थी। गिरोह ने जीएसटी की फर्जी बिलिंग के लिए भी अलग से इंतजाम कर रखे थे ताकि किसी को शक न हो। यह गिरोह अब तक उत्तर प्रदेश के कई जिलों जैसे अलीगढ़, मथुरा, बिजनौर, आगरा, मेरठ और शामली में 50 हजार से अधिक नकली गोलियां खपा चुका है। वे मेडिकल स्टोर संचालकों को असली दवा के बाजार भाव से 20 प्रतिशत कम कीमत पर यह माल उपलब्ध कराते थे। पुलिस अब उन मेडिकल स्टोर संचालकों की भी भूमिका की जांच कर रही है जिन्होंने कम मुनाफे के चक्कर में इन नकली दवाओं को खरीदा। डीसीपी देहात ने बताया कि बरामद दवाओं के सैंपल लैब में जांच के लिए भेज दिए गए हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि इन नकली दवाओं में किन हानिकारक तत्वों का उपयोग किया गया था। यह मामला न केवल कॉपीराइट का उल्लंघन है, बल्कि आम जनता के जीवन के साथ किया गया एक गंभीर अपराध भी है।

# इस वैलेंटाइन डे, सोनी सब के कलाकार बताएंगे उनके लिए प्यार का क्या मतलब है



**मुंबई (एजेंसी)।** वैलेंटाइन डे को अक्सर रोमांस के उत्सव के रूप में देखा जाता है, लेकिन प्यार कई सरल और स्थायी रूपों में मौजूद होता है। यह रोजमर्रा के पलों में, सार्थक रिश्तों में और उन शांत भावनाओं में मिलता है जो जीवन में सुकून, संतुलन और गर्माहट लाती हैं। बाहर व्यक्त होने से बहुत पहले, प्यार छोटे-छोटे तरीकों से महसूस किया जाता है जो दिल के करीब रहते हैं। इस वैलेंटाइन डे पर, सोनी सब के कलाकार सुम्बुल तौकीर खान, नितिन बाबू, अक्षया हिंदालकर, ऋषि सक्सेना और दीक्षा जोशी अपने विचार साझा कर रहे हैं, हमें याद दिलाते हुए कि प्यार अक्सर उन सरल अनुभवों और पलों में मिलता है जो वास्तव में मायने रखते हैं।इत्ती सी खुशी में अन्विता की भूमिका निभा रहीं सुम्बुल तौकीर खान ने साझा किया, मेरे लिए वैलेंटाइन डे बड़े-बड़े इशारों या सिर्फ रोमांटिक प्यार के बारे में नहीं है, बल्कि यह भावनात्मक ईमानदारी और सचमुच समझे जाने की भावना के बारे में है। प्यार उन लोगों में मिलता है जो आपके सबसे कठिन समय में आपके साथ खड़े रहते हैं, जो आपकी छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाते हैं और जो आपको बिल्कुल वैसे ही स्वीकार करते हैं जैसे आप हैं। मैंने सीखा है कि प्यार की शुरूआत खुद के प्रति दयालु होने और अपनी यात्रा को महत्व देने से होती है। जब आप ऐसा करते हैं, तो हर रिश्ता—चाहे परिवार, दोस्त या साथी के साथ हो—और भी सार्थक बन जाता है। इस वैलेंटाइन डे पर, मैं अपने चारों ओर मौजूद हर रूप के प्यार के लिए आभार चुन रही हूँ। पुष्पा इम्पॉसिबल में चिराग पटेल का किरदार निभाने वाले नितिन बाबू ने साझा किया प्यार हमेशा नाटकीय या परफेक्ट तस्वीर जैसा नहीं होना चाहिए। कभी-कभी यह उतना ही सरल होता है जितना किसी के लिए मौजूद रहना, बिना किसी निर्णय के सुनना और उतार-चढ़ाव में एक-दूसरे का साथ देना। मैं मानता हूँ कि वैलेंटाइन डे उन लोगों के प्रति आभार व्यक्त करने की एक खूबसूरत याद दिलाता है जो आपके जीवन को बेहतर बनाते हैं, चाहे वह सबसे छोटे तरीकों से ही क्यों न हो। चाहे परिवार हो, दोस्त हों या कोई खास व्यक्ति, प्यार निरंतरता, विश्वास और सच्ची देखभाल के बारे में है। मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूँ कि मेरे आसपास ऐसे लोग हैं जो मुझे जमीन से जुड़े रखते हैं और मुझे याद दिलाते हैं कि असली प्यार कैसा दिखता है। इत्ती सी खुशी में संजय का रोल निभा रहे ऋषि सक्सेना ने साझा किया मेरे लिए प्यार सबसे शक्तिशाली भावनाओं में से एक है।

# भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता : गुजरात के उद्योगों के लिए विकास का नया द्वार

**– टैरिफ में बड़ी कटौती से टेक्सटाइल, हीरा, फार्मा, केमिकल और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर को मिलेगा अभूतपूर्व लाभ**

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौता किया गया है, जो देश की अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह समझौता विशेष रूप से गुजरात के उद्योगों के लिए विकास की नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के तहत अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर लगाए गए कड़े टैरिफ को लगभग 50 प्रतिशत से घटाकर करीब 18 प्रतिशत कर दिया है। इससे अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पादों की कीमतें अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगी और उनकी मांग में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी के मार्गदर्शन में गुजरात आज भारत का सबसे बड़ा निर्यातक राज्य बन चुका है। राज्य में टेक्सटाइल, फार्मास्युटिकल्स, केमिकल्स, पेट्रोकेमिकल्स, जेम्स एंड ज्वेलरी, इंजीनियरिंग गुड्स और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में मजबूत औद्योगिक आधार मौजूद है। इस व्यापार समझौते से इन सभी क्षेत्रों को नया प्रोत्साहन मिलेगा। इस समझौते का सबसे अधिक लाभ टेक्सटाइल और कपड़ा उद्योग को मिलने की संभावना है। टैरिफ में कमी के चलते गुजरात के गारमेंट और होम टेक्सटाइल उत्पाद अन्य देशों की तुलना में अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे। इसके परिणामस्वरूप मध्यम अवधि में टेक्सटाइल निर्यात में 100 से 150 प्रतिशत तक की वृद्धि होने की प्रबल संभावना है। इससे राज्य के प्रमुख टेक्सटाइल क्लस्टरों में उत्पादन बढ़ेगा, अमेरिका से नए ऑर्डर प्राप्त होंगे और उद्योग की लाभप्रदता में भी वृद्धि होगी।

यह समझौता विशेष रूप से सूरत के लिए नई उम्मीद लेकर आया है। दुनिया के सबसे बड़े डायमंड पॉलिशिंग हब के रूप में पहचाने जाने वाले सूरत के हीरा उद्योग को इस निर्णय से बड़ा फायदा होगा। टैरिफ में कटौती से उद्योग का मार्जिन सुधरेगा और मांग में पुनः तेजी आएगी। साथ ही, पहले उच्च टैरिफ के कारण हुए नुकसान की भरपाई होगी और अमेरिकी बाजार में हीरा उद्योग की पकड़ फिर से मजबूत होगी।

इसके अलावा, भरूच, वापी और अहमदाबाद स्थित केमिकल और फार्मा क्लस्टरों को भी इस व्यापार समझौते से बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। पहले इन क्षेत्रों के निर्यात में लगभग 25-30 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी, अब इसमें सुधार आएगा और उद्योगों को नई गति मिलेगी। कई फार्मास्युटिकल उत्पादों को शून्य या कम शुल्क का लाभ मिलने से अमेरिका जैसे रेगुलेटेड मार्केट में गुजरात की स्थिति और मजबूत होगी।

रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र में, विशेष रूप से सोलर मैन्युफैक्चरिंग को इस समझौते से नया प्रोत्साहन मिलेगा। सोलर पैनल और उनके कंपोनेंट्स का उत्पादन बढ़ेगा और अमेरिका को इनका निर्यात अब व्यावसायिक रूप से अधिक लाभकारी होगा। इससे वैश्विक सप्लाई चेन में गुजरात की भूमिका और सशक्त बनेगी।

इसके साथ ही, ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े हस्तशिल्प और पारंपरिक कारीगरों द्वारा बनाए गए उत्पादों को भी अमेरिकी बाजार में आसान प्रवेश मिलने से बड़ा लाभ होगा। निर्यात और औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि का सीधा सकारात्मक प्रभाव राज्य की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। एमएसएमई इकाइयों, फैक्ट्रियों, लॉजिस्टिक्स और सहायक सेवाओं में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

निर्यात से जुड़े एमएसएमई सशक्त होंगे, जिससे उद्यमियों और श्रमिकों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और आर्थिक स्थिति और मजबूत बनेगी। कुल मिलाकर, भारत-अमेरिका व्यापार समझौता गुजरात के



औद्योगिक विकास के लिए एक 'बूस्टर डोज़' के समान सिद्ध होगा। टैरिफ में कटौती और व्यापारिक सुगमता से औद्योगिक उत्पादन बढ़ेगा, एमएसएमई को गति मिलेगी और गुजरात वैश्विक मूल्य श्रृंखला—विशेष रूप से उच्च मूल्य वाले अमेरिकी बाजार—में एक अग्रणी राज्य के रूप में उभरेगा।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**